संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, बुधवार 11 जून 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 19 अंक: 159 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## ड्यूटी पर जा रहे बीएसएफ के 1200 जवानों को मिली जर्जर ट्रेन



**जम्मू:** 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान सीमा सुरक्षा बल 'बीएसएफ' के जवानों की वीरता को खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी माना है। बीएसएफ जवानों ने सेना के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम किया था। अमित शाह ने जम्मू में बीएसएफ जवानों की पीठ थपथपाते हुए कहा था कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान जब पाकिस्तान ने हमारे नागरिक रियाहशी इलाकों पर हमला किया, तब अकेले बीएसएफ के जम्मू फ्रंटियर ने 118 से ज्यादा पाकिस्तान की पोस्ट तबाह कर दी। उन्हें भारी नुकसान पहुंचाया गया। दुश्मन की संपूर्ण निगरानी प्रणाली को चुन-चुन कर ध्वस्त किया गया। शाह ने कहा, उसे खड़ा करने में दुश्मन को शायद चार-पांच साल का समय लगे। अब उसी बीएसएफ के जवानों को भारतीय रेलवे ने एक ऐसी ट्रेन मुहैया करा दी कि उसकी जर्जर हालत देखकर जवानों ने उसमें चढ़ने से इनकार कर दिया।

## आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में वैश्विक सहयोग जरूरी: नित्यानंद राय

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने मंगलवार को आतंकवाद को वैश्विक समस्या बताते हुए कहा कि आतंकवाद न केवल एक देश की बल्कि पूरी मानवता की साझा चिंता है। उन्होंने आतंकवाद को पूरी तरह हराने के लिए केवल सैन्य कार्रवाई को नाकाफी बताते हुए वैश्विक सहयोग की जरूरत पर बल दिया। राय ने दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में 23वीं राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र



को संबोधित करते हुए कहा कि आतंकवाद आज वैश्विक शांति, उन्नति और मानवाधिकारों पर मंडराने वाला सबसे बड़ा खतरा है। आतंकवाद किसी भी देश की भौगोलिक सीमा तक सीमित रहने वाला नहीं है। आतंकवाद सिर्फ आतंकवाद है, चाहे वह किसी भी देश में हो। राय ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में वैश्विक सहयोग की आवश्यकता है। देशों को एक साथ आना चाहिए, खुफिया जानकारी साझा करनी चाहिए और आतंकवादियों के नेटवर्क को प्रभावी ढंग से खत्म करने के लिए उनके इरादों और तंत्र को उजागर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत एक जिम्मेदार लोकतांत्रिक राष्ट्र के रूप में आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक प्रयासों में पूर्ण सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है। हम शांति प्रिय और सद् समाज के निर्माण के लिए संकल्पित हैं। आतंकवाद के खिलाफ केन्द्र सरकार के सख्त रूख का उल्लेख करते हुए राय ने कहा कि मोदी सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई में किसी भी प्रकार की राजनीतिक इच्छा शक्ति या संसाधनों में कोई कमी नहीं आने दी है। राय ने कहा कि एनएसजी भारत की सुरक्षा का एक मजबूत स्तंभ है। एनएसजी ने देश को एक बार नहीं बल्कि बार-बार गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि एनएसजी की भूमिका पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है, खासकर जब सुरक्षा चुनौतियों का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। आज का युद्ध केवल सीमाओं पर नहीं बल्कि साइबर स्पैस, सूचना क्षेत्र और शहरों के भीतर भी लड़ा जा रहा है।

**राय ने कहा ...**
आतंकवाद किसी भी देश की भौगोलिक सीमा तक सीमित रहने वाला नहीं है।

### फास्ट न्यूज

## गोवा मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने वापस लिया आंदोलन

**पणजी:** गोवा मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (जीएमसीएच) के डॉक्टरों ने मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत के हस्तक्षेप के बाद राज्य के स्वास्थ्य मंत्री विश्वजीत राणे के खिलाफ मंगलवार को प्रदर्शन वापस ले लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री सुबह सरकारी अस्पताल (जीएमसीएच) गए और प्रदर्शनकारी डॉक्टरों को आश्वासन दिया कि उनकी मांगें पूरी की जाएंगी। राणे ने जीएमसीएच के औचक निरीक्षण के दौरान कथित रूप से मरीजों के साथ बदसलूकी करने को लेकर अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ रुद्रेश कुट्टिकर को फटकार लगाई थी और उनके निलंबन का आदेश दिया था। इसके बाद से वह मेडिकल बिरदारी की नाराजगी का सामना कर रहे हैं। मुख्यमंत्री सावंत ने रविवार को विवादास्पद निर्णय को रद्द कर स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश की। मंत्री राणे ने सोमवार को सोशल मीडिया के माध्यम से डॉक्टर से माफी मांगी। हालांकि, प्रदर्शनकारी इससे खुश नहीं थे और उन्होंने मांग की थी कि मंत्री डॉ कुट्टिकर से व्यक्तिगत रूप से माफी मांगें।

## मिजोरम की राजधानी आइजोल राष्ट्रीय रेलवे नेटवर्क से जुड़ा

**गुवाहाटी।** मिजोरम अब पूरी तरह से राष्ट्रीय रेलवे नेटवर्क में एकीकृत हो गया है। हरतकी से साईरंग तक नवनिर्मित ब्रॉड गेज लाइन के सफल कमीशनिंग और रेल संरक्षा आयुक्त के प्राधिकरण के साथ मिजोरम के बुनियादी ढांचे के इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण दर्ज हो गया। उसके बाद डीजल इंजन की सहायता से विशेष निरीक्षण का उपयोग कर गति परीक्षण किया गया। यह माइलस्टोन 51.38 किलोमीटर की भैरबी-साईरंग नई लाइन रेलवे परियोजना को पूरा करता है, जिससे पहली बार राज्य की राजधानी आइजोल को सीधी रेल कनेक्टिविटी मिली है। हरतकी से साईरंग तक के अंतिम 33.864 किलोमीटर भाग का 6 से 10 जून के बीच पूर्वोत्तर सीमांत परिमंडल के रेल संरक्षा आयुक्त सुमीत सिंघल द्वारा निरीक्षण किया गया। पूर्वोत्तर सीमा रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कपिंजल किशोर शर्मा ने मंगलवार को बताया कि इससे पहले, भैरबी से हरतकी सेक्शन पहले ही चालू हो चुका है।

### इतिहास में पहली बार लगातार दो लोकसभा कार्यकाल से पद खाली...

# खरगे का पीएम मोदी को पत्र, लोस उपाध्यक्ष के चयन की मांग

**नई दिल्ली:** कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर जल्द से जल्द लोकसभा उपाध्यक्ष के चयन कराने की मांग की है। उन्होंने लिखा कि यह पद लगातार दो लोकसभा कार्यकाल से रिक्त पड़ा है, जो संसदीय परंपराओं और लोकतांत्रिक व्यवस्था के विपरीत है। खरगे ने पत्र में उल्लेख किया कि 17वीं और अब 18वीं लोकसभा में उपाध्यक्ष का पद नहीं भरा गया, जबकि इससे पहले सभी लोकसभा में यह पद हमेशा बना रहा। उन्होंने बताया कि उपाध्यक्ष का पद परंपरागत रूप से विपक्ष के सबसे बड़े दल को दिया जाता रहा है। खरगे ने कहा, पहली से सोलहवीं लोकसभा तक, हर सदन में एक उपाध्यक्ष होता रहा है। मोटे तौर पर, मुख्य विपक्षी दल के सदस्यों में से उपाध्यक्ष की नियुक्ति एक सुस्थापित परंपरा रही है। हालाँकि, स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार, यह पद लगातार दो लोकसभा कार्यकालों के लिए रिक्त रहा है। सत्रहवीं लोकसभा के दौरान कोई उपाध्यक्ष नहीं चुना गया था और यह चिंताजनक मिसाल मौजूदा अठारहवीं लोकसभा में भी जारी है। उन्होंने संविधान के अनुच्छेद 93 का हवाला देते हुए कहा कि लोकसभा को एक अध्यक्ष और एक उपाध्यक्ष चुनना होता है।



यह प्रक्रिया आमतौर पर दूसरे या तीसरे सत्र में पूरी कर ली जाती है। खड़गे ने कहा कि उपाध्यक्ष संसद के भीतर अध्यक्ष के बाद दूसरा सबसे महत्वपूर्ण पद होता है और उसकी उपस्थिति आवश्यक है। खड़गे ने प्रधानमंत्री से अनुरोध किया कि इस महत्वपूर्ण पद को जल्द भरा जाए, ताकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सशक्त किया जा सके और सदन की गरिमा बनी रहे।

## मोदी राज में असमानता का स्तर ब्रिटिश राज से भी आगे निकल गया'

**नई दिल्ली:** कांग्रेस ने मंगलवार को दावा किया कि 'मोदी राज' में भारत में असमानता का स्तर 'औपनिवेशिक ब्रिटिश राज' से भी आगे निकल गया है, जहां प्रमुख क्षेत्रों में 'एकाधिकार' है और औसत भारतीय के वेतन में 'स्थिरता' है। कांग्रेस महासचिव (संचार प्रभारी) जयराम रमेश ने कैपजेमिनी रिसर्च इंस्टीट्यूट की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए सरकार पर हमला किया, जिसमें दिखाया गया है कि आम आदमी के लिए इस बड़े पैमाने पर निराशा के बीच, भारत में 2024 में 33,000 से अधिक नए 'खास आदमी' करोड़पति जुड़ेंगे। सोशल मीडिया एक्स पर एक



पोस्ट में कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने एनडीए सरकार के 11 साल के रिकॉर्ड गिनवाएं हैं। उन्होंने लिखा- पिछले ग्यारह वर्षों में आर्थिक असमानता को और अधिक बढ़ाने के मामले में मोदी सरकार का रिकॉर्ड है। मोदी राज में भारत में असमानता का स्तर ब्रिटिश उपनिवेश काल से भी आगे चला गया है।

## घुसपैठियों को बसा रही टीएमसी: भूपेंद्र यादव

**कोलकाता :** केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस पर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी सीमा पार से आने वाले घुसपैठियों को राज्य में बसाने में मदद कर रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि 2011 में ममता बनर्जी के मुख्यमंत्री बनने के बाद महिलाओं पर हमलों की घटनाएं बढ़ गई हैं। केंद्रीय मंत्री ने मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर कोलकाता में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने कहा कि बंगाल सरकार विदेशी नागरिकों की पहचान करने और उन्हें निर्वासित करने में केंद्रीय बलों की मदद नहीं कर रही है।

## मोदी राज में अमीरों की संख्या भी रिकॉर्ड बढ़ोतरी: रमेश

**नई दिल्ली:** प्रमुख क्षेत्रों में एकाधिकार के चलते आम लोगों के लिए महंगाई में जबरदस्त वृद्धि हुई है। औसत भारतीय की आय-चाहे वह ग्रामीण कृषि मजदूर हो या शहरी वेतनभोगी मध्यम वर्ग -पिछले दस वर्षों से लगभग स्थिर बनी हुई है। सीधे शब्दों में कहें तो मोदी राज में अमीरों की संख्या भी रिकॉर्ड स्तर पर बढ़ रही है और उनकी संपत्ति भी हैरान कर देने वाली गति से बढ़ रही है।



उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को दरियागंज स्थित सद्भावना पार्क का उद्घाटन किया।

## ममता ने पहलगाम हमले को लेकर केंद्र पर साधा निशाना

**टीम एक्शन इंडिया**
**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर मंगलवार को केंद्र सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार देश की जनता को सुरक्षा देने में पूरी तरह से नाकाम रही है, इसलिए उसे सत्ता में बने रहने का कोई हक नहीं है। ममता बनर्जी ने इस हमले को केंद्र की 'पूरी तरह की विफलता और लापरवाही' का नतीजा बताया। उन्होंने सवाल उठाया कि जब हमला हुआ, उस समय वहां पर सुरक्षाकर्मी क्यों मौजूद नहीं थे? इस आतंकी हमले में 26 लोगों की जान गई, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल विधानसभा में बोल रही थीं, जहां सशस्त्र बलों की बहादुरी की प्रशंसा करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया गया।

## चुनाव प्रचार के लिए झूठ का सहारा ले रहे हैं राहुल : भूपेंद्र



**टीम एक्शन इंडिया**
**कोलकाता।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर लगाए गए 'मैच फिक्सिंग' के आरोपों पर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने तीखा जवाब दिया है। राहुल गांधी हार स्वीकार करने के बजाय लोकतांत्रिक संस्थाओं को बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं। राहुल गांधी ने हाल ही में अपने एक लेख मैच फिक्सिंग महाराष्ट्र में चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाए थे और मतदाता सूची में गड़बड़ियों की आशंका जताई थी। इसके जवाब में भूपेंद्र यादव ने कोलकाता में मीडिया से बात करते हुए कांग्रेस नेता पर झूठ फैलाने का आरोप लगाया। वह मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति पर सवाल उठा रहे हैं, जबकि वह खुद उस चयन समिति का हिस्सा हैं जो इस प्रक्रिया को तय करती है। पहली बार मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति की प्रक्रिया को औपचारिक रूप से स्थापित किया गया है, जिसमें नेता प्रतिपक्ष की राय को बाकायदा दर्ज किया जाता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मतदाता सूची में बदलाव के दौरान केवल 89 आपत्तियां दर्ज की गईं और उनमें से किसी पर भी अपील नहीं की गई।

## आतंकियों के खिलाफ होगी कार्रवाई, चाहे वे कहीं भी हों: जयशंकर



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने आतंकवाद के प्रति दृष्टिकोण को स्पष्ट करते हुए कहा है कि भारत आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई करेगा, चाहे वे कहीं भी हों। एक फ्रांसिसी समाचार पत्र को दिए साक्षात्कार में उन्होंने कहा, हमें परवाह नहीं है कि वे कहां हैं। अगर वे पाकिस्तान के भीतर हैं, तो हम वहां भी जाएंगे। फ्रांसिसी समाचार पत्र ले फिगारो को दिए साक्षात्कार में जयशंकर ने कहा कि भारत के सैन्य अभियानों की प्रभावशीलता, विशेष रूप से ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पाकिस्तानी हवाई अड्डों पर हुए नुकसान से प्रमाणित होती है।

## कमल हासन और अन्य उम्मीदवारों का निर्विरोध निर्वाचन तय

**टीम एक्शन इंडिया**
**चेन्नई :** अभिनेता-राजनेता कमल हासन और तमिलनाडु में सत्तारूढ़ डीएमके के तीन प्रत्याशियों समेत पांच अन्य का राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित होना तय है। उनके नामांकन मंगलवार को स्वीकार किए जाएंगे। विधानसभा सचिवालय के रिटर्निंग ऑफिसर/अतिरिक्त सचिव के कार्यालय से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि मक्कल नीति मैयम के संस्थापक हासन, डीएमके प्रत्याशियों पी विल्सन, एसआर शिवलिंगम और राजथी व आईएस इनबादुरई और एम धनपाल (दोनों एआईएडीएमके) के नामांकन मंगलवार को जांच के लिए लिए गए।



**पहली बार राज्यसभा के लिए चुने जाएंगे कमल हासन**
राज्य में राज्यसभा चुनाव के लिए सात निर्दलीय उम्मीदवारों के नामांकन खारिज कर दिए गए हैं। वहीं उम्मीदवारों के नामांकन स्वीकार किए जाने के साथ ही अब उनका राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित होना तय है।

**2021 के विस. चुनाव में कमल हासन को मिली थी हार**
कमल हासन को कोयंबटूर दक्षिण में 2021 के विधानसभा चुनावों में हार का सामना करना पड़ा था और वे भाजपा महिला मोर्चा प्रमुख वनथी श्रीनिवासन से हार गए थे। कमल हासन के नेतृत्व वाली एमएनएम को 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले दोनों दलों के बीच बनी सहमति के अनुसार राज्यसभा की एक सीट आवंटित की गई थी।

## सुप्रीम कोर्ट ने वकील संजय राठौर की याचिका खारिज की



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में एक कोर्ट रूम में महिला जज के साथ दुर्व्यवहार के मामले में वकील संजय राठौर को सुप्रीम कोर्ट से भी राहत नहीं मिली है। जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और मनमोहन की पीठ ने दिल्ली हाईकोर्ट के 26 मई के फैसले के खिलाफ दायर की गई वकील राठौर की याचिका को खारिज कर दिया। महिला जज पर मौखिक रूप से हमला करने के मामले में वकील को 18 महीने की जेल की सजा सुनाई गई थी। दिल्ली हाईकोर्ट ने महिला जज को ठेस पहुंचाने के लिए वकील को दी गई सजा को कम करने से इनकार कर दिया था।

### 2014 से पहले देश में था निराशा, भय, भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद का वातावरण, मोदी सरकार ने दिया विकास और विश्वास का मॉडल : सैनी

## मोदी जी के 11 गौरवशाली वर्ष भारत के नव-निर्माण और वैश्विक नेतृत्व का स्वर्णिम युग: सीएम

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ :** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्षों की अभूतपूर्व उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि यह कालखंड भारत के इतिहास में विकास, आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिष्ठा का स्वर्णिम युग बनकर उभरा है। वर्ष 2014 से प्रधानमंत्री ने ह्यसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयासह्व के मंत्र को अपनाते हुए देश को एक नई दिशा दी है। आज भारत वोट बैंक की राजनीति से नहीं, बल्कि दूरदर्शी नेतृत्व से आगे बढ़ रहा है। ये 11



वर्ष केवल एक पड़ाव है, प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हमारा लक्ष्य वर्ष 2047 तक भारत को एक 'विकसित राष्ट्र' बनाना है। यह अमृत काल उस स्वर्णिम काल की नींव रखेगा, जहां भारत ज्ञान, विज्ञान, अध्यात्म और समृद्धि का विश्व गुरु बनेगा। मुख्यमंत्री आज पंचकूला में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 गौरवशाली वर्षों की उपलब्धियों को लेकर पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार, श्री महीपाल ढांडा, श्री विपुल गोयल, डॉ. अरविंद शर्मा, श्री श्याम सिंह राणा, श्री कृष्ण कुमार बेदी, राज्यसभा सांसद श्रीमती रेखा शर्मा, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री मोहन लाल कौशिक, पूर्व मंत्री श्री कंवर पाल और मुख्यमंत्री के मीडिया सचिव श्री प्रवीण आत्रेय सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्ष भारत के नव-निर्माण, आत्म-विश्वास और वैश्विक पटल पर एक सशक्त राष्ट्र के रूप में पुनः स्थापना की एक स्वर्णिम गाथा है। इन 11 वर्षों में, हर भारतीय ने एक ऐसे भारत का उदय देखा है जो अपनी प्राचीन विरासत पर गर्व करता है, वर्तमान की चुनौतियों का डटकर सामना करता है और भविष्य के लिए महत्वाकांक्षी सपने संजोता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले देश में निराशा और अविश्वास का माहौल था। भ्रष्टाचार और अक्षम नेतृत्व ने देश के विकास को अवरुद्ध कर दिया था।

**विरासत**
मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले देश में निराशा और अविश्वास का माहौल था।

## भारत सहानुभूतिपूर्ण, नैतिक और समतापूर्ण विज्ञान में विश्वास करता है: धर्मेंद्र प्रधान

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को आईआईटी हैदराबाद में वैश्विक युवा वैज्ञानिकों के सम्मेलन और ग्लोबल यंग अकादमी की वार्षिक आम बैठक में कहा कि भारत सहानुभूतिपूर्ण, नैतिक और समतापूर्ण विज्ञान में विश्वास करता है। उन्होंने कहा कि विज्ञान को साझा किया जाना चाहिए और पेटेंट नहीं बल्कि साझेदारी को भविष्य को आकार देना चाहिए। भारत के लिए वसुधैव कुटुम्बकम - एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य - केवल एक नारा नहीं है, बल्कि जीवन जीने का तरीका है। भारत ऐसे विज्ञान में



विश्वास करता है जो सहानुभूतिपूर्ण, नैतिक और न्यायसंगत हो। प्रधान ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत की वैश्विक भागीदारी इन मूल्यों में निहित हैं।
अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन, मिशन लाइफ और भारत विज्ञान एवं अनुसंधान फेलोशिप जैसी पहलों का हवाला देते हुए कहा कि ये पहल भारत के विश्व बंधुत्व - विज्ञान के माध्यम से वैश्विक मैत्री के भारत के दृष्टिकोण के प्रतिबिंब हैं।

# सांसद जिन्दल ने डॉग रेस्क्यू ऑर्गेनाइजेशन को दी आर्थिक सहायता

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र:** सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर स्ट्रे डॉग के प्रति गंभीरता और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए नवीन जिन्दल फाउंडेशन के माध्यम से एक महत्वपूर्ण योजना बनाई जा रही है। सांसद नवीन जिन्दल की इस पहल के अंतर्गत बेसहारा व आवारा कुत्तों के उपचार व नसबंदी का कार्य कर रही, संस्था डॉग रेस्क्यू ऑर्गेनाइजेशन को नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा आर्थिक सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया।

संस्था डॉग रेस्क्यू ऑर्गेनाइजेशन के पदाधिकारियों को चेक सौंपते हुए सांसद नवीन जिन्दल के संसदीय कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल का मानना है कि कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र को पशुमित्र क्षेत्र बनाना हमारा लक्ष्य है, जहां न केवल इंसानों के लिए बल्कि बेजुबानों के लिए भी संवेदनशील और सुरक्षित वातावरण हो। उन्होंने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल द्वारा बेसहारा व आवारा कुत्तों के उपचार व नसबंदी को लेकर गंभीरता से योजना पर कार्य किया जा रहा है। इसके लिए उन्होंने कुरुक्षेत्र, कैथल और यमुनानगर की दिशा मीटिंग में भी अधिकारियों व समाजसेवी संस्थाओं से भी संवाद किया है। अब सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में इस विषय पर एक योजना बनाई जा रही है ताकि कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के लोगों को इस समस्या से छुटकारा मिल सके। उन्होंने बताया कि नवीन जिन्दल फाउंडेशन के माध्यम से कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में बेसहारा व आवारा कुत्तों के लिए उपचार और नसबंदी पर भी मंथन किया जा रहा है।

डॉग रेस्क्यू ऑर्गेनाइजेशन को इस प्रकार के कार्य के लिए हर संभव सहयोग का लगातार दिया जाता रहेगा। सांसद नवीन जिन्दल द्वारा प्रदान की गई आर्थिक सहायता राशि का चेक नकुल गोयल, मोनिका गुलाटी व संस्था के पदाधिकारियों ने लेकर, सांसद नवीन जिन्दल के इस सहयोग और संवेदनशीलता के लिए उनका आभार व्यक्त किया और पूरे कुरुक्षेत्र में अपनी सेवाओं को आरम्भ करने का भी आश्वासन दिया।

## नाबालिग लड़की को अगवा कर किया दुष्कर्म

**सोनीपत:** कुंडली थाना सोनीपत पुलिस ने नाबालिग लड़की को अगवा कर उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित उत्कर्ष निवासी प्याऊ मनियारी कुंडली का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। एक महिला ने आठ मार्च को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि उसकी नाबालिग बेटी संदिग्ध हालत में लापता हो गई।

## कंपनी से लौट रही युवती का मोबाइल फोन छीना, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत:** कुंडली थाना क्षेत्र में कंपनी से लौट रही युवती से मोबाइल फोन झपटने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मौके पर डायल-112 पर कॉल कर मदद मांगने का प्रयास किया, लेकिन किसी ने फोन नहीं आया। पीड़िता ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में बाइक सवार दो युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। युवकों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके।शहर के वेस्ट राम नगर निवासी प्रीति ने बताया कि वह कुंडली स्थित स्वास्तिक पाली व्हील्स कंपनी में काम करती है। गत सोमवार देर शाम को वह कंपनी से वापस घर लौट रही थी। वह कंपनी से पैदल पैदल आटो पकड़ने के लिए स्टैंड पर जा रही थी। जब

## मोबाइल फोन छीनने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत:** शहर थाना सोनीपत पुलिस ने मोबाइल फोन छीनने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अंकित निवासी बाघडू सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश कर रिमांड की अपील की। अदालत ने आरोपित को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। वेस्ट राम नगर निवासी रविंद्र ने 25 अप्रैल को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह अपने किसी निजी काम के लिए रोहतक सोनीपत फ्लाईओवर के पास गोदाम पर गया था। वह अपने फोन कॉलर से बातचीत करते हुए जा रहा था। उसी दौरान बाइक पर आए दो लड़कों ने उसके साथ से फोन झपट लिया। दोनों बाइक पर फरार हो गए। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। जांच अधिकारी उप निरीक्षक देवेंद्र की टीम ने वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। उसे अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपित को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान उससे पूछताछ की जा रही है।

## किसान के खेत से बिजली का ट्रांसफार्मर चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत:** खेत से ट्रांसफर चोरी मोहाना थाना क्षेत्र के गांव तिहाड़ मलिक में चोर खेत से बिजली का ट्रांसफार्मर चोरी कर ले गए। बिजली निगम के अधिकारी ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। बिजली निगम के एरिया इंचार्ज बालकिशन ने पुलिस को बताया कि तिहाड़ मलिक के रहने वाले जितेंद्र ने सूचना दी थी कि उनके खेत में लगा ट्रांसफार्मर चोरी हो गया।


### ग्रीष्मकालीन सुपरफास्ट स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी

**रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन सुपरफास्ट स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (आरक्षित) का संचालन किया जायेगा, जिसका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–**

**04092/04091 नई दिल्ली - हावड़ा जं. - नई दिल्ली सुपरफास्ट स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (आरक्षित) — 24 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04092 ↓ | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04091 ↑ | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 19:30 | नई दिल्ली | 01:00 | -- |
| 21:40 | -- | हावड़ा जं. | -- | 23:50 |

**चलने की तिथि : 04092 नई दिल्ली** से दिनांक 11.06.2025 से 19.07.2025 (बुधवार एवं शनिवार) तक एवं **04091 हावड़ा जं.** से दिनांक 12.06.2025 से 20.07.2025 (गुरूवार एवं रविवार) तक।

**स्थान:** प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर इकॉनमी, शयनयान एवं सामान्य।

**ठहराव:** अलीगढ जं., टूंडला जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा, किऊल जं., जमुई, झाझा, जसीडीह जं., मधुपुर जं., जामताड़ा, चित्तरंजन, आसनसोल जं. दुर्गापुर एवं बर्द्धमान स्टेशन।

**रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।**

पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
1726/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 व 83 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राहुल उर्फ राधेश्याम** पुत्र **राजेन्द्र प्रसाद** निवास **आई–492, मंगोलपुरी, दिल्ली** ने case **FIR No. 796/2017 U/s 324/34 IPC, थाना मंगोलपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उन पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त **राहुल उर्फ राधेश्याम** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **राहुल उर्फ राधेश्याम** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 796/2017 U/s 324/34 IPC, थाना मंगोलपुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **राहुल उर्फ राधेश्याम** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 11.07.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री रितिका जैन
एलडी. न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी
कमरा नं. 105
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/7368/OD/2025(Court Matter)



### उत्तर रेलवे

ई–निविदा (इ–प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

निम्नलिखित कार्य के लिए वरिष्ठ मंडल अभियंता–III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल मे ई–निविदा आमंत्रण।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | एडीईएन/एनडीएलएस के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/एनडीएलएस/स्टेशन के खंड में आरपीएफ थाने से टीटीई विश्राम गृह के पास विद्युत सबस्टेशन तक सर्विस रोड की सतह और चारदीवारी का सुधार और अन्य संबद्ध कार्य तथा प्लेटफार्म सतह पर कॉपिंग वॉल और कॉपिंग स्टोन आदि सहित पहाड़गंज और अजमेरी गेट की ओर के परिसंचारी क्षेत्र की मरम्मत। |
| कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) | रु.2,49,88,027.73 (रुपये दो करोड़ उनचास लाख अठासी हजार सताईस और तिहतर पैसे मात्र) |
| बयाना राशि (रुपये) | रु.2,75,000/– (रुपये दो लाख पचहतर हजार मात्र) |
| निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | रु.0.00 |
| निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 01.07.2025 को 15:00 तक। |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |
| आवंटन | 04–410–32 |

- ठेकेदारो को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए।
- सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें।
- मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेगी।
- निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

निविदा संख्या : 128–डब्लू/280/ई–निविदा सूचना/14–2025–26/डब्लू–3
दिनांक : 10.06.2025
1713/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अभिनव सिंह, पुत्र:** श्री तेजपाल सिंह, **पता:** मकान नंबर 796, पहली मंजिल, मैदान गढ़ी, दिल्ली और फ्लैट नंबर 2325, जलवायु विहार, सेक्टर 67, मोहाली सास नगर, चंडीगढ़, ने **FIR No. 174/24 U/s 419/420/120B/34 IPC थाना: अशोक विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया हैं कि उक्त अभियुक्त **अभिनव सिंह,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अभिनव सिंह,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 174/24 U/s 419/420/120B/34 IPC थाना: अशोक विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अभिनव सिंह,** से अपेक्षा की जाती हैं कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **14.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री वसुंधरा छौंकर,
एसीजेएम उत्तर–पश्चिम, कमरा नंबर 108,
पहली मंजिल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/7397/NW/2025
(Court Matter)



### उत्तर मध्य रेलवे

**टेन्डर नोटिस नं.:** 09/2025 **दिनांक:** 09.06.2025

**ई-निविदा सूचना**

वरि. मं. सिग. एवं. दूर. सं. इंजी., उत्तर मध्य रेलवे, आगरा भारत द्वारा राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु 'खुली निविदा' ऑनलाइन माध्यम द्वारा (ई- टेन्डरिंग) आमंत्रित की जाती है:-

**ई-निविदा सं.:** आगरा-एसटी-2025-24

**कार्य का नाम:** वेस्टरेस मेक एसएसआई सिस्टम को पांच वर्ष की अवधि के लिए आगरा मंडल के राजा की मंडी स्टेशन पर स्थापित करने का व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध का कार्य।

**कार्य की लागत:** ₹51,60,556.20 | **निविदा बन्द दिनांक:** 04.07.2025

निविदा की पूर्ण जानकारी एवं ऑनलाइन जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें। निविदाकार अपनी निविदा उपरोक्त वर्णित दिनांक को **15.00 बजे** तक भारतीय रेलवे की वेबपोर्टल **www.ireps.gov.in** पर ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस निविदा के अन्तर्गत मैनुअल निविदा स्वीकार नही की जायेगी एवं प्राप्त मैनुअल निविदाओं पर विचार नही किया जायेगा। **997/25(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in



### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 (2) Cr. P.C./84 BNSS देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मो0 रिहान पुत्र** शाहरोज़ आलम **निवासी:** K-480, गली नं. 16, जनता कॉलोनी, वेलकम, दिल्ली ने **Case/FIR. No. 635/15 U/s 392/411/34 IPC. थाना: वेलकम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मो0 रिहान** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मो0 रिहान** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **Case/FIR. No. 635/15 U/s 392/411/34 IPC. थाना: वेलकम, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मो0 रिहान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **21.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
दिपाक्षी राणा
जेएमएफसी-03, कमरा नं. 19
कड़कड़डूमा कोर्ट, शाहदरा, दिल्ली

DP/7348/NE/2025
(Court Matter)



### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 (2) Cr. P.C./84 BNSS देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राज कुमार पुत्र** गोपाल गुप्ता **निवासी:** म.नं. E-49/C-72, जनता मज़दूर कॉलोनी, दिल्ली ने **FIR. No. 108/17 U/s 380/411 IPC. थाना: वेलकम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **राज कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **राज कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR. No. 108/17 U/s 380/411 IPC. थाना: वेलकम, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **राज कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
दिपाक्षी राणा
जेएमएफसी-03, कमरा नं. 19
कड़कड़डूमा कोर्ट शाहदरा, दिल्ली

DP/7342/NE/2025
(Court Matter)



### उत्तर रेलवे

**ई–निविदा सूचना**

वरि. मण्डल यांत्रिक इंजीनियर/उत्तर रेलवे, ट्रेनसेट डिपो, शकूरबस्ती, भारत के राष्ट्रपति की ओर से उनके लिए निम्नलिखित कार्य के लिए **GeM पोर्टल (https://gem.gov.in)** पर आमंत्रित की जाती हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा संख्या | GEM/2025/B/6304254, Dated 04.06.2025 | | |
| कार्य का विवरण | उत्तर रेलवे, ट्रेनसेट डिपो शकूरबस्ती से भारतीय रेलवे के अन्य शेडों/कार्यशालाओं तक और/या अन्य शेडों/कार्यशालाओं से उत्तर रेलवे, ट्रेनसेट डिपो, शकूरबस्ती तक सड़क मार्ग से रेलवे सामग्री का परिवहन दो (02) वर्ष की अवधि के लिए, दोनों यात्राएं (आने वाली और जाने वाली) स्वतंत्र होंगी। | | |
| अनुमानित लागत | ₹2,78,83,517.76 (GST सहित) | बयाना राशि | ₹2,89,418.00 |
| कार्य अवधि 02 वर्ष | निविदा खुलने की तिथि, समय | 25.06.2025, 20:30 बजे | |
| निविदा प्रपत्र डाउन लोड करने के इंटरनेट साइट | उपरोक्त निविदा GeM पोर्टल पर उपलब्ध है जो कि है https://gem.gov.in दिनांक **04.06.2025** से प्रभावी है। | | |

**सं.: 25.8.929.DSL.SSB** **दिनांक: 07.06.2025**
1708/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## सुविधा- नागरिक अस्पताल में बच्चों के रजिस्ट्रेशन के लिए अलग से काउंटर की सुविधा

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** नागरिक अस्पताल प्रबंधन की तरफ से मरीजों की सुविधा के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे है। प्रबंधन की तरफ से 0 से 12 साल तक के बच्चों के इलाज के लिए अस्पताल में रजिस्ट्रेशन की अलग से व्यवस्था की गई है। प्रबंधन की तरफ से गर्भवती काउंटर पर बच्चों का रजिस्ट्रेशन करने के निर्देश दिए गए है। ताकि बच्चों के साथ परिजनों को रजिस्ट्रेशन काउंटर पर लंबी लाइनों में न लगना पड़े। बता दें कि जिला नागरिक अस्पताल में मौजूदा समय में दो हजार से ज्यादा ओपीडी रजिस्ट्रेशन संख्या है। जिनमें करीब ढाई सौ बच्चें उपचार के लिए अस्पताल में प्रतिदिन आ रहे है।

बच्चों के परिजनों को ओपीडी में उपचार के लिए रजिस्ट्रेशन काउंटर के बाहर लंबी लाइनों में लगना पड़ता था। साथ ही गर्मी का मौसम होने के चलते बच्चों के ज्यादा बीमार होने का खतरा बना रहता था। अस्पताल प्रबंधन की तरफ से गर्भवती महिलाओं के लिए बनाएं काउंटर नंबर-18 से बच्चों का रजिस्ट्रेशन करने का फैसला लिया है। प्रबंधन की तरफ से उक्त सुविधा को शुरू कर दिया है।

प्रबंधन की तरफ से समस्या को देखते हुए कमरा नंबर 18 नंबर पंजीकरण काउंटर में गर्भवती महिलाओं को बच्चों की भी पंजीकरण सुविधा को शुरू किया गया है। बच्चों के अभिभावकों को लंबी कतार व गर्मी में राहत मिलेगी।


# एक्शन इंडिया

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली–110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े–लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## Change of Name

**I, RAM KARAN S/o SHRI PARAS RAM RESIDENT OF A-8A, A BLOCK, RAMA ROAD, ADARSH NAGAR, DELHI-110033. Do hereby declare that I have changed my name from RAM KARAN GUPTA to RAM KARAN. My actual name is RAM KARAN.**

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## सार्वजनिक सूचना

हम जोकि अमित कुमार पुत्र जयकिशन निवासी गन्नौर मंडी तहसील गन्नौर जिला सोनीपत व सोनिया पुत्री जयकिशन निवासी मकान नंबर 32, देवी मंदिर विजयनगर पानीपत तहसील व जिला पानीपत बयान करते हैं कि हमारे पिता की मृत्यु 17.10.2021 व हमारी माता की मृत्यु पहले ही हो चुकी है अब हमारे माता-पिता के तीन वारसान है जिनके नाम अमित कुमार गर्ग पुत्र, राजकुमार पुत्र सोनिया पुत्री है. उपरोक्त के अलावा कोई भी हमारे पिता का वारसान नहीं है।

## बेदखली सूचना

**मैं** जोकि रमेश रंगीला पुत्र सीता राम निवासी मकान नंबर 123/3 वार्ड नंबर 2 कोट मोहल्ला सोनीपत का स्थाई निवासी हूं और अपने हल्फ से ब्यान करता हूं कि सागर मेरा सगा लड़का है जोकि अपनी मनमानी करता है तथा हमारी कोई बात नहीं मानता है। इसलिए मैं सागर को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं यदि आज के बाद सागर कोई भी उचित या फिर अनुचित कार्य करता है या फिर किसी से कोई लेना-देना करता है तो उसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा।आज के बाद मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# विकसित भारत के साथ विकसित दिल्ली के लिए हो रहा काम: सीएम रेखा गुप्ता

## केंद्र ने दिल्ली में 1.25 लाख करोड़ की सड़क परियोजनाएं शुरू कीं: बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष

**विकास पर बल**

- केंद्र में मोदी सरकार न होती तो दिल्ली के हालात बहुत खराब होते
- केंद्र सरकार के सहयोग से काम कर रही दिल्ली सरकार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली भाजपा ने मंगलवार को प्रेसवार्ता कर दावा किया कि 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकास की राजनीति शुरू हुई है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि पूरे देश में विकास हो रहा है। विकसित भारत के साथ विकसित राजधानी का काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि 100 दिनों में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में लोगों को यह विश्वास हुआ है कि विकसित दिल्ली के लिए काम हो रहा है।



### दिल्ली में 1.25 लाख करोड़ की सड़क परियोजनाएं शुरू कीं: केंद्र

**सरकार** ने दिल्ली में आवागमन सुगम करने के लिए 1.25 लाख करोड़ की सड़क योजनाएं शुरू की। मेट्रो विस्तार के लिए भी काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि केंद्र ने तीन लाख मातृ वंदन योजना के तहत महिलाओं को दिए। तीन लाख उज्ज्वला कनेक्शन के साथ 20 हजार मुद्रा योजना से ऋण व दो लाख स्ट्रीट वेंडर को ऋण दिए गए। 12 हजार किसानों को आर्थिक सहायता दी। युद्ध स्मारक, आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय सेंटर, भारत वंदना पार्क सहित कई निर्माण से दिल्ली को पहचान मिली है।

**पहले दिल्ली में की जाती थी छल कपट की राजनीति:** सचदेवा ने कहा कि पीएम मोदी के विजन को राज्य सरकार लागू कर रही है। आयुष्मान भारत सहित केंद्र सरकार की अन्य कल्याणकारी योजनाओं को दिल्ली में लागू किया जा रहा है। पहले दिल्ली में छल और कपट की राजनीति होती थी। यदि केंद्र में मोदी की सरकार नहीं होती तो दिल्ली की जनता के 11 साल बहुत खराब होते। कोरोना महामारी इसका उदाहरण है।

**केंद्र सरकार के सहयोग से काम कर रही दिल्ली सरकार:** केंद्र सरकार के सहयोग से दिल्ली सरकार काम कर रही है। यमुना सफाई, जल सीवर सेवा, कूड़े का पहाड़ हटाने का काम हो रहा है। नए डीएसटीपी को मंजूरी मिली है। 16 एसटीपी अपग्रेड किए जा रहे हैं और सीवर लाइन व पेयजल आपूर्ति लाइन बिछाई जा रही। तीनों कूड़े के पहाड़ 60 मीटर से कम होकर 30 से 40 मीटर रह गया। अगले वर्ष मार्च तक ओखला का पहाड़ समाप्त हो जाएगा। चार वेस्ट टू एनर्जी प्लांट शुरू होगा।

**शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में किया जा रहा काम :** शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार के लिए काम किया जा रहा है। अस्पतालों में 15 सौ नर्सों की नियुक्ति हो रही है।

## मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की

**अवगत कराया**

- मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को दिल्ली में केंद्र सरकार की योजनाओं की प्रगति के बारे में अवगत कराया



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। इस बात की जानकारी रेखा गुप्ता ने इंटरनेट मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर दी, इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी पोस्ट कर इसकी जानकारी साझा की।

बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दिल्ली में केंद्र सरकार की योजनाओं की प्रगति के बारे में अवगत कराया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया बताया जा रहा है कि इस मुलाकात में दिल्ली में हुए विकास कार्यों की प्रधानमंत्री ने सराहना की गई, जिनमें सेंट्रल विस्टा, भारत मंडपम, यशोभूमि, वॉर मेमोरियल, कर्तव्य पथ, प्रधानमंत्री संग्रहालय, रैपिड रेल, टनल रोड और हाईवे नेटवर्क प्रमुख हैं।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इन योजनाओं के दिल्लीवासियों पर पड़े सकारात्मक प्रभाव का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री ने अपनी पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री से आत्मीय भेंट का सौभाग्य मिला। प्रधानमंत्री के नेतृत्व और मार्गदर्शन में दिल्ली वासियों की सेवा में जुट जाने की प्रेरणा मिलती है। केंद्र के सहयोग से किया जा रहा दिल्ली का विकास गौरतलब है कि मंगलवार को ही एक प्रेसवार्ता में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से दिल्ली का विकास किया जा रहा है। दिल्ली में आवागमन बेहतर बनाने के लिए सड़क परियोजनाएं शुरू की गई हैं। मेट्रो के लिए दिल्ली सरकार ने अपना शेयर नहीं दिया, केंद्र ने इसे आगे बढ़ाया। केंद्र ने मातृ वंदन योजना के तहत महिलाओं को लाभ दिया। तीन लाख उज्ज्वला कनेक्शन दिए। इसके साथ ही दिल्ली में 20 हजार मुद्रा योजना लोन और दो लाख स्ट्रीट वेंडर लोन दिए गए।

सीएम ने कहा कि दिल्ली में 12 हजार किसानों को आर्थिक सहायता दी गई है। केंद्र के सहयोग से दिल्ली सरकार काम कर रही है। यमुना सफाई, जल सीवर सेवा, कूड़े का पहाड़ हटाने का काम हो रहा है।

## पेड़ लगाना पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम: रविन्द्र इंद्राज सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** समाज कल्याण, एससी/एसटी कल्याण, चुनाव और सहकारिता मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह ने मंगलवार को रोहिणी स्थित राजकीय सह-शिक्षा सर्वोदय विद्यालय, सेक्टर-22 में 'एक पेड़ माँ के नाम 2.0' अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उद्देश्य बच्चों में प्रकृति के प्रति प्रेम और संवेदनशीलता को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर रविन्द्र इंद्राज ने कहा कि जब हम बच्चों को प्रकृति से जोड़ने की कोशिश करते हैं तो वे पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनते हैं। पेड़ जीवन के लिए अनिवार्य हैं और विज्ञान के अत्याधुनिक युग में भी इनका कोई विकल्प नहीं हैं। पेड़ लगाने को समय की मांग बताते हुए कहा कि पेड़ केवल छांव और ऑक्सीजन ही नहीं देते, बल्कि यह सैकड़ों प्रकार के जीव-जंतुओं का आश्रय भी हैं।




## बांग्लादेशी घुसपैठियों पर शिकंजा, 39 बच्चों समेत 92 को पकड़ा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ दिल्ली पुलिस की कार्रवाई जारी है। बाहरी जिला पुलिस और फॉरनर्स सेल ने मिलकर 92 और बांग्लादेशी घुसपैठियों को पकड़ा है। पुलिस की ओर से गठित एक विशेष टीम ने 9 जून को मंगोलपुरी रेलवे स्टेशन पर एक ऑपरेशन चलाया, जिसमें बांगलादेशी घुसपैठियों को गिरफ्तार किया गया। ये बांग्लादेशी अवैध रूप से दिल्ली में रह रहे थे और उनके पास वैध दस्तावेज नहीं थे।

## जलभराव से मुक्ति के लिए युद्धस्तर पर हो रहा काम : प्रवेश

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने शास्त्री नगर स्थित इरिगेशन एंड फ्लड कंट्रोल (आईएंडएफसी) विभाग के अत्याधुनिक कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया और आगामी मानसून को लेकर तैयारियों की व्यापक समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान मंत्री वर्मा ने अधिकारियों के साथ बैठक कर नालों की सफाई, यमुना के जलस्तर की निगरानी और बाढ़ प्रबंधन को लेकर विस्तृत योजना पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि राजधानी को जलभराव से निजात दिलाने के लिए सरकार पूरी संजीदगी के साथ जुटी है। मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा, यह हमारा आईएंडएफसी कंट्रोल रूम है, जो दिल्ली के 77 बड़े नालों और यमुना नदी के जलस्तर की 24 घंटे निगरानी करता है। यहां से लगातार यह देखा जाता है कि बारिश के दौरान जलप्रवाह कितना है, अपस्ट्रीम से कितना पानी छोड़ा जा रहा है और उसका नीचे की तरफ क्या असर पड़ेगा। जब जलस्तर बढ़ता है, तो यहीं से तय किया जाता है कि चेतावनी कब जारी होनी है और किन इलाकों से लोगों को सुरक्षित निकाला जाना है। 15 जून से मानसून शुरू होते ही, पुलिस, एसडीएम और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी यहीं से समन्वय स्थापित करेंगे, ताकि कोई चूक न हो। आज मैं इसी व्यवस्था की तैयारियों का जायजा लेने आया था। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जानकारी दी कि दिल्ली के 76 बड़े नालों में से 90 प्रतिशत की सफाई पूरी हो चुकी है, जबकि शेष कार्य अंतिम चरण में है।





# एचपीएससी अभ्यार्थियों ने हुड्डा को सौंपा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** पेपर लीक, पेपर कॉपी और घोटाले बीजेपी सरकार में हुई भर्तियों की पहचान बन गए हैं। ये कहना है पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का। हुड्डा हरियाणा पब्लिक सर्विस कमिशन की असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती के अभ्यर्थियों से बातचीत कर रहे थे। हिस्ट्री का पेपर देने वाले अभ्यर्थियों का एक ग्रुप हुड्डा को ज्ञापन देने पहुंचा था। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि कहा है कि एचपीएससी द्वारा करवाई गई असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती के पेपर में गंभीर गड़बड़ियां उजागर हुई हैं। हिस्ट्री के साथ-साथ हिंदी, जूलॉजी, केमिस्ट्री और फिजिक्स जैसी भर्तियों के पेपरों में भी गंभीर गड़बड़ियां सामने आई हैं।

अभ्यार्थियों ने बाकायदा कमीशन को लिखित शिकायतें भेजी हैं और इन परीक्षाओं को रद्द करने की मांग उठाई है। सबसे बड़ी



गड़बड़ी तो इन परीक्षाओं में यह हुई कि कई जगह सील टूटे हुए पेपर अभ्यर्थियों को बांटे गए। पेपर की सील टूटने से पेपर लीक की आशंका जताई जा रही है। ऐसे में जरूरी था कि सरकार अभ्यर्थियों की मांग को मानते हुए उच्च स्तरीय जांच करवाती है लेकिन सरकार इससे भागती नजर आई। इसे स्पष्ट है कि सरकार खुद तमाम धांधली और घोटालों की जनक है।

अभ्यर्थियों ने हुड्डा को बताया कि हिस्ट्री के पेपर में 24 सवाल छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित असिस्टेंट प्रोफेसर की भर्ती के एक पेपर से हूबहू कॉपी किए गए हैं। एचपीएससी ने इन प्रश्नों को रत्तीभर भी बदलने, उनकी भाषा या संदर्भ को बदलने तक की जहमत नहीं उठाई। इसके अलावा विभिन्न ऑनलाइन संस्थाओं की वेबसाइट पर उपलब्ध एक प्रश्न पत्र, से भी कई प्रश्न हूबहू उठा लिए गए हैं। यह पेपर उत्तराखंड राज्य पात्रता परीक्षा से संबंधित होने का दावा किया जा रहा

इसके चलते अभ्यार्थी, एचपीएससी और कुछ कोचिंग संस्थानों की मिलीभगत को लेकर भी आशंका जता रहे हैं। इतना ही नहीं, कई प्रश्नों के गलत उत्तर, हिंदी व अंग्रेजी विकल्पों में भिन्नता और प्रिंटिंग की त्रुटियों जैसी कई शिकायतें अभ्यार्थियों ने दर्ज करवाई हैं। इसीलिए भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख़्त कार्रवाई की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि भर्ती प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर कोई धांधली ना हो, यह सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है। लेकिन बीजेपी का ट्रैक रिकॉर्ड रहा है कि वो जानबूझकर हरेक भर्ती में ऐसी धांधलियां करती है या कई लूपहोल छोड़ देती है, जिसके चलते भर्तियां कोर्ट में जाकर अटक जाती हैं। यह वजह है कि हाई कोर्ट ने इस सरकार की लगभग हरेक भर्ती पर बड़ा सवालिया निशान लगाया है और कई बार जुमार्ना भी थोपा है। यहां तक कि कोर्ट ने कहा है कि 2019 के बाद हुई सभी भर्तियों के परिणाम अब दोबारा से जारी करने होंगे। क्योंकि सरकार ने गलत नियमों के तहत ये भर्तियां की हैं।

हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस पुरजोर तरीके से प्रदेश की युवा शक्ति के साथ खड़ी है और बीजेपी के भर्ती घोटालों को मीडिया से लेकर विधानसभा व संसद तक, हर स्तर पर उठाएगी। सत्ता के अहंकार में लगातार युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही बीजेपी को कांग्रेस आईना दिखाने से पीछे नहीं हटेगी।

**शिकायत**

**हिंदी व अंग्रेजी विकल्पों में भिन्नता और प्रिंटिंग की त्रुटियों जैसी कई शिकायतें अभ्यार्थियों ने दर्ज करवाई**

## हिसार एयरपोर्ट में एंट्री के लिए वीआईपी को भी लेनी पड़ेगी टिकट

**टीम एक्शन इंडिया**
**हिसार।** विभिन्न चरणों में आठ बार उद्घाटन के लिए विख्यात हिसार एयरपोर्ट में अब वीआईपी कल्चर भी नहीं चलेगी। वीआईपी को एंट्री के लिए टिकट लेनी होगी। ऐसा एयरपोर्ट में आने-जाने वालों का रिकॉर्ड रखने के लिए किया गया है। डीजीसीए के ऑपरेशनल डायरेक्टर प्रशांत फूलमरे ने मंगलवार को कहा कि एयरपोर्ट में सुरक्षा की दृष्टि से आने-जाने वालों का रिकॉर्ड रखा जाना बहुत जरूरी है। ऐसे में एयरपोर्ट के अंदर कौन आता है और कौन जाता है, इसकी पूरी डिटेल होना जरूरी है। उन्होंने बताया कि सोमवार को मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के चलते एयरपोर्ट परिसर में प्रेस ब्रीफिंग के लिए टेंट लगाने की अनुमति दी गई थी, हालांकि ब्रीफिंग एयरपोर्ट के गेट पर ही हुई। उन्होंने बताया कि अब एयरपोर्ट के अंदर कोई भी वीआईपी बिना टिकट के सीधे प्रवेश नहीं कर पाएगा। इससे आने-जाने वाले हर व्यक्ति का रिकॉर्ड रखा जा सकेगा। पहले कोई भी आसानी से अंदर आ जाता था, जो सुरक्षा के लिहाज से उचित नहीं था। ऑपरेशनल डॉयरेक्टर ने कहा कि हिसार से चंडीगढ़ फ्लाइट एलायंस एयर कंपनी ने चलाई है और इसके लिए उन्होंने दिल्ली से प्रयागराज फ्लाइट बंद की है। उसी फ्लाइट को हिसार शिफ्ट किया गया है। साथ ही बताया कि टर्मिनल की नई बिल्डिंग के बेस का काम चल रहा है। इसे तीन चरणों में पूरा किया जाएगा। अभी दूसरा चरण चल रहा है। उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट में सुरक्षा के लिहाज से जो संभव होगा, वो कदम उठाए जाएंगे।

ज्ञात रहे कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को हिसार से चंडीगढ़ फ्लाइट का शुभारंभ किया था। मुख्यमंत्री ने इस फ्लाइट को हरी झंडी दिखाई और टिकट खरीदकर खुद भी चंडीगढ़ तक यात्रा की।

**न्यूज फ्लैश**

## विपक्ष केवल विरोध की राजनीति कर रहा है - मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी



**चंडीगढ़ :** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि विपक्ष का उद्देश्य सिर्फ विरोध के लिए विरोध करना रह गया है। कांग्रेस नेता विकास योजनाओं को लेकर निराधार आरोप लगा रहे हैं, जबकि सच्चाई यह है कि विपक्ष के नेता स्वयं इन योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं, लेकिन इसका ज़िक्र करने से कतराते हैं। एनएच-152डी इसका एक बड़ा उदाहरण है, जिसकी प्रशंसा हरियाणा का प्रत्येक नागरिक कर रहा है। मुख्यमंत्री आज पंचकूला में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 गौरवशाली वर्षों की उपलब्धियों को लेकर पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार, श्री महीपाल ढांडा, श्री विपुल गोयल, डॉ. अरविंद शर्मा, श्री श्याम सिंह राणा, श्री कृ?ण कुमार बेदी, राज्यसभा सांसद श्रीमती रेखा शर्मा, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री मोहन लाल कौशिक, पूर्व मंत्री श्री कंवर पाल और मुख्यमंत्री के मीडिया सचिव श्री प्रवीण आत्रेय सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि विपक्ष को जनता को सही जानकारी देनी चाहिए कि सरकार क्या कर रही है, लेकिन वे तो सड़कों के निर्माण, एलपीजी सिलेंडर मुफ्त देने, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) बढ़ने, किसानों को मुआवजा मिलने जैसे जनहित कार्यों का भी विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को परमात्मा सद्बुद्धि दे, ताकि वह प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 11 वर्षों में हुए ऐतिहासिक बदलावों को समझ सके और इस राष्ट्रीय गौरव उत्सव में सहभागी बन सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया है, वहीं हरियाणा सरकार ने पंचायतों व शहरी निकायों में महिलाओं को 50 प्रतिशत प्रतिनिधित्व देकर नारी सशक्तिकरण को नया आयाम दिया है। इससे हरियाणा महिला नेतृत्व में देशभर में अग्रणी बनकर उभरा है। स्मार्ट सिटी के बारे में पूछे गए प्रश्न का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि संस्था के अलग–अलग पैरामीटर होते हैं। स्वच्छता के बारे अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि बड़ी योजना तैयार करें, प्रतिस्पर्धा के माहौल को बढ़ावा दें और उसे राष्ट्रीय स्तर की रैंकिंग तक पहुँचाएं। सीईटी परीक्षा के संबंध में मुख्यमंत्री ने कहा कि भर्तियों की प्रक्रिया सक्रिय रूप से जारी है।

## जेजेपी ने 13 वरिष्ठ पदाधिकारियों की घोषणा की

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** जननायक जनता पार्टी ने अपने संगठन नवनिर्माण के तहत कई वरिष्ठ पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण नियुक्तियां की है। जेजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला ने वरिष्ठ नेताओं से विचार-विमर्श करके 13 वरिष्ठ पदाधिकारियों की नियुक्तियों की सूची जारी की। जेजेपी ने पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला और डॉ. केसी बांगड़ को वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी हैं। राधेश्याम शर्मा को राष्ट्रीय प्रधान महासचिव, राजेंद्र लितानी को राष्ट्रीय संगठन सचिव,



रणधीर सिंह झांझड़ा को राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, धर्मबीर सिहाग को राष्ट्रीय कार्यालय सचिव और दलबीर धनखड़ को राष्ट्रीय प्रचार सचिव बनाया हैं। इनके अलावा जेजेपी ने अनुशासन समिति का भी गठन कर दिया हैं। इस कमेटी में पूर्व वीसी अजमेर सिंह मलिक को चेयरमैन के पद पर नियुक्त किया हैं। साथ ही एडवोकेट कलम सिंह, रिटायर्ड ईआईसी निहाल सिंह, एडवोकेट विजय बंसल, एडवोकेट अदरीश खान और पूर्व सूचना आयुक्त एडवोकेट पंकज मेहता अनुशासन समिति के सदस्य होंगे।

## मोदी के नेतृत्व में देश ने अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि देश ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11सालों में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की है और इन 11 सालों में हमारी जीडीपी जापान को पछाड़ते हुए चौथे नंबर पर आ गई है। श्री विज ने कहा कि देश में पिछले 11सालों से लगातार सर्वांगीण विकास की रफ्तार जारी है और देश नई ऊंचाइयों को छू रहा है। श्री विज ने मीडिया कर्मियों से बातचीत करते हुए कहा कि हमने हाल ही में जापान को जीडीपी के क्षेत्र में पछाड़ते हुए चौथा स्थान हासिल किया है और जल्द ही




हमारा देश अर्थव्यवस्था में तीसरे नंबर पर होगा, लेकिन राहुल गांधी को ये नजर नहीं आता है।

**11 साल पहले हम डिफेंस का सामान विदेशों से आयात करते थे लेकिन अब हमारा देश रक्षा क्षेत्र में निर्यात कर रहा हैं - विज**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान कि भाजपा की 11 साल में कोई उपलब्धि नहीं है पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए ऊर्जा मंत्री ने राहुल गांधी पर जुबानी प्रहार जारी रखते हुए कहा कि 11 साल पहले हम डिफेंस का सामान विदेशों से आयात करते थे लेकिन अब हमारा देश रक्षा क्षेत्र में निर्यात कर रहा हैं क्योंकि आज भारत की विश्वभर में मांग है। हमारे देश में बनी ब्रह्मोस मिसाइल का पाकिस्तान में क्या असर हुआ है वह राहुल गांधी पाकिस्तान से जाकर पूछ सकते हैं क्योंकि लगता है कि पाकिस्तान तो राहुल गांधी का अच्छा दोस्त है।

**पिछले 11 सालों में देशभर में सड़कों का नेटवर्क चार गुणा बढ़ाया गया - विज**

श्री विज ने कहा कि इन 11 सालों में देशभर में सड़कों का नेटवर्क चार गुणा बढ़ाया गया है, हमने कांग्रेस के मुकाबले तीन गुणा ज्यादा मेडिकल कॉलेज बनाए है ताकि देश में डॉक्टरों की कमी को दूर किया जा सके और लोगों को सही उपचार मुहैया हो सके।

**उपलब्धि**

**मुस्लिम महिलाओं के जीवन को सुधारने के लिए तीन तलाक कानून खत्म किया गया - विज**

## सीएम सैनी ने किया योग दिवस प्रोटोकॉल का शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा विधान सभा का परिसर मंगलवार को योगमय दिखाई दिया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश के विधायकों और विधान सभा के अधिकारी कर्मचारियों ने मनोयोगपूर्वक योग किया। हरियाणा योग आयोग और आयुष विभाग की समर्पित टीम ने यह योग प्रोटोकॉल करवाया। विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने अपनी शुभकामनाएं देते हुए सभी से 21 जून को होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह में शामिल होने का आह्वान किया। यह योग अभ्यास सत्र सकारात्मक ऊर्जा, सहभागिता और स्वस्थ जीवनशैली के संदेश के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने योग प्रोटोकॉल का पालन करते हुए विभिन्न आसन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास किया और सभी उपस्थित लोगों को भी नियमित योग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि योग भारत की अमूल्य धरोहर है, जो



केवल शारीरिक स्वास्थ्य का साधन नहीं, बल्कि जीवन को पूर्ण रूप से संयमित और संतुलित बनाने का माध्यम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से पूरी दुनिया ने भारत की इस प्राचीन विद्या को अपनाया है। हम सबका दायित्व है कि योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला के साथ जरूरी बैठक के कारण इस कार्यक्रम में सम्मिलित नहीं हो पाए। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक अभ्यास नहीं, बल्कि मन, आत्मा और शरीर के समन्वय का विज्ञान है। कल्याण ने सभी नागरिकों से अपील की कि 21 जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में अधिक से अधिक भाग लें और योग को अपनी जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बनाएं।

## 18 मई को हुई असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा रद्द होः दीपेन्द्र



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने बीते 18 मई को आयोजित लिखित परीक्षा में हुई गम्भीर अनियमितताओं का हवाला देते हुए मांग करी कि जो तथ्य सामने आये हैं उसके आधार पर केवल परीक्षा ही रद्द न हो बल्कि एचपीएससी पर कानूनी कार्रवाई करते हुए चैयरमैन को बर्खास्त किया जाए। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि जब अनियमितताओं की शिकायतों को लेकर अभ्यर्थी एचपीएससी चेयरमैन के पास गये तो उन्होंने हरियाणा के बच्चों को ही सनकी बता दिया। ऐसे एचपीएससी चेयरमैन को अपने पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है, वो स्वयं इस्तीफा दें। प्रदेश की बीजेपी सरकार हरियाणा के नौजवानों का भविष्य चौपट करने में लगी है, इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। इस मुद्दे पर सांसद जय प्रकाश ने कहा कि ꠰ꠞꠞ चेयरमैन और सचिव की जिम्मेदारी तय हो और उनके खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करके उनको गिरफ्तार किया जाए।

**मांग**

**एचपीएससी पर कानूनी कार्रवाई करते हुए चैयरमैन को बर्खास्त किया जाए: सांसद दीपेंद्र हुड्डा**

मीडिया से बात करते हुए दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि हरियाणा में ऐसी कोई भर्ती नहीं हुई जिसका पेपर लीक या परीक्षा रद्द न हुई हो। इसके चलते हजारों युवा ओवरएज हो गए और सरकारी नौकरी पाने का उनका सपना पूरी तरह टूट गया। कभी परीक्षा रद्द, कभी पेपर लीक, कभी दफ्तर में घूसखोरी तो कभी प्रश्न पत्र में सवाल ही कॉपी पेस्ट करके परीक्षा की शुचिता, मयार्दा तार-तार की गई। भर्ती घोटाले, पेपर लीक और परीक्षा रद्द करने का रिकॉर्ड बनाने वाली ये सरकार सही ढंग से परीक्षा कराने में ही बार-बार फेल हो रही है।

## मोदी के नेतृत्व में भारत विश्वशक्ति बनकर उभराः अनुराग ठाकुर

**चंडीगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा नीत एनडीए सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा देश भर में विकसित भारत का अमृतकाल-- सेवा सुशासन व गरीब कल्याण के 11 साल के रूप में मनाया जा रहा है। हमीरपुर के सांसद ,पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं अनुराग सिंह ठाकुर ने मंगलवार को चंडीगढ़ भाजपा कार्यालय कमलम में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने बीते 11 वर्षों में सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के मार्ग पर ऐतिहासिक प्रगति की है।

## सब कुछ भूलकर केवल और केवल संगठन की मजबूती के लिए काम करना हैः सैलजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि बिना किसी पद और बिना किसी पहचान के कांग्रेस के कर्मठ कार्यकताओं ने जमीन से जुड़े रहकर काम किया और सिरसा जिला की पांच में से तीन विधानसभा सीटें कांग्रेस के पास है। आज सब कुछ भूलकर केवल और केवल संगठन के लिए काम करना है, संगठित होकर बूथ स्तर पर कांग्रेस को मजबूती प्रदान करनी है, सभी को पूरा मान सम्मान देना है। वे मंगलवार को कांग्रेस भवन में



आयोजित जिला कांग्रेस कार्यकताओं की बैठक को संबोधित कर रही थी। यह बैठक संगठन के गठन को लेकर आयोजित की गई जिसमें जिला अध्यक्ष पद के दावेदारों ने अपने आवेदन दिए साथ ही संगठन की मजबूती को लेकर विचार व्यक्त किए। इस बैठक की अध्यक्ष अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव और पर्यवेक्षक एम क्रिस्टोफर तिलक, पीसीसी की ओर से नियुक्त पर्यवेक्षक एवं पूर्व विधायक शमशेर सिंह गोगी, कृष्ण सातरोड और राजवीर वर्मा मौजूद थे। इसके साथ ही सांसद कुमारी सैलजा, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डा. अशोक तंवर, पूर्व सांसद चरणजीत सिंह रोडी, ऐलनाबाद विधायक भरत सिंह बेनीवाल, विधायक अमित सिहाग, डॉ. केवी सिंह, राजकुमार शर्मा, मोहित शर्मा, नवीन केडिया, वीरभान मेहता, संदीप नेहरा एडवोकेट, आनंद बियाणी, राजेश चाडीवाल, डा. सुभाष जोधपुरिया, मनप्रीत सिंह, उर्मिला भारद्वाज, संतोष बेनीवाल, सर्वमित्र कंबोज, रणधीर सिंह, कृष्णा फोगाट, अमीर चावला, इंद्र जैन, गजानंद सोनी, मलकीत सिंह खोसा आदि मौजूद थे। इस मौके पर सांसद सैलजा ने कहा कि संगठन न होने से पार्टी में अनुशासन नहीं रहा था अब संगठन बनेगा तो अनुशासन भी बढ़ेगा और सभी की एकजुटता से पार्टी को मजबूती भी मिलेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में सोनिया गांधी, राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे ही पार्टी के नेता है बाकी सब पार्टी के सच्चे और कर्मठ सिपाही है और सभी सिपाही बनकर पार्टी को मजबूत बनाने में काम करें। उन्होंने कहा कि पार्टी वहीं मजबूत होती है जो बूथ स्तर पर मजबूत हो लेकिन संगठन न होने पर कांग्रेस बूथ स्तर पर पहुंच ही नहीं पाई थी।

## जो सबको साथ लेकर चले वहीं बनेगा जिला प्रधानः एम क्रिस्टोफर तिलक

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव और एआईसीसी की ओर से नियुक्त पर्यवेक्षक एम क्रिस्टोफर तिलक ने जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक में कहा कि कांग्रेस में ऊपर तो संगठन था पर हरियाणा में संगठन नहीं था, लोग तो कांग्रेस के साथ जुड़े हुए थे पर हम ही उनके साथ नहीं जुड़े हुए थे, हमें बूथ स्तर पर मजबूत होना होगा जिसके लिए हमें कार्यकर्ता चाहिए। उन्होंने कहा कि सिरसा संसदीय क्षेत्र में संगठन न होने पर भी नौ में से छह सीटों पर कांग्रेस ने कब्जा किया, अगर हमारा संगठन होता तो प्रदेश में आज कांग्रेस की ही सरकार होती। उन्होंने कहा कि अभी सभी विधानसभा क्षेत्र में जाएंगे और 16 जून को सिरसा में फिर बैठक होगी, जिलाध्यक्ष पद के लिए एक पैनल बनाया जाएगा जिसमें छह नाम भेजे जाएंगे। एक सवाल के जवाब में एम क्रिस्टोफर तिलक ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा और भारत न्याय यात्रा के बाद लोगों में जोश पैदा हुआ, इस जोश को बनाए रखने के लिए संगठन जरूरी है, हरियाणा में संगठन बनाने के लिए संगठन सृजन अभियान चलाया हुआ है जो 30 जून तक जारी रहेगा। हरियाणा में एक दशक से संगठन नहीं था, जिला प्रधान नहीं था, अब सभी से राय ली जाएगी, मीडिया से अलग से बात कर नामों पर चर्चा की जाएगी। एक सवाल पर उन्होंने कहा कि प्रदेश में संगठन नहीं था तभी सरकार नहीं बनी यह एक प्रमुख कारण था, वहां पर कांग्रेस की विचारधारा के साथ लोग जुड़े हुए थे, कांग्रेस के पास नेतृत्व था पर संगठन नहीं था। संगठन गठन में पूरी पारदर्शिता बरती जाएगी। गुटबाजी को लेकर पूछे गए सवाल पर एम क्रिस्टोफर तिलक ने कहा कि कांग्रेस राष्ट्रीय पार्टी है, ऐसी पार्टियों में गुटबाजी होती है।

## पंचकूला में नशामुक्ति अभियान ने रचा सामाजिक परिवर्तन का नया इतिहास

### हरियाणा सरकार की दूरदर्शिता और पंचकूला पुलिस की संवेदनशीलता से नशामुक्ति बना जनआंदोलन: डीजीपी शत्रुजीत कपूर

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस की पंचकूला यूनिट द्वारा शुरू की गई नशामुक्ति पहल अब एक मिसाल बन चुकी है। दिसंबर 2024 में हरियाणा सरकार के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन में हरियाणा पुलिस द्वारा शुरू हुए इस कार्यक्रम का उद्देश्य नशे के शिकार व्यक्तियों को चिकित्सीय सहयोग और परामर्श देकर पुनर्वासित करना रहा। इस मिशन ने पुलिस की भूमिका को कानून प्रवर्तन से आगे बढ़ाते हुए समाज सुधारक के रूप में प्रस्तुत किया है।

**ह्यमेरा गांव, मेरी शानह्न के तहत ग्राम-आधारित मॉडल**




इस पहल को स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से एक समुदाय-आधारित अभियान के रूप में संचालित किया गया। इसमें ह्यमेरा गांव, मेरी शानह्य मॉडल को अपनाया गया, जिसके तहत विभिन्न गांवों और वार्डों में सक्रियता से नशे के शिकार लोगों की पहचान कर उन्हें इलाज हेतु प्रेरित किया गया। इसके अंतर्गत माताओं, बहनों, आंगनवाड़ी कार्यकताओं और स्थानीय पंचायती प्रतिनिधियों को जोड़ते हुए व्हाट्सएप समूहों के माध्यम से शिविरों की जानकारी, उपलब्ध चिकित्सीय सुविधाएं और परामर्श सेवाएं सांझा की गईं।

**चुनौतियों का समाधान, संवेदनशीलता के साथ**

अभियान के आरंभ में नागरिकों में संकोच की भावना देखी गई। वर्दी में बात करने से लोग दूरी बना लेते थे, अतः पुलिसकर्मी नशे के शिकार लोगों से सादी वेशभूषा में जाकर संवाद करने लगे। पुलिसकर्मियों द्वारा सादी वेशभूषा में नशे के शिकार लोगों से संपर्क किया गया। नशे के शिकार लोगों के इलाज के लिए समय निकालने में नौकरी की चिंता व्यक्त की गई, जिसका हरियाणा पुलिस द्वारा वाहन आदि जैसी अन्य सुविधाएं देते हुए समाधान निकालने का प्रयास किया गया। गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वालों को डॉक्टरी परामर्श व दवाएं सुलभ कराने हेतु डॉक्टरों के साथ मिलकर व्यावहारिक समाधान निकाले गए।

**प्रेरणादायक कहानियाँ बनीं बदलाव की मिसाल**

इस अभियान के दौरान अनेक उदाहरण सामने आए जिन्होंने पूरे समुदाय की सोच बदली। एक युवक अजय(परिवर्तित नाम), जो लंबे समय से गांजे के सेवन से असहाय स्थिति में था, पुलिस के हस्तक्षेप के बाद अस्पताल में इलाज के दौरान न केवल स्वस्थ हुआ, बल्कि अब वह अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा बन गया है।

# जिला में 6 स्थानों पर बाढ़ से बचाव का कार्य जारी, 17-18 करोड़ होंगे खर्च : हरविन्द्र कल्याण

**जायजा**

**बारिश से पहले अधिकारियों को अलर्ट रहने के दिए निर्देश, जल्द से जल्द काम को करें पूरा**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले में यमुना से लगते गांवों को बाढ़ से बचाने के लिए बड़े पैमाने पर बचाव कार्य किए जा रहे हैं। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने मंगलवार को ढाकवाला और सदरपुर गांव में यमुना बांध पर चल रहे निर्माण कार्यों का दौरा किया। उन्होंने कहा कि जिले में यमुना किनारे छह स्थानों पर स्टड व स्टोन रिवेटमेंट का कार्य जारी है, जो 30 जून से पहले पूरा कर लिया जाएगा।

विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि निर्माण कार्यों में लगभग 17 से 18 करोड़ रुपए की लागत आनी है। कवाला गांव में छह नए स्टड बनाए जा रहे हैं और साथ ही स्टोन रिवेटमेंट का काम भी किया जा रहा है। यह कार्य लगभग तीन करोड़ रुपए की लागत से किया जा रहा है। वहीं सदरपुर गांव में छह पुराने स्टड्स की मरम्मत की जाएगी, जिस पर 1 करोड़ 28 लाख रुपए खर्च होंगे। उन्होंने कहा कि निर्माण स्थलों पर 70 से 80 प्रतिशत सामग्री पहुंच चुकी है और कार्य तेजी से चल रहा है। उन्होंने कहा कि हर वर्ष मॉनसून सीजन से पहले यमुना और अन्य नदियों के किनारे बाढ़ से बचाव के लिए सरकारी स्तर पर निगरानी और काम होता है। जहां आवश्यकता होती है, वहां पर सरकार प्रोजेक्ट्स को मंजूरी देती है।



पिछले वर्षों में भारी बारिश और यमुना के जलस्तर में वृद्धि के कारण करनाल के कई गांवों में बाढ़ आ चुकी है। इंद्री क्षेत्र में एक बार यमुना का बांध टूटने से भारी नुकसान हुआ था और तीन स्थानों पर स्थिति बेहद नाजुक बनी थी।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि बीते वर्ष लालुपुरा के साथ यमुना के तटबंध को मजबूत करने के लिए 13 करोड़ रुपए के कार्य किए गए थे। विभाग ने वहां अच्छी गुणवत्ता का निर्माण कार्य किया। यमुना का बहाव कई बार दिशा बदल देता है, जिससे निर्माण कार्यों में कठिनाई आती है, लेकिन विभाग ने पहले के अनुभवों से सीखकर बेहतर काम किया है।

हरविंद्र कल्याण ने कहा कि उनके दौरे का मुख्य उद्देश्य सिर्फ प्रगति रिपोर्ट लेना नहीं, बल्कि मौके पर ग्रामीणों से मिलकर उनकी राय जानना भी है। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों के सुझाव कई बार बेहद उपयोगी साबित होते हैं। अगर कोई नया मुद्दा सामने आता है तो संबंधित विभाग को अवगत कराया जाता है और जरूरत होने पर उस पर कार्रवाई भी होती है।

विधानसभा अध्यक्ष ने सिंचाई विभाग और जिला प्रशासन को निर्देश दिए कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पहले से ही तैयारी की जाए। उन्होंने याद दिलाया कि दो साल पहले समय पर सामग्री नहीं मिलने से दिक्कतें आई थीं और एनएफएल व थर्मल जैसे संस्थानों से पत्थर मंगवाने पड़े थे। इस बार ऐसी स्थिति न बने, इसके लिए सभी इंतजाम समय रहते कर लिए जाएं।

हरविन्द्र कल्याण ने बताया कि सरकार ने यमुना से संबंधित सभी प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दे दी है। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार जताया, जिनकी अध्यक्षता में हुई बाढ़ नियंत्रण बोर्ड की बैठक में ये प्रोजेक्ट्स पास किए गए। उन्होंने गंगा व यमुना से प्रार्थना करते हुए कहा कि प्रदेश में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहे।

# 13 जून को होगा संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम का आयोजन: प्रवीण लाठर

**बैठक**

**कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर प्रवीण लाठर की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** भारतीय जनता पार्टी पूरे देशभर में केंद्र सरकार की 11 वर्ष की उपलब्धियों को रेखांकित करने के लिए संकल्प से सिद्धि कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है।

इसी विषय को लेकर आज भाजपा जिला कार्यालय कर्ण कमल में संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें भाजपा के सभी प्रकोष्ठों के संयोजकों के अतिरिक्त इस कार्यक्रम के संयोजक एवं सहसंयोजक मौजूद रहे।

बैठक में करनाल में होने वाले संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम को 13 जून शुक्रवार को सुबह 10 बजे करनाल जिला कार्यालय कर्ण कमल में आयोजित करवाने का निर्णय लिया गया। बैठक में इस कार्यक्रम की सफलता एवं कार्यक्रम को भव्य रूप प्रदान करने के लिए अपने विचार रखे।





भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने बताया कि भाजपा 5 जून से 15 अगस्त तक हरियाणा के विभिन्न हिस्सों में संकल्प से सिद्धि अभियान के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान कार्यकताओं को केंद्र सरकार की योजनाओं, जैसे उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री किसान समृद्धि योजना और आयुष्मान भारत योजना, को घर.घर तक पहुंचाने का लक्ष्य दिया गया है।

इस अवसर पर संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के जिला संयोजक पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक सुखीजा के अतिरिक्त जिला सह संयोजक यशपाल ठाकुर केश कला बोर्ड चैयरमेन, पूर्व सीनीयर डिप्टी मेयर कृष्ण गर्ग, जगदेव पाढा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, जिला उपाध्यक्ष राजबीर शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी डा. अशोक कुमार, आईटी प्रमुख विकास कथूरिया, एडवोकेट यशवीर राणा, डा. मुकेश तनेजा, दर्शन आहलुवालिया, संजीव लखनपाल, लेखराज गर्ग, मदन गुर्जर एवं सुभाष भारद्वाज मौजूद रहे।

# गांव खंदराई व गोहाना की राजस्व भूमि पर किए जा रहे अवैध निर्माण ध्वस्त: डीटीपी अजमेर सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत**

जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) अजमेर सिंह ने बताया कि जिले में पनप रही अवैध कॉलोनियों और निमार्णों को प्रारंभिक चरण में ही ध्वस्त करने के लिए उपायुक्त डॉ0 मनोज कुमार के निदेर्शानुसार प्रशासन द्वारा सख्त अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में मंगलवार को गांव खंदराई व गोहाना की राजस्व सीमा में लगभग 07 एकड़ भूमि पर विकसित किया जा रहा अवैध निर्माण पर कार्रवाई करते हुए 20 डीपीसी, 01 चार दिवारी व कच्चे व पक्के रास्तों को ध्वस्त किया गया।

डीटीपी अजमेर सिंह ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अवैध कॉलोनियों में प्लॉट न खरीदें। ऐसी कॉलोनियों में सरकार द्वारा कोई भी मूलभूत सुविधा जैसे सडक, पानी, सीवरेज या बिजली प्रदान नहीं की जाती। इससे आपकी मेहनत की कमाई जोखिम में पड़ सकती है। उन्होंने कहा कि प्लॉट खरीदने से पूर्व यह सुनिश्चित करें कि संबंधित कॉलोनी नियमानुसार स्वीकृत है अथवा नहीं। डीटीपी ने यह भी स्पष्ट किया कि जिले में किसी भी अवैध निर्माण/कॉलोनी के निर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी। जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा जिले के सभी क्षेत्रों पर सख्त निगरानी रखी जा रही है और यदि कोई व्यक्ति अवैध कॉलोनी विकसित करता पाया गया, तो उसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी।





उन्होंने बताया कि कोई भी नागरिक अवैध कॉलोनियों से संबंधित शिकायत या जानकारी के लिए सेक्टर-15 स्थित हुड्डा कॉम्प्लेक्स की पहली मंजिल पर जिला नगर योजनाकार कार्यालय में संपर्क कर सकता है।

# हथौड़ा मारकर पत्नी की हत्या करने के मामले में आरोपी काबू

**टीम एक्शन इंडिया**

**सिरसा..(रणबीर खटक).....**बीते दिन मीरपुर कॉलोनी सिरसा में एक व्यक्ति द्वारा अपनी पत्नी के सिर पर हथौड़ा मारकर हत्या करने के मामले में आरोपी पति को काबू कर लिया है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुखदेव सिंह ने बताया कि मृतका के पिता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि मक्खन सिंह ने चरित्र पर संदेह के चलते अपनी पत्नी के सर में हथौड़ा मार कर हत्या कर दी है,और मौका से फरार हो गया है। पीड़ित व्यक्ति की शिकायत के आधार पर थाना सदर सिरसा में हत्या की विभिन्न धाराओं के तहत अभियोग दर्ज कर जांच शुरू की गई है ।

जांच के दौरान आरोपी मखन लाल पुत्र केशव राम निवासी मीरपुर कॉलोनी सिरसा को गिरफ्तार कर लिया है ।

# ब्रेन ट्यूमर के लक्षणों को नजरअंदाज न करें, समय पर जांच है जीवन रक्षक: डॉ. आशीष

**टीम एक्शन इंडिया**

**पंचकूला :** वर्ल्ड ब्रेन ट्यूमर डे के अवसर पर पारस हेल्थ पंचकूला ने लोगों को ब्रेन ट्यूमर के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष पहल की। विशेषज्ञों ने बताया कि समय पर पहचान और उचित इलाज से इस गंभीर बीमारी से जीवन बचाया जा सकता है। वरिष्ठ न्यूरोसर्जन डॉ. आशीष गुप्ता ने कहा, लगातार सिरदर्द, धुंधली दृष्टि या दौरे आना ब्रेन ट्यूमर के संकेत हो सकते हैं। मरीज को ऐसे लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए और तुरंत जांच करानी चाहिए।ङ्ख उन्होंने बताया कि आधुनिक न्यूरो तकनीकों जैसे न्यूरोनेविगेशन और मिनिमली इनवेसिव सर्जरी के जरिए अब इलाज ज्यादा सटीक और सुरक्षित हो गया है। डॉ. अनिल ढींगरा, डायरेक्टर न्यूरोसर्जरी ने बताया कि हाल ही में एक 29 वर्षीय युवक को तेज सिरदर्द और भ्रम की हालत में इमरजेंसी में लाया गया। जांच में दिमाग के फ्रंटल लोब में बड़ा ट्यूमर पाया गया। जटिल सर्जरी 24 घंटे चली और ट्यूमर पूरी तरह निकाल दिया गया। अब मरीज सामान्य जीवन जी रहा है। डॉ. ढींगरा ने कहा, हमारा लक्ष्य न केवल इलाज करना है, बल्कि लोगों को शिक्षित कर ब्रेन से जुड़ी बीमारियों की झिझक को भी दूर करना है। समय पर कदम उठाना जीवन रक्षक हो सकता है। पारस हेल्थ पंचकूला ने ब्रेन हेल्थ को प्राथमिकता देने और किसी भी संदिग्ध लक्षण पर तुरंत डॉक्टर से सलाह लेने की अपील की।

**जागरूक किया**

**हमारा लक्ष्य न केवल इलाज करना है, बल्कि लोगों को शिक्षित कर ब्रेन से जुड़ी बीमारियों की झिझक को भी दूर करना है**

## संक्षिप्त खबरें

### इस कहानी को अच्छे से दर्शकों तक पहुंचाना मेरी जिम्मेदारी है: गेरार्ड बटलर

**नई दिल्ली।** यूनिवर्सल पिक्चर्स (जिसके डिस्ट्रीब्यूटर हैं वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी) और ड्रीमवर्क्स एनीमेशन, शानदार एनीमेशन फिल्म हाऊ टू ट्रेंड योर ड्रैगन को लाइव ऐक्शन फिल्म के तौर पर 13 जून 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज करने जा रहे हैं। इस फिल्म के साथ प्यारे वाइकिंग और आग उगलने वाले ड्रैगन की यह कहानी अब दर्शकों को असल पात्रों के साथ बड़े परदे पर देखने को मिलेगी। इस फिल्म के जाने-माने अभिनेताओं में मेसन थेम्स हिकप की भूमिका में और गेरार्ड बटलर स्टोइक द वास्ट के किरदार में दिखाई देंगे। फिल्म की कहानी बर्क नामक वाइकिंग गांव के इर्द-गिर्द केंद्रित है। एनीमेशन फिल्म को असल किरदारों के साथ पेश की जा रही इस फ्रेंचाइज में स्टॉइक द वास्ट का किरदार निभाने वाले गेरार्ड बटलर इस कहानी के साथ अपना जुड़ाव बताते हुए कहते हैं, मुझे इस फिल्म की कहानी बहुत पसंद है और मेरा इससे एक व्यक्तिगत जुड़ाव हो गया है। स्कॉटिश ऐक्टर गेरार्ड बटलर आगे कहते हैं, अपने ज्यादातर ऐक्टिंग करियर में मैं इस प्रोजेक्ट से जुड़ा रहा हूं। मैंने इस फिल्म की कहानी पर शुरूआत से काम होते और फिर एनीमेशन फिल्म बनने और उसे दर्शकों का अपार प्यार मिलने तक की यात्रा देखी है। इस फिल्म में जो भावनात्मक अपील, करुणा, प्रेरणा, दिल को छूने वाले पल और रोमांच है वह सब गजब का है। इस यात्रा का हिस्सा बनना ऐसा है जैसे आप इस परिवार के ही सदस्य हों और मैंने हमेशा यह जिम्मेदारी महसूस की है कि इस फिल्म की कहानी अच्छे से दर्शकों तक पहुंचे। इसलिए जब डीन ने मुझसे कहा कि हम इस फिल्म को असल किरदारों के साथ बनाने जा रहे हैं क्या तुम काम करना पसंद करोगे? तो मेरे लिए यह खुशी का मौका था। इस फिल्म के साथ फिर से जुड़ना सम्मान और जिम्मेदारी दोनों था। जिम्मेदारी यह कि इस कहानी को एनीमेशन में जिस खूबसूरती से पेश किया गया है उसी तरह इसे असल किरदारों के साथ भी दिखाया जा सके। इस काम को अंजाम देने के लिए डीन से बेहतर व्यक्ति कोई दूसरा नहीं हो सकता था। उनकी बुद्धिमानी, रचनात्मकता, भावनात्मक सूझबूझ उनकी हर कहानी में नजर आती है। जब उन्होंने मुझे फिर से स्टॉइक द वास्ट का किरदार निभाने को कहा तो मुझे इस रोल को फिर से निभाने के साथ इस बात की भी खुशी थी कि मुझे उनके साथ काम करने का मौका मिल रहा है।

### एएमपी समूह ने सभी के लिए स्वास्थ्य सेवा की सुविधा प्रदान की

**गुरुग्राम।** स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता का एक नया युग शुरू हो रहा है, जिसमें एएमपी फाउंडेशन का ह्यएएमपी जीवन सेवा मेडिकल सेंटर सोमवार, 9 जून 2025 को सुबह 10 बजे, 38 किलोमीटर स्टोन, दिल्ली-जयपुर हाईवे, खंडसा, गुरुग्राम स्थित परिसर में उद्घाटित होगा।





यह केंद्र बीपीएल (गरीबी रेखा से नीचे) समुदाय के लिए मुफ्त सेवाएँ, एपीएल (गरीबी रेखा से ऊपर) के लिए अत्यधिक रियायती दरों पर सेवाएँ और दवाइयाँ, तथा सभी के लिए मुफ्त डॉक्टर परामर्श एवं प्राथमिक उपचार प्रदान करेगा — ताकि सामुदायिक कल्याण को उनके दृष्टिकोण में सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा सके। इस केंद्र का प्रबंधन ह्यलास्ट माइल केयरद्ध के विशेषज्ञ पेशेवरों द्वारा किया जाएगा ताकि क्षेत्र में निवारक देखभाल एवं आपातकालीन तत्परता को बढ़ाया जा सके। यह पहल हमारे स्वास्थ्य समावेशन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ती है, जो एक स्वस्थ जीवनशैली, सामुदायिक सहयोग एवं समर्थन को बढ़ावा देती है।एएमपी फाउंडेशन आस-पास के गाँवों में साप्ताहिक स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित करेगा और गंभीर रूप से घायल या आपातकालीन रोगियों के लिए एम्बुलेंस सुविधा भी उपलब्ध है। हम आपको हमारे एएमपी जीवन सेवा मेडिकल सेंटरद्ध में हार्दिक निमंत्रण देते हैं — यह एएमपी फाउंडेशन, स्थानीय स्वास्थ्य प्राधिकरण और सामुदायिक नेताओं के बीच एक सहयोग है ताकि बेहतर स्वास्थ्य और सुविधा सुनिश्चित की जा सके। एएमपी जीवन सेवा मेडिकल सेंटर
38 किमी स्टोन, दिल्ली-जयपुर हाईवे, खंडसा, गुरुग्राम
समय: सोमवार से शुक्रवार सुबह 9:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक
संपर्क करें: +91 124 2977179 आइए, हम मिलकर एक स्वस्थ भविष्य का निर्माण करें!

# नया सीवेरज ट्रीटमेंट प्लांट लगाने का टेंडर सोनीपत महानगर प्राधिकरण द्वारा जारी



> राठधना गांव में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का कार्य दो वर्ष में पूरा होगा और इस शहर की सीवरेज जाम की समस्या का समाधान होगा। ककरोई रोड स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट को भी पूरी क्षमता पर चलाने के प्रयास किये जा रहे हैं।
> **राजीव जैन मेयर**

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

शहर की सीवेरज समस्या के स्थाई समाधान के लिए राठधना गांव में 30 एम-एल डी क्षमता का नया सीवेरज ट्रीटमेंट प्लांट लगाने का टेंडर सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण द्वारा जारी कर दिया गया है, प्लांट पर 90 करोड़ रुपए की लागत आएगी और 8 जुलाई को टेंडर खोला जायेगा।

राठधना में पहले से ही 30 एम-एल डी क्षमता का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट चल रहा है और अब आबादी बढ़ने के कारण शहर का पूरा पानी शोधित करने में परेशानी आ रही है। एक और सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाने की योजना लम्बे समय से बन रही थी परन्तु प्राधिकरण के गठन के बाद अब सिरे चढ़ने जा रही है।

नए सीवेरज ट्रीटमेंट प्लांट लगने के बाद शहर की आधे से ज्यादा आबादी को सीवरेज जाम की समस्या से भी निजात मिलेगी। यह प्लांट नई तकनीक से लगाया जायेगा जिसका आधे से ज्यादा पानी फैक्ट्रियों एवं पेड़ पौधों के लिए पुनः प्रयोग किया जा सकेगा। प्लांट के लगने से जी टी रोड और रेलवे लाइन के बीच बसी कालोनियों एवं रिहायशी सेक्टरों को बड़ी राहत मिलेगी।

# पुराने संघर्ष के साथियों से वही प्यार, स्नेह और समर्थन मिल रहा: बिश्नोई

**आगाज**

**कर्णसिहं पसीना जैसे साथियों ने संघर्ष के समय दिया साथ,सात पीढियां भी नही उतार सकती कर्ज-कुल्दीप बिश्नोई**

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

जिन कार्यकर्ताओं ने मेरे साथ कंधे से कंधा मिला कर संघर्ष किया है, उन कार्यकर्ताओं को मैं कभी भूल नहीं सकता। उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए कुलदीप बिश्नोई को एक बार फिर से चाहे कितना भी संघर्ष करना पड़े वे करेंगे। इसलिए कार्यकर्ताओं को चिंता करने की जरूरत नहीं है। वे उनके काम करवाएंगे। उक्त बाते पूर्व सांसद एवं भाजपा नेता कुलदीप बिश्नोई ने ऊझा रोड के नजदीक अपने पुराने संघर्ष के साथी और पूर्व पार्षद व गुर्जर सभा पानीपत प्रधान कर्णसिहं पसीना के निवास पर अपने साथियों का हालचाल जानते हुए कही। इस दौरान उन्होने कर्णसिहं पसीना की प्रशंसा करते हुए कहा कि संघर्ष के समय जो साथ कर्णसिहं जैसे साथियों ने दिया है उनकी सात पीढियां भी उनका कर्ज नही उतार सकती। वो हर समय सुख-दुख में कर्णसिहं के परिवार के साथ कंदे से कदा मिलाकर खडे रहेगें। इस दौरान कुल्दीप बिश्नोई का कार्यकताओं ने भी उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि प्रदेश के हर कौने में उन्हें अपने पुराने संघर्ष के साथियों से वही प्यार, स्नेह और समर्थन मिल रहा है, जिसको देखकर वे अभिभूत हैं और उन्हें एक नई ऊर्जा और ताकत मिल रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की नायब सरकार बेहतरीन काम कर रही है और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बिना किसी भेदभाव के सभी वर्गों के कार्य समान रूप से करवा रहे हैं। भाजपा की डबल इंजन सरकार प्रदेश को प्रगति के पथ पर निरंतर अग्रसर कर रही है। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया वे अपना साथ और स्नेह इसी प्रकार बनाए रखें, यही उनकी ताकत है। इस मौके पर महेश थरेजा,नक्षत्र शर्मा,आजाद नम्बरदार,सरपंच पंकज रावल,नरेश ऊझा,ईशमसिहं गोयला खुर्द,एमसी बिट्टू प्रजापति,एमसी प्रीतम गुर्जर,गोविन्द बाल्मीकी,जयकरण सैन,रविन्द्र सैनी,मुकेश सैनी,अधिवक्ता भवरसिहं,मा.पितांबर रावल,रविन्द्र भलौर,शिवकुमार रावल,कवरपाल जलालपुर,बिट्टू रावल बापौली,रोहताश आदि अनेक मौजूद थें।



# माइनिंग अधिकारी के किराए देने वाले पत्र को किसानों ने किया खारिज

**समाधान**

**जिला प्रशासन को अडियल रवैया छोड़ कर निकाले समाधान का रास्ता : महताब कादियान**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** मुस्तफाबाद गांव के मामले में माईनिंग अधिकारी की ओर से मैसर्ज मेक्स माइनिंग कंपनी को किसानों के खातों में एक लाख रुपए की राशि प्रति एकड़ की दर से बतौर भूमि किराया देने का आदेश पत्र जारी किया गया है। इस पत्र को किसानों ने सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी भूमि का किसी प्रकार का किराया नहीं चाहिए। इस आदेश की प्रति तीन गांव के 11 किसानों को भी सूचनार्थ भेजी गई है।



ड़ाक विभाग के जरिए भेजे गए रजिस्टर्ड पत्र में डाकवाला गुजरान के पालाराम, राजकली, सरोज रानी, कविता तथा शेखुपुरा के महाबीर सिंह, सुमन, ओमप्रकाश व मुस्तफाबाद के विजय कुमार, पवन कुमार, राम सिंह व दयाल सिंह के नाम शामिल है। पालाराम सहित कई किसानों ने भारतीय किसान यूनियन के करनाल स्थित दीनबंधु सर छोटूराम किसान भवन प्रादेशिक कार्यालय में पहुंचकर प्रदेश संगठन मंत्री शाम सिंह मान, उतरी हरियाणा प्रभारी महताब कादियान, प्रवक्ता सुरेंद्र सागवान को उक्त पत्र की प्रति को सौंप कर कहा कि हम किसी भी कीमत पर अपनी काश्त भूमि का किराया नहीं लेना चाहते है।

किसान नेताओं ने कहा कि अभी भी प्रशासनिक अधिकारी किसानों की काश्त भूमि को मैसर्ज मेक्स माईनिंग कंपनी के हवाले करने के प्रयास कर रहे है। किसान कई बार करनाल के एसडीएम अनुभव मेहता को अपनी जमीन को किसी भी कंपनी को नही देने के लिए अपनी फरियाद लिखित तौर पर दे चुके हैं। फिर भी करनाल प्रशासन की ओर से किसान विरोधी प्रक्रिया अपनाई जा रही है।

किसान नेता महताब कादियान ने कहा कि जिला प्रशासन को अडियल रवैया छोडकर दोनों पक्षों को बुला कर समाधान करने का रास्ता निकालना चाहिए। भाकियू भी हमेशा बातचीत से समाधान करने की पक्षधर रही है। भाकियू प्रवक्ता सुरेंद्र सागवान ने कहा कि आने वाली 13 जून को पानीपत स्थित माईनिंग विभाग के अधिकारी का भाकियू के कार्यकताओं द्वारा पुतला फूंक कर विरोध जताया जाएगा। इस अवसर पर किसान बबलू सोहाना, कविंद्र बदरान, हुकम सिंह, भरतरी मान सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

# टीवीएस अपाचे आरटीआर 200 4 वी ने शुरू किया परफोर्मेन्स का नया दौर

**टीम एक्शन इंडिया**

**मंडी:** दोपहिया और तिपहिया सेगमेन्ट में ग्लोबल लीडर टीवीएस मोटर कंपनी ने 20 सालों की रेसिंग की धरोहर,इंजीनियरिंग की उत्कृष्टता एवं दुनिया भर में 6 मिलियन से अधिक राइडरों के भरोसे का जश्न मनाते हुए नई 2025 टीवीएस अपाचे आरटीआर 200 4वी का अनावरण किया।रेस के मैदान से उत्पन्न और सड़क के लिए निर्मित टीवीएस अपाचे मोटरसाइकलें रेसिंग में शानदार परफोर्मेन्स देती हैं। इन्हें खासतौर पर उन राइडरों के लिए डिजाइन किया गया है जो अपनी मोटरसाइकल से पावर,कंट्रोल और रिफाइनमेन्ट की उम्मीद रखते हैं। अपाचे सीरीज बेजोड़ विश्वसनीयता और रोमांच के साथ सेगमेन्ट में अग्रणी परफोर्मेन्स देना जारी रखे हुए है।ओबीडी2बी कम्प्लायन्ट टीवीएस अपाचे आरटीआर 200 4वी कई महत्वपूर्ण अपग्रेड्स के साथ आती है जो राइडिंग के अनुभव को बेहतरीन बना देते हैं। इसमें शानदार कंट्रोल और शार्प कॉर्नरिंग क्षमता के लिए 37एमएम अपसाईड डाउन फ्रंट सस्पेंशन है। इसके अलावा एक हाइड्रोफोर्म्ड हैण्डलबार राइडिंग की सभी परिस्थितियों में बेहतर हैण्डलिंग और स्थिरता को सुनिश्चित करता है। रेसिंग के डीएनए को आगे बढ़ाते हुए टीवीएस अपाचे आधुनिक टेक्नोलॉजी,रेस से प्रेरित डिजाइन एवं सटीक इंजीनियरिंग का उत्कृष्ट संयोजन पेश करती है।लुक की बात करें तो मोटरसाइकल रैड एलॉय व्हील एवं नए ग्राफिक्स के साथ शानदार नए लुक में आती है।

यह तीन कलर्स ग्लॉसी ब्लैक,मैट ब्लैक एवं ग्रेनाईट ग्रे में उपलब्ध होगी। विमल सुंबली हैड बिजनेस,प्रीमियम टीवीएस मोटर कंपनी ने कहा टीवीएस अपाचे ब्राण्ड सिर्फ एक मोटरसाइकल ही नहीं बल्कि यह एक विश्वस्तरीय आंदोलन है।

# संपादकीय

## नीचों का राज

**सुबह** का वक्त था, मगर मोहल्ले में अंधेरा छाया हुआ था। अंधेरा बिजली का नहीं, सोच का था। नीच लोगों की बैठक रातभर चली थी– अखबारों में उसे रात्रिकालीन विचार गोष्ठी कहा गया। वही गोष्ठी, जिसमें तय हुआ कि अब ईमानदार को भ्रष्ट कहा जाएगा और भ्रष्ट को ईमानदार। सबने ताली बजाई, जैसे गधे घास देखकर हिनहिनाते हैं। मोहल्ले का बूढ़ा वर्मा जी उस सुबह अपने दरवाजे पर बैठा चाय पी रहा था, बोला–अब तो नीचों का दौर है बेटा, हम तो बस पोस्टर बनकर दीवारों पर टंगे हैं। सामने से नेताजी निकले, कुर्ता इतना सफेद कि उनकी नीयत पर शेरवानी शर्मिंदा हो जाए। बोले, चिंता न करो वर्मा जी, अब हर घर में नीचता की रौशनी पहुंचाई जाएगी। वर्मा जी चाय गिरा बैठे–कहीं ये योजना सचमुच नल-नीच योजना न हो जाए!

गली के नुक्कड़ पर लड़कों का झुंड खड़ा था। सिस्टम को गाली देना इनका रोज का व्रत था। अबे साले, वो जो वॉर्ड का ठेकेदार है, कल उसका इंटरव्यू टीवी पे आया। बोल रहा था–हम समाज सेवा करते हैं। और अगले ही दिन उसने मोहल्ले का पार्क बेच दिया। किसी ने पूछा, तूने क्या किया? जवाब मिला, मैंने भी कुछ नहीं किया, मैं भी समाज सेवा कर रहा हूँ। हँसी गूंजी, लेकिन दर्द छुपा हुआ था–उस मोहल्ले में बच्चे अब मैदान में नहीं, मोबाइल में गिरते थे। नीचता वहाँ रिवाज बन चुकी थी। लोग कहते थे–बेटा कुछ भी बनो, पर नेता बनना मत भूलना।

एक स्कूल था, जहाँ अध्यापक कम और शिक्षा ठेकेदार ज्यादा थे। वहाँ बच्चों को पढ़ाया जाता था–इंटिग्रिटी इज ए मिथ, हॉनेस्टी इज फॉर लूजॉर्स हर सप्ताह भाषण प्रतियोगिता होती थी–विषय होता, मैं कैसे एक भ्रष्ट अफसर बनूं। माँ-बाप ताली बजाते थे, और स्कूल का मालिक कहता, हमने टैलेंट को सही दिशा दी है। एक बच्चा मंच से बोला–मैं बड़ा होकर रिश्वत लूंगा, पर स्टाइल से। सब हँसे, पर उसकी माँ रो पड़ी। वो जानती थी, घर में दो वक्त की रोटी नहीं, पर बेटे को नीचता का आइना दिखा दिया गया है। हाँ, उस आईने में चेहरे नहीं, केवल नोटों के रंग दिखते थे।

एक अस्पताल था, जहाँ डॉक्टर नहीं, दवा डीलर बैठते थे। गरीब मरीज ऑपरेशन टेबल पर था, डॉक्टर बोला–सर्जरी तभी होगी, जब एडवांस आएगा। नर्स बोली, साहब के पास फाइल है, कागज कम, कमीशन ज्यादा है। बाहर खड़ा उसका बेटा रो रहा था, बोला–पापा को बचा लो, मैं अपनी साइकल दे दूंगा। डॉक्टर मुस्कराया, बोला–हम इमोशन्स नहीं, इनवॉइस पढ़ते हैं। फिर पीछे से आवाज आई–साहब, अगले महीने मेडिकल अवार्ड मिलने वाला है। और मरीज की सांसे रुक गईं। सब बोले–डॉक्टर साहब महान हैं, उन्होंने मृत्यु में भी व्यवसाय खोज लिया। शहर का एक पुल गिर गया। अखबार ने लिखा–ईश्वर की इच्छा थी। मुख्यमंत्री बोले–इसमें नीचता नहीं, नियति का खेल है। मगर मोहल्ले का लड़का जो हर रोज उस पुल से स्कूल जाता था, अब स्कूल नहीं गया–वो मलबे में दब गया था। पिता बोला–हम तो बस यही चाहते थे कि बच्चा पढ़-लिख जाए। ठेकेदार को क्लीन चिट मिल गई–वो अब नई योजना में व्यस्त था, गड्ढों में विकास। उसके फ्लैट की बालकनी से गिरा हुआ पुल साफ दिखाई देता था। उसने पत्नी से कहा–देखो जानू, ये सब ऑपर्च्युनिटी इन डिसास्टर है। पत्नी मुस्कराई–तुम्हारी नीचता पर तो हॉलीवुड फिल्म बन सकती है।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ग्यारह वर्ष

मृत्युंजय दीक्षित

> पूर्व में सर्जिकल स्ट्राइक जैसे अपने ही पराक्रम को चुनौती देते हुए भारतीय सेना द्वारा इस बार जम्मू झकश्मीर के पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों की धर्म पूछकर हत्या की धृष्टता को ऑपरेशन सिन्दूर से दिए गए उत्तर का परिणाम पूरा विश्व देख रहा है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ही संभव था अन्यथा मुंबई जैसे वीभत्स आतंकी हमले के बाद भी तत्कालीन प्रधानमंत्री डोजियर झडोजियर ही खेलते रहे थे। ऐसा पहली बार हुआ, जब भारत सरकार ने पाकिस्तान की परमाणु हथियारों की गीदड़ भभकी के आगे झुकने से पूर्णतया इंकार कर दिया। कूटनीतिक स्तर पर सिंधु जल समझौता निलंबित करने का निर्णय हुआ जिसके बारे में पहले कभी सोचा भी नहीं गया था। पूरी स्पष्टता और सख्ती के साथ कह दिया गया कि अब पाकिस्तान से बात होगी तो केवल आतंकवाद और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर को वापस करने पर ही होगी

**वर्ष** 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश का नेतृत्व संभाला और सेवा, सुशासन तथा गरीब कल्याण के साथ राष्ट्रहित में आगे बढ़ते हुए दोबारा कभी पीछे मुड़ कर नहीं देखा फिर चाहे कोविड जैसी महामारी आई हो या पड़ोसी देशों ने कुचक्र रचे हों। आज का भारत राष्ट्ररक्षा, राष्ट्रजीवन और राष्ट्रोत्थान के प्रत्येक पक्ष में, एक भारत श्रेष्ठ भारत के मूलमंत्र के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले इस समय को विकास का अमृतकाल कहना कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने साहसिक निर्णयों से देश की राजनीति को सामान्य दलगत सत्ता की राजनीति से बदल कर जनहित और राष्ट्रहित के लिए सतत प्रयासशील राजनीति बनाने का सार्थक प्रयास किया है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत का आम नागरिक अपने आपको सुरक्षित अनुभव करता है क्योंकि वो देख रहा है कि भारत पड़ोसी के अपराध करने पर उसको घर में घुसकर मारता है, भारत ने अपनी सुरक्षा नीति में बड़े बदलाव किए हैं। पूर्व में सर्जिकल स्ट्राइक जैसे अपने ही पराक्रम को चुनौती देते हुए भारतीय सेना द्वारा इस बार जम्मू झकश्मीर के पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों की धर्म पूछकर हत्या की धृष्टता को ऑपरेशन सिन्दूर से दिए गए उत्तर का परिणाम पूरा विश्व देख रहा है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ही संभव था अन्यथा मुंबई जैसे वीभत्स आतंकी हमले के बाद भी तत्कालीन प्रधानमंत्री डोजियर झडोजियर ही खेलते रहे थे। ऐसा पहली बार हुआ, जब भारत सरकार ने पाकिस्तान की परमाणु हथियारों की गीदड़ भभकी के आगे झुकने से पूर्णतया इंकार कर दिया। कूटनीतिक स्तर पर सिंधु जल समझौता निलंबित करने का निर्णय हुआ जिसके बारे में पहले कभी सोचा भी नहीं गया था। पूरी स्पष्टता और सख्ती के साथ कह दिया गया कि अब पाकिस्तान से बात होगी तो केवल आतंकवाद और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर को वापस करने पर ही होगी। आजादी के बाद पहली बार भारत सरकार ने पाकिस्तान व उसको सहयोग देने वालों के प्रति इतना कड़ा रुख अपनाया है। मोदी सरकार की नीति से स्पष्ट हो गया है कि अब अगर पाकिस्तान या उसके पोषित आतंकवादियों ने कोई भी गलती करी तो पाकिस्तान का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा। मोदी सरकार के विगत ग्यारह वर्षों में चलाए गए आत्मनिर्भर भारत की धमक ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान पूरे विश्व ने



अनुभव की जब भारत के स्वदेशी यंत्रों और आयुधों ने अमरीका, चीन और तुर्की जैसे देशों के हथियारों धूल चटा दी। रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और आयुधों तथा रक्षा प्रणालियों के क्रेता से विक्रेता बनने की यह यात्रा नए नरेन्द्र मोदी के भारत की पहचान है। केवल सीमापार ही नहीं वरन सीमाओं के भीतर बैठे लाल आतंकी भी डर में हैं और अपनी अंतिम साँसे गिन रहे हैं। नक्सलवाद के सफाये का व्यापक संकल्पबद्ध अभियान चलाया जा रहा है और गृह मंत्रालय ने 2026 तक भारत को नक्सलवाद के आतंक से मुक्त कराने का बीड़ा उठाया है। मोदी जी के दूसरे कार्यकाल के आरम्भ में ही 5 अगस्त 219 को जम्मू कश्मीर में अलगाववाद की पोषक धारा -370 इतिहास के पृष्ठों में चली गई और राज्य देश की मुख्य धारा से जोड़ा जा सका। जम्मू कश्मीर ने विकास की राह पकड़ी । प्रान्त में जी -20 (जो भारत की अध्यक्षता के बाद 21 हो चुका है) की बैठकें हुईं । पर्यटन बढ़ा, रोजगार आया , युवाओं के लिए नए अवसर खुले। शांतिपूर्ण चुनाव हुए। कुछ ही दिन पूर्व प्रांत में चंद्रभागा (चिनाब) नदी पर बना विश्व का सबसे ऊँचा रेलवे ब्रिज प्रधानमंत्री ने देश को समर्पित किया। मोदी राज से पूर्व ये सब कुछ कल्पना मात्र था। स्वच्छ भारत अभियान, बेटी बचाओ, उज्जवला, मातृत्व वंदन, महिला सशक्तीकरण, ग्रामीण आवास, जन-धन, फ्री राशन जैसी योजनाओं से मोदी सरकार ने बड़ी जनसँख्या को गरीबी के चंगुल से बाहर निकालने में सफलता प्राप्त की है। विश्व बैक की ओर से जारी एक रिपोर्ट के अनुसार मोदी सरकार के विभिन्न प्रयासों के चलते 27 करोड़ भारतीय घोर गरीबी रेखा से बाहर निकल चुके हैं। राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न चुनौतियों व विपरीत परिस्थितियों के बाद भी भारत की अर्थव्यवस्था लंबी छलांग लगा रही है और भारत विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। 2014 के पूर्व एक ऐसा समय भी था जब भारत को फ्रजाइल फाइव में से एक कहा गया। महिलाओं की चिंता करते करते हुए पहले मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक से मुक्ति तथा फिर संसद व राज्य विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण का मार्ग प्रशस्त किया गया। ड्रोन दीदी और लखपति दीदी अपने आप में सफलता की कहानियां हैं । डिजिटल क्रांति को अपनाते हुए भ्रष्टाचारमुक्त और पारदर्शी शासन प्रणाली की स्थापना के प्रयास से आज एक तरफ राज्य की कल्याणकारी नीतियों का लाभ सीधे लाभार्थियों तक पहुँच रहा है वहीं दूसरी और विश्व भर के निवेशक भारत की ओर आकर्षित हो रहे हैं। डिजिटल इंडिया के कारण जनता का जीवन और व्यापार दोनों आसान हुए हैं। बैकिंग आसान हुई है तथा सरकार की जन -धन योजना ने बड़ी आबादी को देश की बैंकिंग प्रणाली से जोड़ा है जिससे सरकारी योजनाओं का वित्तीय लाभ सीधे जनता के बैंक एकाउंट में पहुंच रहा है। आधार आधारित प्रणाली योजनाओं के क्रियान्वयन में पूर्व में व्याप्त व्यापक भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने वाली है। प्रधानमंत्री मोदी ने आर्थिक भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए नोटबंदी का कड़ा निर्णय लिया,उस समय सभी समस्याएं उठाते हुए देश की जनता मोदी जी के साथ खड़ी रही यह उसके अपने प्रधानमंत्री पर अटल विश्वास का परिचायक था। 2017 में आया नया जीएसटी कानून भी कर व्यवस्था में एक बड़ा बदलाव लेकर आया। नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में ऐसे सभी कार्य संपन्न हो रहे है जिनका पहले लोग केवल सपना देखते थे। अयोध्या में 500 वर्षों के अथक संघर्षो के बाद दिव्य, भव्य व नव्य राम मंदिर का निर्माण का संकल अब पूर्णता की ओर है। 2014 के चुनाव प्रचार तक विपक्षी ह्लरामलला हम आएंगे मंदिर वहीं बनाएंगे किंतु तारीख नहीं बताएंगेह्न कहकर भाजपा का मखौल उड़ाते थे किंतु प्रभु बालक राम की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही विपक्ष स्वयं मखौल बनकर रह गया है। आज करोड़ों रामभक्त रामलला के दर्शन करने पहुंच रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय संस्कृति का पुनर्जागरण काल चल रहा है। भारत भर के हिंदू सनातन संस्कृति के सभी प्रमुख केंद्रो का विकास हो रहा है। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ-2025 का सफल व अभूतपूर्व आयोजन किया गया जिससे संपूर्ण विश्व में हिंदू एकजुटता का पवित्र संदेश गया। प्रधानमंत्री मोदी की पहल पर हजारों साल पुरानी चोरी हुई कलाकृतियां व मूर्तियां भारत को वापस मिल रही है। जिसमें वाराणसी में अन्नपूर्णा देवी की मूर्ति अत्यंत महत्व की है। देश के सभी तीर्थस्थलों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएँ देने के साथ साथ उन्हें रेल, सड़क व वायु पविहन के माध्यम से जोड़ा जा रहा है। मोदी जी के द्वितीय कार्यकाल में कोविड जैसी महामारी का प्रकोप हुआ जिससे विश्व के बड़े बड़े देशों की स्वास्थ्य व्यवस्थाएं चरमरा गयीं । कई देशों में हड़तालें हुईं,दंगे हुए यहां तक कि सत्ता परिवर्तन तक हो गये किंतु भारत की प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार आम जनमानस के सहयोग से समस्या से निपटी और सफल हुई ।

भारत सरकार विदेशी वैक्सीन बेचने वाली शक्तियों के विरुद्ध भी डटकर खड़ी रही। भारत ने न केवल अपनी वैक्सीन बनायी वरन वसुधैव कुटुम्बकम के मंत्र को धारण करते हुए विश्व के कई देशों को भी इसे उपलब्ध कराया। आमजन के स्वास्थ्य को लेकर भी प्रधानमंत्री सदा चिंतित रहते हैं इसके लिए एक तरफ आयुष्मान भारत योजना लागू की गई और सस्ती दवाओं की उपलब्धता के लिए जनऔषधि केंद्र खोले गए वहीं स्वास्थ्य सेवाओं की अवस्थापना, चिकित्सा तथा उपचिकित्सा सेवा प्रदाताओं की संख्या बढ़ाने तथा टेली मेडिसिन पर तेजी से काम किया गया।

# कविता

क्या हो गया है इन औरतों को?
अब ये आईना क्यों नहीं झुकातीं?
क्यों चलती हैं तेज हवा सी,
क्यों बातों में धार रखती हैं?
कल तक जो आंचल से डर को ढँकती थीं,
अब क्यों प्रश्नों की मशालें थामे हैं?
क्या हो गया है इन औरतों को –
जो रोटी से इंकलाब तक पहुंच गईं?
कोमल थीं, हाँ, थीं नर्म हथेलियाँ,
अब उनमें तलवार क्यों उग आई?
क्या प्रेम मर गया है इनकी धमनियों में,
या समाज की मार ने उसे लहूलुहान किया?
कर्नाटक की उस स्त्री को देखो –
जिसे अब हर चैनल पर नंगा किया गया,
अपराध की खबर कम थी,
उसके चेहरे की लिपस्टिक ज्यादा दिखी।
कहां चूक हुई परवरिश में?
ये सवाल अक्सर औरतों के लिए होता है,
मगर जब बेटे खंजर बन जाते हैं,
तो माँ की ममता ही ढाल बना दी जाती है।
क्या स्त्री सिर्फ़.सहने को बनी है?
या वो भी ज़िन्दा प्राणी है –
जिसे मोह भी होता है,
और मोहभंग भी।
कोई नहीं पूछता कि क्यों टूटी वो?
किसने उसके सपनों को कुचला था?
क्यों उसका अंत अपराध में हुआ,
शायद वह भी कभी एक गीत थी...
इन औरतों को कुछ नहीं हुआ है,
ये बस अब मौन नहीं रहीं,

प्रियंका सौरभ

## संत कबीर जयंती: विचारों की क्रांति का महापर्व

**संत** कबीरदास–एक ऐसी चिंगारी, जो सदियों बाद भी अंधेरे को भस्म करती है, एक ऐसी वाणी, जो पाखंड की बेड़ियों को तोड़ती है, और एक ऐसा दर्शन, जो मानवता को सत्य और प्रेम की राह दिखाता है। जब भारतीय संत परंपरा का जिक्र होता है, तो कबीर का नाम तूफान की तरह गूँजता है–न झुकने वाला, न थमने वाला। वे न राजसत्ताओं के गुलाम थे, न धर्मों के ठेकेदार। उनकी हर साखी, हर दोहा, हर शब्द एक हथौड़ा है, जो अज्ञान, जातिवाद और ढोंग की दीवारों को चूर-चूर करता है। उनकी जयंती, ज्येष्ठ पूर्णिमा, जो 11 जून 2025 को देश के कोने-कोने में उत्साह के साथ मनाई जाएगी, केवल एक तिथि नहीं, बल्कि एक क्रांति का शंखनाद है–सत्य, समानता और करुणा की चेतना का महापर्व। यह वह दिन है, जब कबीर की आवाज हमें झकझोरती है–जागो, बंदे! पाखंड छोड़ो, सत्य को गले लगाओ। कबीर का जन्म 15वीं शताब्दी में माना जाता है, हालांकि उनके जन्मकाल को लेकर विद्वानों में मतभेद हैं। कुछ स्रोत 1398 को उनका जन्मवर्ष बताते हैं, तो कुछ 1440 के आसपास। उनकी जन्मकथा रहस्य से भरी है–कहा जाता है कि वे काशी (आधुनिक वाराणसी) में एक विधवा ब्राह्मणी के गर्भ से प्रकट हुए, जिन्हें स्वामी रामानंद का आशीर्वाद प्राप्त था। उनका पालन-पोषण नीरू और नीमा, एक जुलाहा दंपति ने किया। निम्न मानी जाने वाली जाति में जन्मे कबीर ने कभी सामाजिक भेदों को स्वीकार नहीं किया। उनका जीवन इस सत्य का जीवंत प्रमाण है कि आत्मा की शुद्धता और विचारों की ऊँचाई ही मानव की सच्ची पहचान है। कबीर ने निर्गुण भक्ति का मार्ग चुना, जिसमें ईश्वर निराकार, सर्वव्यापी और सर्वशक्तिमान है। उन्होंने मंदिर-मस्जिद के आडंबरों को ठुकराया और ईश्वर को हृदय में खोजने का संदेश दिया। उनका दोहा–मोको कहाँ ढूँढे रे बंदे, मैं तो तेरे पास में। ना मैं मंदिर, ना मैं मस्जिद, ना मैं काबे कैलास में।–न केवल उनकी आध्यात्मिक गहराई को उजागर करता है, बल्कि धार्मिक पाखंडों पर करारा प्रहार भी करता है। कबीर की रचनाएँ–दोहे, साखियाँ और शब्द–भाषा की सरलता और विचारों की तीक्ष्णता का अनुपम संगम हैं। उनकी रचनाएँ अवधी, भोजपुरी और हिंदी के मिश्रण में हैं, जो आम जन की जुबान थीं। उनका एक और प्रसिद्ध दोहा–पोथी पढ़ि पढ़ि जग मुआ, पंडित भया न कोय। ढाई आखर प्रेम का, पढ़े सो पंडित होय।–यह सिखाता है कि सच्चा ज्ञान वह नहीं जो शास्त्रों में कैद हो, बल्कि वह जो प्रेम, करुणा और मानवीयता को जागृत करे। कबीर ने धार्मिक गुरुओं, पंडितों और मुल्लाओं की खोखली विद्वता पर तीखे व्यंग्य किए। उनकी वाणी में जीवन का हर पहलू–सामाजिक असमानता, धार्मिक ढोंग, नैतिकता और आत्म-जागरूकता–स्पष्ट रूप से उभरता है। उनकी रचनाएँ बीजक, साखी, शबद और रमैनी जैसे संग्रहों में संकलित हैं, जो आज भी भक्ति और दर्शन के साधकों के लिए मार्गदर्शक हैं।

# विचार

## बालश्रम निषेध दिवस - महज रस्म अदायगी

अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने विश्व में बढती बाल मजदूरी ओर उससे बढ़ते बाल अपराध की समस्या को दूर करने के लिए प्रतिवर्ष 12 जून को अंतर्राष्ट्रीय बालश्रम निषेध दिवस सन 2002 से बच्चो को मजदूरी से मुक्ति दिलाने के पवित्र उद्देश के साथ मनाना प्रारम्भ किया हे ! आज भारत दुनिया भर के देशो में के लिए बालश्रम एक वैश्निविक समस्या बन कर उभर रही हे और देखा जाए तो देश व विश्व मे बढ़ते बालश्रम सरकार के विकास कार्यों कि हकीकत बया भी करते हे ! दुनिया मे पेट की भूख के लिए छोटे छोटे बच्चों को सुबह पो फटते ही जब सड़कों पर काम के लिए जाते देखते तो अंतर्मन द्रवित हो उठता हे ! केंद्र व राज्य सरकारों कि सेकड़ों लोक कल्याणकारी योजनाओ के धरातल पर कार्य करने के बाद भी देश मे बड़े पेमाने पर अपनी घरेलू खस्ता माली हालत के चलते कच्ची उम्र मे बच्चों को जिस वक्त स्कूलों मे बेठकर पढ़ाई करना चाहिए उस दोरान वह बच्चे शिक्षित संभ्रांत लोगों के घरों मे, दुकानों मे, कारखानों मे या फुटपाथ पर अपनी ओर अपने परिवार के पेट पालने के लिए काम करते हुए या फिर कई तरह की वस्तुए बेचते देखे जा सकते हे ! दुनिया सहित भारत मे केंद्र व राज्य सरकारो द्वारा बालश्रम रोकने के लिए सेकड़ों कानून बनाये भी गए हे लेकिन विडंबना यह हे कि बालश्रम रोकने कि जिम्मेदारी जिन्हे सोपी गई हे उनके ऑफिस मे ही बालक बालश्रम करते हुए दिन मे तीन दफे चाय लेकर आता हे ! इन्ही वजहों से भारत सहित दुनिया भर के देशो मे बाल श्रमिको की प्रतिवर्ष बढती तादाद सरकारी प्रयासों को सरेआम धता बताकर हर वक्त चिडाती हुई नजर आती हे ! आज भारत में ग्रामो से लगाकर नगरो महानगरो तक में हर कही देखेगे तो आपको घरो में, दुकानों में, आफिसो में, कारखानों में, सडको पर, रेलवे बस स्टेशनों पर हर कही बच्चे या तो काम करते हुए पाए जायेगे या फिर भिक्षावृति के धंधे में लिप्त पाये जायेगे ! आज बालश्रम कि आड़ मे कुछ लोग बच्चों कि आर्थिक मजबूरी का फायदा उठाकर उन्हे मादक पदार्थों कि तस्करी मे भी झोंक रहे हे ओर कुछ मासूम बच्चे अपनी गरीबी के चलते घरों ओर कारखानों मे लोगों कि हवश के शिकार बन कर रह जाते हे ! ऐसे पीड़ित बच्चो का दर्द समझने वाले न अपने हे न सरकार के नुमाइंदे हे इसलिए तो बालश्रम की आड़ मे भारत मे ही लाखो बच्चे रोज ही शोषण का शिकार होते हे ! विश्व में 20 करोड़ से ज्यादा बच्चे अपनी गरीबी के चलते पढने की उम्र में लोगो के घरो में काम करने पर मजबूर हे ! 14 वर्ष तक की उम्र के बच्चो से काम करना अपराध की श्रेणी में आता हे किन्तु अधिकाश सविधान की दुहाई देने वाले भारतीय ही खुद यह अपराध अपने घर में बच्चो से काम करवा कर रोज करते हे ! भारत सहित समूची दुनिया ने भले ही वेज्ञानिक क्षेत्र मे उन्नति कर चाँद पर आशियाना बनाने का दावा जता रही हो लेकिन दुःख इस बात का हे कि हमारे देश का आधे से ज्यादा बचपन मजबूरी के चलते आज बालश्रम में लिप्त हे जो विकसित मजबूत होते भारत के अभिमान को फीका करता नजर आता हे ! विडम्बना तो यह कि बालश्रम रोकने के लिए कभी भी धरातल पर ईमानदारी से कोई सरकारी अभियान चलाया ही नहीं गया हे जिसके परिणाम स्वरुप देश में स्कूल जाने कि उम्र के करोड़ बच्चे सरकारों की नाक के नीचे ही अपने परिवारों की पेट की मजबूरी के चलते काम करते हुए नजर आते हे !

प्रतिवर्ष बालश्रम निषेध दिवस के नाम पर सरकारी आयोजन करके रस्म अदायगी भर कार्यवाही करके सरकारे इतिश्री कर लेती हे ! अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा जब बालश्रम को अपराध घोषित किया गया हे तो फिर प्रतिवर्ष बालश्रम के आकड़ो में बढ़ोतरी होना बेहद गंभीर चिंतन का विषय हे ! मानवता के दुश्मन बालश्रम में लिप्त बच्चो को हथियार के रूप में इस्तेमाल करके कभी भी गहरी चोट दे सकते हे ! आज बालश्रम में लिप्त बच्चो से कुछ असामाजिक तत्व उन्हें गलत धंधो में डालकर उनका जीवन बर्बाद करने पर तुले हे ! भारत सरकार को देश की आंतरिक सुरक्षा की दृष्टी से भी बालश्रम पर लगाम लगानी होगी ! देशविरोधी ताकते बाल मजदूरो की मजबूरी का फायदा उठाकर उन्हें लालच देकर उनसे ऐसे कार्य भी करवा रही हे जो देश के लिए घातक हे !


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## श्रम की खुशबू और सफलता’

**किसी** भी लक्ष्य को पाने के लिए सही योजना परिकल्पना तथा रणनीति अत्यंत आवश्यक है अपने लक्ष्य के अनुसार अपनी क्षमता को दृष्टिगत रखते हुए व्यक्ति को अपनी प्राथमिकताएं सुनियोजित कर लेनी चाहिए, लक्ष्य प्राप्ति के लिए यह बहुत जरूरी है कि आपके पास उपलब्ध समय की गणना आवश्यक रूप से कर ले, अन्यथा अपने टारगेट से इधर उधर भटक सकते हैं, ऐसी स्थिति में मन को एकाग्र रखकर आत्मविश्वास को द्विगुणित कर के एकाग्रता को एक हथियार की तरह इस्तेमाल करना एक महत्वपूर्ण कदम होगा, सर्वप्रथम आप अपनी क्षमता शक्ति एवं ऊर्जा को पहचानिए एवं लक्ष्य की तरफ एक एक सोपान धीरे धीरे बढ़ाते जाएं, लक्ष्य के स्वरूप और छोटा या बड़ा होने की मन में कल्पना न करें, लक्ष हमेशा लक्ष्य होता है छोटा बड़ा नहीं, इसके लिए बहुत ही ठंडे दिमाग से योजना बनाकर लक्ष्य की प्राप्ति के उपायों को मन ही मन तय करें एवं प्राथमिकता के आधार पर उसकी धीरे धीरे तैयारी करना शुरू करें सफलता के लिए अपने संसाधन सुनिश्चित करने के पश्चात एक सुनियोजित योजना बनाकर समय की प्रतिबद्धता के हिसाब से धीरे–धीरे आगे की ओर अपने कदम न सुनिश्चित करें लक्ष्य प्राप्ति के लिए जो सबसे बड़ा शस्त्र है वह समय का सदुपयोग, क्योंकि हम सभी को मालूम है कि हमारे पास दिन में सिर्फ 24 घंटे ही उपलब्ध होते हैं, इसमें हमें दैनिक दिनचर्या शारीरिक एवं मानसिक शक्ति प्राप्त करने के लिए समय निकालने की आवश्यकता होगी, ऐसे में समय का समुचित उपयोग एक सफल नियोजन कर्ता की तरह किया जाना चाहिए, उपलब्ध समय में उचित समय पर उठना स्नान, ध्यान, भोजन एवं मानसिकता दृढ़ता के लिए समुचित नींद या निद्रा की अत्यंत आवश्यक होती है` किसी ने सच कहा है, मन के हारे हार है और मन के जीते जीत, यदि आपको जीवन में जीत या सफलता प्राप्त करनी है तो आप मानसिक दृढ़ता के साथ आप आत्मविश्वास से लवरेज यानी ओतप्रोत होने के लिए तैयार हो जाए, लक्ष्य छोटा हो या बड़ा घबराने की आवश्यकता नहीं है , क्योंकि मनुष्य का मस्तिष्क ही सोच के हिसाब से सफलता लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सक्षम होता है काम करने से पहले ही यदि आप आधे मन से अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होंगे तो सफलता प्राप्त होने में संदेह ही नहीं सारी परिस्थितियां संदिग्ध हो जाती है लक्ष्य की दूरहता या क्लिष्टता का पूवार्नुमान अपनी सफलता की तैयारी के पूर्व ही कर लिया जाना चाहिए और इन सब के लिए सुनियोजित रणनीति या कार्य योजना तैयार कर उस लक्ष्य की तरफ रुख किया जाना चाहिऐ

## माता-पिता नहीं, अभिभावक: ट्रांस अधिकारों की नई पहचान

**केरल** हाई कोर्ट का हालिया फैसला, जिसमें ट्रांसजेंडर दंपती ज़िया और जहद को उनकी बेटी के जन्म प्रमाण पत्र में 'माता' और 'पिता' के बजाय 'अभिभावक' के रूप में दर्ज करने की अनुमति दी गई, न केवल एक कानूनी मील का पत्थर है, बल्कि सामाजिक समावेशिता और लैंगिक समानता की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम भी है। यह फैसला भारत में ट्रांसजेंडर समुदाय के अधिकारों को मान्यता देने और उनके परिवार को कानूनी वैधता प्रदान करने की दिशा में एक क्रांतिकारी बदलाव का प्रतीक है। इसने न केवल ज़िया और जहद के परिवार को एक नई पहचान दी, बल्कि देश भर में ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिए सामाजिक और कानूनी स्वीकृति की राह को और प्रशस्त किया। ज़िया और जहद, जो केरल के कोझिकोड के रहने वाले हैं, ने 2023 में उस समय सुर्खियां बटोरीं जब जहद, एक ट्रांस पुरुष, ने एक बच्ची को जन्म दिया। यह भारत में पहली बार था जब एक ट्रांसजेंडर दंपती ने जैविक रूप से बच्चे को जन्म दिया। इस जोड़े ने अपनी बेटी के जन्म प्रमाण पत्र में अपनी पहचान को 'माता' और 'पिता' के बजाय 'अभिभावक' के रूप में दर्ज करने की मांग की, ताकि उनकी लैंगिक पहचान और सामाजिक जीवन के साथ यह दस्तावेज सुसंगत रहे। कोझिकोड नगर पालिका ने उनके इस अनुरोध को खारिज कर दिया, जिसके बाद उन्होंने केरल हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। जस्टिस ज़ियाद रहमान की अगुवाई वाली बेंच ने उनके पक्ष में फैसला सुनाते हुए निगम को निर्देश दिया कि वह दो महीने के भीतर संशोधित जन्म प्रमाण पत्र जारी करे, जिसमें माता-पिता के कॉलम को हटाकर याचिकाकताओं को बिना लिंग उल्लेख के 'अभिभावक' के रूप में दर्ज किया जाए। यह फैसला कई मायनों में ऐतिहासिक है।

सबसे पहले, इस फैसले ने ट्रांसजेंडर दंपती को एक परिवार के रूप में

कानूनी मान्यता दी। परंपरागत रूप से, भारतीय समाज और कानून ने परिवार की परिभाषा को पुरुष और महिला की द्वैधता (बाइनरी) के आधार पर देखा है। लेकिन यह फैसला इस रूढ़िगत धारणा को चुनौती देता है और परिवार की अवधारणा को अधिक समावेशी बनाता है। यह न केवल ज़िया और जहद के लिए, बल्कि समस्त ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए एक बड़ी जीत है, जो अब अपने परिवार को कानूनी रूप से स्थापित करने का हक हासिल कर सकते हैं। यह फैसला समाज को यह संदेश देता है कि परिवार की संरचना केवल लिंग पर आधारित नहीं होनी चाहिए, बल्कि प्रेम, देखभाल और जिम्मेदारी पर आधारित होनी चाहिए।

## न्यूज फ्लैश

### राई बीडीपीओं कार्यालय में टी शर्ट, जींस पैंट पर रोक फॉर्मल कपड़ों में ऑफिस आने के आदेश

**टीम एक्शन इंडिया**

**राई।** अब खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय राई में सरकारी कर्मचारी और अधिकारी टी शर्ट और जींस पैंट पहने नजर नहीं आएंगे। सभी को फॉर्मल कपड़ों में ऑफिस आना होगा। ऐसा आदेश खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी (एचसीएच)सुरेन्द्र आर्य ने जारी किया है। जारी पत्र में कर्मचारियों को सख्त आदेश दिए है कि आदेश का पालन न करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश शुक्रवार से लागू हो जाएगा। कर्मचारियों को यह निर्देश दिए गए हैं कि वे फॉर्मल कपड़ों में ही ऑफिस आएं। वे फॉर्मल पैंट शर्ट पहनकर ऑफिस आ सकते हैं। अगर नियमों का पालन नहीं किया गया तो इसे गंभीरता से लिया जाएगा।

### हीट वेव से बचाव के लिए बरतें जरूरी एहतियात- उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा

**टीम एक्शन इंडिया**

**पुन्हाना मनीष आहूजा**

जिला उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि गर्मी के बढ़ते प्रकोप व संभावित हीट वेव (लू) की स्थिति के मद्देनजर सभी जिलावासियों से अपील की जाती है कि वे जरूरी एहतियात बरतें। बेवजह घर से बाहर न निकलें। सरकार ने इस संबंध में लोगों की सुरक्षा व उनके स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए विस्तृत गाइडलाइन जारी की है। सभी व्यक्ति इन गाइडलाइन की अनुपालना करें। बच्चों के ग्रीष्म अवकाश शुरू हो चुके हैं, ऐसे में बच्चों को अनावश्यक रूप से धूप व तेजी गर्मी में बाहर न निकलने दें। छोटे बच्चों को बार-बार पानी व ओआरएस का घोल अवश्य पिलाएं। किसी भी परिस्थिति में बीमार होने पर तुरंत डाक्टर को जरूर दिखाएं। उन्होंने आमजन से अपील की है कि हीट वेव के दौरान विशेष सतर्कता बरतें और स्वास्थ्य संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन जरूर करें।

उपायुक्त ने सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में जानकारी दी कि जिला प्रशासन ने अप्रैल माह में ही विस्तृत योजना बनाकर सभी विभागों को जरूरी दिशा-निर्देश दे दिए थे। अभी जिला में बिजली व पेयजल आपूर्ति के संबंध में भी निर्देश दिए गए हैं कि दोनों विभाग पूरी सतर्कता से कार्य करें, ताकि लोगों को कोई परेशानी न हो। मुख्यमंत्री ने अपने नूंह दौरे के दौरान भी निर्देश दिए हैं कि पानी के अवैध कनेक्शन जरूर काटे जाएं, ताकि सभी घरों में पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध हो सके। जनस्वास्थ्य विभाग की ओर से पिछले दिनों करीब 600 अवैध पानी के कनेक्शन काटे भी हैं। प्रशासन का प्रयास है कि सभी लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी व बिजली आपूर्ति हो।

**यह एहतियात जरूर बरतें**

उन्होंने हीट वेव से बचाव हेतु गाइडलाइन के संबंध में बताया कि बच्चों व बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों का विशेष ध्यान रखा जाए। ये वर्ग हीट वेव के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। इन्हें दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक धूप में बाहर न निकलने दें। गर्मी के मौसम में शरीर से पानी की मात्रा तेजी से घटती है, इसलिए सभी व्यक्ति दिनभर में पर्याप्त मात्रा में पानी, नींबू पानी, छाछ आदि का सेवन करें। गर्मी के मौसम में हल्के, ढीले और सूती वस्त्र पहनें तथा गाढ़े रंग के कपड़ों से बचें। सिर को टोपी, कपड़े या छतरी से ढककर रखें। यदि अत्यंत आवश्यक हो तभी बाहर जाएं। छायादार स्थानों पर रुकें और बार-बार पानी पीते रहें। दोपहर के समय में खेतों, निर्माण स्थलों या खुले में शारीरिक श्रम करने से बचें। घर में खिड़कियों और दरवाजों को पर्दों से ढकें, ठंडी हवा के लिए पंखों व कूलर का प्रयोग करें। इसी प्रकार खानपान का ध्यान रखें तथा बासी और भारी भोजन से बचें। अधिक से अधिक ताजे फल, सब्जियां, तरबूज, खीरा आदि का सेवन करें।

**लक्षणों को नजरअंदाज न करें-**

उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में यदि अत्यधिक पसीना, कमजोरी, चक्कर, उल्टी, तेज बुखार या बेहोशी जैसे लक्षण हों तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न करें।

**पशुओं व पक्षियों का भी रखें ध्यान-**

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि गर्मी के मौसम में पशुओं व पक्षियों का भी विशेष ध्यान रखें। पशुओं को छायादार स्थान पर रखें और उनके लिए पर्याप्त पानी की व्यवस्था करें। इसी प्रकार पक्षियों के लिए पेड़ों की टहनियों व घरों की छतों पर बरामदे आदि में पानी जरूर रखें, ताकि उन्हें पानी जल्द उपलब्ध हो।

# करनाल में कांग्रेस बनाएगी दो जिलाध्यक्ष

## पर्यवेक्षक ने कार्यकर्ताओं की जानी राय, कैलाशो सैनी बोली-गुटबाजी पर लगा नियंत्रण

**टीम एक्शन इंडिया**

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** हरियाणा में करीब 11 साल के लंबे अंतराल के बाद कांग्रेस ने अपने संगठन को मजबूत करने की दिशा में सक्रियता दिखाई है। पार्टी ने संगठन सृजन अभियान की शुरुआत करते हुए जिला स्तर पर नए नेतृत्व के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसी कड़ी में मंगलवार को करनाल के मानव सेवा संघ में एक अहम बैठक की गई, जिसमें करनाल संगठन के पुनर्गठन को लेकर विशेष चर्चा हुई।अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के केंद्रीय पर्यवेक्षक, विधायक एवं करनाल इंचार्ज भुवन कापड़ी तथा हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रदेश पर्यवेक्षक कैलाशो सैनी ने कांग्रेस नेताओं की बैठक ली। उन्होंने संगठन को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं और पूर्व पदाधिकारियों से राय-मशविरा



किया। पार्टी की रणनीति के अनुसार करनाल जिले में दो जिला अध्यक्ष नियुक्त किए जाएंगे-एक शहरी और एक ग्रामीण क्षेत्र के लिए। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि दोनों क्षेत्रों के जिला अध्यक्ष पद के लिए कई नेताओं ने दावेदारी जताई है। इन सभी नेताओं से पर्यवेक्षकों ने अलग-अलग बैठकें कीं। इसके आधार पर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए छह-छह नाम चयनित किए जाएंगे। ये नाम राहुल गांधी को भेजे जाएंगे और अंततः उन्हीं के द्वारा अंतिम चयन किया जाएगा। जो भी नेता राहुल गांधी द्वारा चुना जाएगा, पार्टी के सभी नेता और कार्यकर्ता उसी के नेतृत्व में काम करेंगे। भुवन कापड़ी ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य जिला अध्यक्ष का चयन करना था। इसके लिए जिला और प्रदेश कमेटियों के पूर्व सदस्य, पूर्व विधायक, पूर्व सांसदों और पूर्व मेयरों से संवाद किया गया। आगे चलकर विधानसभावार मीटिंग की जाएगी और इच्छुक उम्मीदवारों को नामांकन फॉर्म दिए गए हैं। जब विधानसभा स्तर की बैठकें होंगी, तब उम्मीदवार अपने-अपने फॉर्म जमा करवाएंगे और आम कार्यकर्ताओं से संवाद कर उनकी राय को भी हाइकमान तक पहुंचाया जाएगा। कापड़ी ने स्पष्ट किया कि जिला अध्यक्ष पद के लिए वही व्यक्ति चयनित होगा, जो कांग्रेस का मजबूत और निष्ठावान कार्यकर्ता हो, पार्टी विरोधी गतिविधियों से दूर रहा हो और जिस पर अधिकतर कार्यकर्ता सहमत हों। ऐसे व्यक्ति को चुना जाएगा जो गुटबाजी से ऊपर उठकर संगठन को एकजुट करने की क्षमता रखता हो। उन्होंने कहा कि संगठन की कमी कांग्रेस की हार का एक बड़ा कारण रही है, जबकि एक मजबूत संगठन ही पार्टी को चुनावी सफलता दिला सकता है। भाजपा द्वारा लगातार किए जा रहे आयोजनों के सवाल पर विधायक भुवन कापड़ी ने कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा को आयोजनों में महारत है, लेकिन सिर्फ आयोजनों से कुछ नहीं होता। संगठन का काम जमीन पर होना चाहिए, न कि सिर्फ दिखावे में। हरियाणा कांग्रेस की प्रदेश पर्यवेक्षक कैलाशो सैनी ने बताया कि संगठन सृजन अभियान की यह शुरुआत है और शहरी व ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में निष्ठावान कार्यकर्ताओं को ही जिम्मेदारी दी जाएगी।

# भानू राणा और साहिल भागल गैंग के दो सदस्य काबू

**टीम एक्शन इंडिया**

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिला एसटीएफ की टीम ने कार्रवाई करते हुए दो शातिर गैंगस्टर को गिरफ्तार किया है। दोनों किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे। पुलिस के मुताबिक दोनों का संबंध कुख्यात भानू प्रताप राणा गैंग और साहिल भागल गैंग से है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अमित उर्फ खौफ और बलराम के रूप में हुई है, जो कैथल जिले के चीका कस्बे के रहने वाले हैं। दोनों को कोर्ट में पेश किया गया और कोर्ट ने दोनों को जेल भेज दिया है। एसटीएफ पुलिस के मुताबिक दोनों आरोपियों को 9 जून को उचाना के पास से गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने दोनों आरोपियों के पास से एक अवैध 32 बोर की पिस्टल और कुछ जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि दोनों आरोपी अपने गैंग के आकाओं के निर्देश पर हरियाणा के अलग-अलग इलाकों में वारदातों को अंजाम देने की तैयारी कर रहे थे। उनकी मंशा फायरिंग करने की थी, ताकि विरोधियों में डर पैदा किया जा सके। गिरफ्तार किए अमित उर्फ खौफ और बलराम पर पहले भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। दोनों आरोपी आर्म्स एक्ट और ट्रांसफॉर्मर चोरी जैसे गंभीर मामलों में लिप्त रह चुके हैं। इनका आपराधिक रिकॉर्ड लंबा है और दोनों गैंग के सक्रिय सदस्य हैं। एसटीएफ में जांच अधिकारी प्रवीन ने बताया कि दोनों आरोपियों को गुप्त सूचना के आधार पर दबोचा गया। ये काफी समय से निगरानी में थे और किसी वारदात को अंजाम देने के लिए सक्रिय हो चुके थे। जांच अधिकारी के अनुसार भानू राणा और साहिल भागल गैंग के इशारे पर ये किसी बड़ी हिंसक घटना को अंजाम देने की फिराक में थे।

### सीसीटीवी कैमरे लगाकर करें पुलिस का सहयोग : जसवीर

**पुन्हाना मनीष आहूजा**

**पुन्हाना :** क्षेत्र में अपराध को खत्म करने के लिए पुलिस प्रशासन लगातार प्रयास कर रहा है। ऐसे में क्षेत्र के लोग भी सहयोग करें और बाजार से लेकर घर व दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे जरूर लगवाएं। पुन्हाना थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने बताया कि सीसीटीवी कैमरें लगवाने की अपील की जा रही है, ताकि इससे अपराधियों को काबू करने में मदद मिल सके। जसवीर सिंह ने बताया कि जब कोई अपराध घटित होता है तो सबसे पहले पुलिस अपराधियों का पता लगाने के लिए प्राथमिकता के आधार पर सीसीटीवी फुटेज की सहायता लेती है।

# सब इंस्पेक्टर भजन लाल ने संभाला बिछोर थाना का कार्यभार

**टीम एक्शन इंडिया**

**पुन्हाना मनीष आहूजा**

बिछौर थाना के नए एसएचओ भजन लाल ने कार्यभार संभाल लिया है। कार्यभार ग्रहण करते ही सब इंस्पेक्टर भजन लाल ने स्टाफ के साथ बैठक कर अपराधिक गतिविधियों पर पैनी नजर रखने के दिशा निर्देश दिए। इससे पहले भजन लाल नूंह साइबर थाना में कार्य कर चुके है। बिछोर थाना क्षेत्र अंतर्गत बढ़ते साइबर क्राइम की कमर तोड़ने के लिए भजन लाल को अब बिछोर थाने की कमान सौंपी गई है। पीएसआई भजन लाल ने बताया कि उनकी पहली प्राथमिकता अपराध पर अंकुश लगाना है। क्षेत्र में साइबर क्राइम का ग्राफ बढ़ रहा है। इसे जड़



से खत्म करने के लिए काम किया जाएगा। जिन गांवों में साइबर क्राइम के ज्यादा मामले है ,उन गांवों को चिन्हित किया जा रहा। कार्यभार संभालते ही एसएचओ भजन लाल ने गांव सुन्हेड़ा में सरपंच और गांव के मौजीज लोगों के साथ बैठक कर साइबर अपराधों में संलिप्त लोगों को पकड़वाने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की। गांव के लोगों ने भी उन्हें आश्वासन दिया कि वह साइबर अपराध को खत्म करने में पुलिस का पूरा सहयोग करेंगे। उन्होंने साईबर अपराधियों को कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि या तो वो ये काम छोड़ दे या फिर इलाका । किसी भी साइबर अपराधी को बक्सा नहीं जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से बचाने के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया जाएगा,क्योंकि इसके लिए लोगों का सहयोग बहुत आवश्यक है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वह बिना किसी भी भय के शिकायत देने के लिए आए थाने आए । किसी बाहरी या दलाल किस्म के लोगों के चक्कर में न आए। पीड़ितों के मदद के लिए पुलिस हर समय तैयार है।

### मौत के एक हफ्ते बाद मिला सुसाइड नोट

**टीम एक्शन इंडिया**

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** कस्बा घरौंडा में दुकानदार की मौत के एक हफ्ते बाद सुसाइड नोट बरामद हुआ है। मृतक की पत्नी का दावा है कि यह सुसाइड नोट उसके पति ने अपनी मौत से पहले लिखा था। मृतक की पत्नी ने अपनी बेटी के साथ किराना की दुकान खोली तो उसके गल्ले में सुसाइड नोट मिला। सुसाइड नोट में कश्यप चौपाल की दुकानों के निर्माण को लेकर बनाई गई कमेटी के सदस्यों पर मानसिक प्रताड़ना व धमकी के आरोप लगाए गए हैं। सुसाइड नोट में 15 नामों का जिक्र किया है। मृतक कश्यप चौपाल की दुकान का किरायेदार था। आरोप है कि कमेटी ने दुकान की मरम्मत के नाम पर दुकान को खाली करवाया और लिखित में आश्वासन दिया था कि मरम्मत के बाद दुकान दे दी जाएगी, लेकिन दुकान नहीं दी गई। पीड़ित ने एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर डाला था, जिसको डिलीट करवाने के लिए धमकी दी जा रही थी। आरोप है कि इसी धमकी के चलते व्यक्ति की मौत हुई है। हालांकि परिजनों की तरफ से कोई पोस्टमॉर्टम नहीं करवाया गया था और न ही पुलिस को कोई सूचना दी गई थी। अब मृतक की पत्नी ने पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# हरियाणा विधानसभा वेलफेयर ऑफ एससी-एसटी व बीसी कमेटी की बैठक सिक्किम में संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया**

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** हरियाणा विधानसभा की वेलफेयर ऑफ एससी-एसटी व बीसी कमेटी की बैठक सिक्किम विधानसभा के समिति कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता एससी-एसटी व बीसी कमेटी के चेयरमैन एवं नीलोखेड़ी के विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने की। इस अवसर पर समिति के सदस्य विधायक सरदार जरनैल सिंह, विधायक रामकरण, विधायक चन्द्र प्रकाश, विधायक



शीशपाल सिंह, विधायक डॉ. कृष्ण कुमार, विधायक पवन खरखौदा एवं विधायक अनिल यादव उपस्थित रहे। बैठक में सिक्किम विधानसभा की ओर से सचिव ललित गुरुंग, प्रिंसिपल डायरेक्टर कर्मा टी. ग्यतसो, जॉइंट सेक्रेटरी प्रोटोकॉल अभिमाया मगेर एवं ऑफिस अधीक्षक जीवन कुमार क्षेत्री ने प्रतिनिधित्व किया। बैठक में दोनों राज्यों की विधानसभा की कार्यप्रणाली, समितियों की कार्यशैली एवं सिक्किम राज्य में एससीएसटी व बीसी विभाग की कार्य व्यवस्था एवं उनके कल्याण के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सिक्किम के अधिकारियों ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा एससी-एसटी व बीसी वर्ग के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जो प्रभावी रूप से लागू हैं और समय-समय पर इन्हें बेहतर ढंग से क्रियान्वित करने के लिए दिशा-निर्देश भी जारी किए जाते हैं। विधायक भगवान दास कबीरपंथी ने सिक्किम सरकार की कार्यशैली की सराहना की और कहा कि दोनों राज्यों के अनुभवों से पारस्परिक सीख लेकर कल्याणकारी योजनाओं को और अधिक प्रभावी ढंग से लागू किया जा सकता है।

# ट्रेन की टक्कर से महिला की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले में नीलोखेड़ी रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को दर्दनाक हादसा हो गया। स्टेशन पर ट्रैक पार करते समय एक 55 वर्षीय बुजुर्ग महिला की एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि महिला का शव क्षत-विक्षत हो गया और शरीर के कई हिस्से दूर-दूर तक बिखर गए। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए कुरुक्षेत्र अस्पताल भिजवा दिया। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार मृतका की पहचान 55 वर्षीय वीना के रूप में हुई है, वह विधवा थी। वीना नीलोखेड़ी के अस्पताल एरिया में किराए के मकान में रहती थी और वह अपनी दो भतीजियों के साथ पंजाब के गुरदासपुर जा रही थी। मृतका के भतीजे प्रिंस ने बताया कि वीना की ननद की मौत हो गई थी और मंगलवार को उसका भोग यानी रस्म क्रिया थी। उसी में शामिल होने के लिए वीना अपनी दो भतीजियों के साथ गुरदासपुर जा रही थी। वह नीलोखेड़ी रेलवे स्टेशन पर पहुंची और टिकट लेकर स्टेशन पर मौजूद थी। इसी दौरान उसे पैसेंजर ट्रेन पकड़नी थी, लेकिन वह प्लेटफार्म बदलने के लिए रेलवे ट्रैक पार कर रही थी। तभी दूसरी दिशा से तेज रफ्तार से आ रही एक्सप्रेस ट्रेन ने उसे चपेट में ले लिया। मृतका वीना के परिवार की हालत भी चिंताजनक है। वीना की तीन बेटियां हैं और उसका एक बेटा मानसिक रूप से परेशान और दिव्यांग है। पति का देहांत पहले ही हो चुका था। परिवार का गुजारा वह खुद मेहनत-मजदूरी करके कर रही थी। नीलोखेड़ी के अस्पताल एरिया में वह किराए के मकान में रहती थी। हादसे की सूचना मिलते ही कुरुक्षेत्र जीआरपी के जांच अधिकारी नरेश कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

### हीट वेव से बचाव के लिए बरतें जरूरी एहतियात: उपायुक्त

**नूंह मनीष आहूजा**

जिला उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि गर्मी के बढ़ते प्रकोप व संभावित हीट वेव (लू) की स्थिति के मद्देनजर सभी जिलावासियों से अपील की जाती है कि वे जरूरी एहतियात बरतें। बेवजह घर से बाहर न निकलें। सरकार ने इस संबंध में लोगों की सुरक्षा व उनके स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए विस्तृत गाइडलाइन जारी की है। सभी व्यक्ति इन गाइडलाइन की अनुपालना करें। बच्चों के ग्रीष्म अवकाश शुरू हो चुके हैं, ऐसे में बच्चों को अनावश्यक रूप से धूप व तेजी गर्मी में बाहर न निकलने दें।

# यमुनानगर में अनाधिकृत कॉलोनी पर चला पीला पंजा

**टीम एक्शन इंडिया**

**यमुनानगर ( धर्मबीर)-** अर्बन एरिया जगाधरी में पड़ने वाले राजस्व सम्पदा मौजा जगाधरी व नाभ, तहसील जगाधरी, जिला यमुनानगर में तीन अनाधिकृत कॉलोनी विकसित की जा रही थी। इस अवैध कॉलोनी/ निर्माणों के विरूद्ध इस कार्यालय द्वारा जिला प्रशासन की सहायता से आज 10 जून 2025 को तोड़ने की कार्यवाही की गई है। उपायुक्त पार्थ गुप्ता के आदेशानुसार कार्यवाही के दौरान राजेश कुमार, जिला नगर योजनाकार अपने स्टाफ सहित, नायब तहसीलदार जगाधरी जो कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ड्यूटी मैजिस्ट्रेट के तौर पर नियुक्त किए गए थे तथा थाना



प्रबन्धक, राज्य प्रवर्तन ब्यूरो, यमुनानगर अपने दल-बल सहित तोड़-फोड़ के दौरान मौके पर उपस्थित रहे। इस दौरान जिला नगर योजनाकार, यमुनानगर द्वारा इन अवैध कॉलोनियों जिसका क्षेत्रफल लगभग 11 एकड़ में बनी कच्ची सडकों, नीवों, सिवरेज व पानी की पाईप लाइन को तोड़ा गया। जिला नगर योजनाकार ने बताया कि चूककर्ताओं को अर्बन एरिया एक्ट 8 ऑफ 1975 के तहत नियमानुसार नोटिस जारी किये गए थे तथा चूककर्ताओं द्वारा विभागीय आदेशों की पालना नहीं की गई तथा भू-मालिकों आदि द्वारा अवैध कॉलोनी व निर्माण की स्थापना करने से पहले आवश्यक अनुमति नहीं लेने के कारण इस अवैध कॉलोनी/निर्माण पर तोड-फोड़ की कार्यवाही की गई। जिला उपायुक्त पार्थ गुप्ता तथा जिला नगर योजनाकार अधिकारी राजेश कुमार ने सभी जनसाधारण से अपील की है कि कोई भी व्यक्ति किसी अवैध कॉलोनी में कोई भी प्लाट आदि की खरीद फरोख्त न करें। यदि फिर भी कोई व्यक्ति अवैध कॉलोनी/निर्माण करता हुआ पाया गया तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेवार होगा तथा जिला प्रशासन द्वारा उसके विरूद्ध भविष्य में भी नियमानुसार कार्यवाही जारी रहेगी।

# करनाल में बिजली संकट, ग्रामीणों ने हाईवे किया जाम

**टीम एक्शन इंडिया**

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के रांवर गांव में बिजली संकट से परेशान ग्रामीणों ने रात करीब 11 बजे करनाल-मेरठ स्टेट हाईवे जाम कर दिया। गांव में 8 जून की रात से बिजली गुल है और लगातार शिकायतों के बावजूद बिजली विभाग ने कोई समाधान नहीं किया। गर्मी, पानी और चारे की किल्लत से परेशान ग्रामीणों ने मेरठ रोड पर जाम लगा दिया, जिससे कई किलोमीटर लंबा ट्रैफिक जाम लग गया। ग्रामीणों का आरोप है कि ट्रांसफॉर्मर बदलने के नाम पर विभाग ने कम कैपेसिटी वाला ट्रांसफॉर्मर भेजा, जो तुरंत खराब हो गया। उन्होंने कहा कि फोन करने पर



जेई, एसडीओ और लाइनमैन तक ने जवाब देना बंद कर दिया। जेई ने मोबाइल नंबर ब्लैकलिस्ट में डाल दिए। पुलिस ने आश्वासन देने के बाद ही जाम खुलवाया जा सका। अरुण राणा, गुरमीत सिंह, सुरेश, संदीप, राजेंद्र, विकास, सोन समेत अन्य ग्रामीणों ने कहा कि बिजली विभाग में कई बार संपर्क किया, लेकिन जेई ने उनके फोन नंबर ब्लैकलिस्ट कर दिए। एसडीओ ने फोन ही स्विच ऑफ कर लिया और लाइनमैन का फोन भी बंद मिला। परेशान ग्रामीणों ने किसी तरह से दबाव डालकर एक ट्रांसफॉर्मर मंगवाया, लेकिन वह कम क्षमता का निकला। जैसे ही उसे चालू किया गया, ज्यादा लोड के चलते वह भी खराब हो गया। इससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी फैल गई। गांव में बिजली न होने से ट्यूबवेल भी नहीं चल पा रहे, जिससे पीने के पानी और पशुओं के लिए चारे की किल्लत हो गई है। ग्रामीणों ने बताया कि भीषण गर्मी में न तो पंखे चल पा रहे हैं और न ही कूलर या एसी का कोई उपयोग हो पा रहा है। खेतों में लगे हरे चारे को मशीनों से काटने के लिए भी बिजली की जरूरत होती है, लेकिन बिजली न होने से यह भी मुमकिन नहीं हो पा रहा। लोग गर्मी और प्यास से बेहाल हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जब वे 33 केवी के पावर हाउस पर मदद मांगने पहुंचे तो वहां मौजूद अधिकारियों ने उनकी मदद करने से साफ इनकार कर दिया। इससे गुस्सा, ग्रामीणों ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। जब सभी प्रयास असफल हो गए तो ग्रामीणों ने आखिरकार मेरठ रोड पर जाम लगा दिया। जाम लगते ही सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गई और कई किलोमीटर तक यातायात ठप हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन ग्रामीण शुरू में नहीं माने और अपना विरोध जारी रखा। ग्रामीणों का कहना था कि जब तक ठोस समाधान नहीं मिलेगा, वे सड़क से नहीं हटेंगे।

# नगर निगम ने सेक्टर 18 से पांच लावारिश पशुओं को पकड़ पहुंचाया गौशाला

**टीम एक्शन इंडिया**

**यमुनानगर (धर्मबीर)-** लावारिस गोवंशों को पकड़ने का निगम का अभियान जारी है। नगर निगम क्षेत्र में घूम रहे लावारिस गोवंशों को रोजाना पकड़ा जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को निगम की टीम ने सेक्टर 18 से पांच गोवंशों को पकड़कर गौशाला पहुंचाया। जब तक से शहर से हर लावारिस गोवंश नहीं पकड़ा जाता, निगम का यह अभियान जारी रहेगा। शहरवासी भी नगर निगम क्षेत्र में घूम रहे लावारिस गोवंश की फोटो खींचकर पत्ते व लोकेशन सहित निगम के व्हाट्सएप नंबर 7082410524 पर भेजें। जिसके बाद निगम की टीम मौके पर पहुंचकर लावारिस गोवंश को पकड़कर गौशाला पहुंचाएगी। मेयर सुमन बहमनी व नगर निगम आयुक्त अखिल पिलानी के निर्देशों पर लावारिस पशुओं को पकड़ने के लिए नगर निगम द्वारा जोन एक में सीएसआई हरजीत सिंह, जोन दो में सीएसआई विनोद बेनीवाल व जोन तीन में सीएसआई अनिल नैन के नेतृत्व में टीमों का गठन किया गया है। मंगलवार को सीएसआई हरजीत सिंह के नेतृत्व में गठित टीम लावारिस गोवंशों को पकड़ने के लिए वार्ड नंबर सात के सेक्टर 18 में पहुंची। यहां निगम कर्मियों ने विभिन्न स्थानों पर घूम रहे पांच बेसहारा गोवंशों को पकड़ा। निगम कर्मियों ने रस्सियों के माध्यम घेरा डालकर गोवंशों को पकड़ा। इसके बाद उन्हें टैंप लगाकर गौशाला पहुंचाया। सीएसआई हरजीत सिंह ने बताया कि लावारिस पशुओं को पकड़ने का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। शहर में घूमने वाले सभी लावारिस गोवंश को पकड़ा जाएगा। इस वर्ष अब नगर निगम ने 149 गोवंशों को पकड़ कर गौशाला पहुंचाया है। सभी पशुओं को टैग भी लगाए गए है। उन्होंने कहा कि कोई भी शहरवासी गोवंशों का इस्तेमाल करने के बाद उन्हें खुले में न छोड़े। यदि कोई गोवंश खुले में छोड़ता है तो उस पर 51 सौ रुपये जुर्माना लगाया जाएगा।

# असम्भव को संभव कर दिखाने से ब्रांड मोदी की है पहचान : जयराम ठाकुर

## आस्था, अस्मिता, आजीविका और अर्थव्यवस्था का उत्कर्ष है मोदी का सेवाकाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**

**शिमला** : शिमला जारी बयान में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि आज पूरी दुनिया में ब्रांड मोदी की चर्चा है। यह चर्चा उनकी अनवरत तपस्या के कारण है। असंभव को संभव कर दिखाने की क्षमता के कारण है। आर्थिक, सामरिक, वैज्ञानिक और कूटनीतिक उपलब्धियों के लिहाज से यह कार्यकाल अभूतपूर्व है। विकास, गरीब कल्याण, नारी सशक्तिकरण, आत्म निर्भर भारत



के लिए मोदी का यह सेवाकाल अद्वितीय है। जो पहले कभी नहीं हुआ वह आज संभव हुआ है। यह प्रधानमंत्री का विजन और दृढ़ इच्छा शक्ति का परिणाम है।प्रधानमंत्री के स्वर्णिम 11 साल का सेवाकाल इस बात का प्रमाण है कि सेवा से प्रेरित शासन व्यवस्था के द्वारा आम नागरिक के जीवन में व्यापक सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। संकल्प, साधना और राष्ट्रभक्ति से ही विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र का सफल नेतृत्व किया जा सकता है। जयराम ठाकुर ने कहा कि 11 साल के कार्यकाल में वह चीजें भी संभव हुई जिसके बारे में कभी कल्पना नहीं की जा सकती थी। आज कश्मीर से धारा 370 खत्म है। एक निशान, एक संविधान और एक प्रधान का सपना साकार हुआ है।

## भैणी खड्ड में एक परिवार से मारपीट, 11 लोगों पर केस दर्ज

**ऊना, 10 जून (राजन पुरी)** पुलिस थाना हरोली के तहत भैणी खड्ड गांव में एक परिवार से मारपीट करने का मामला सामने आया है। घटना में परिवार के चार लोग घायल हुए हैं। मामले को लेकर घायल महिला ने पुलिस को 11 लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सोनिया रानी पत्नि सुनील कुमार निवासी भैणी खड्ड ने बताया कि सोमवार रात्री को केवल कृष्ण की बहू और केवल की घरवाली बिना किसी वजह से इसकी सास के साथ गाली गलोच करने लगे। ऐसा करने से जब उन्हें रोका तो आरोपियों ने इसकी सास और इससे मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों के साथ सुरजीत, मदन, चमन, सहित आदि उपस्थित रहे।

## धुंधुकारी को प्रेत योनि से मुक्त करवाने हेतु भाई गोकर्ण ने करवाई श्रीमद भागवत कथा: पुनीत शर्मा

### -श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में बह रही है भक्ति की बयार

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः** नगर के श्रीलक्ष्मी नारायण मंदिर में चल रही श्रीमद भागवत कथा के दूसरे दिन प्रवचनों की अमृतवर्षा करते हुए कथावाचक पंडित पुनीत शर्मा ने गोकर्ण धुंधकारी की कथा सुनाकर कृष्ण भक्तों को भाव विभोर किया। उन्होंने बताया कि जीवन के कर्मों और उनके परिणाम त्वरित एवं सार्थक हैं। अच्छे कर्म करने से व्यक्ति को मोक्ष मिलता है, जबकि बुरे कर्म करने से व्यक्ति को दुख और कष्ट भोगना पड़ता है। इसलिए हमेशा सत्य का पालन करना चाहिए और दूसरों के प्रति दयालु होना चाहिए। उन्होंने कहा कि श्रीमद भागवत में ब्राहम्ण आत्मदेव



और धुंधली के दो पुत्र हुए गोकर्ण और धुंधकारी, इनमें गोकर्ण ज्ञानी और धार्मिक था, जबकि धुंधकारी दुष्ट और दुराचारी था। धुंधकारी के दुर्व्यवहार के कारण, उसकी मृत्यु के बाद उसकी आत्मा प्रेत योनि में भटकती रही। बाद में, गोकर्ण ने भागवत कथा का आयोजन करके अपने भाई की आत्मा को मोक्ष दिलाया। उन्होंने कहा कि आत्मदेव और उनकी पत्नी धुंधली संतानहीन थे। आत्मदेव ज्ञान और धर्म में निपुण थे, लेकिन धुंधली स्वभाव से क्रूर और झगड़ालू थी। गोकर्ण एक धार्मिक और संयमी व्यक्ति था, जो अपने पिता की शिक्षाओं का पालन करता था जबकि धुंधकारी अपने पिता और भाई के विपरीतए दुष्ट और दुराचारी था। वह चोरी करता था

## संक्षिप्त खबरें

### फर्जी रसीदें बना ग्राहकों व कंपनी से की धोखाधड़ी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना**: जिला ऊना के तहत अंब उपमंडल में आरएमअप मनी लिमिटेड की ब्रांच में तीन कर्मचारियों द्वारा फर्जी रसीदें जारी कर 3 लाख रुपये से अधिक की धोखाधड़ी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस को सुनीता जो कंपनी की होशियारपुर शाखा में आरएम पद पर तैनात हैं, ने तीन व्यक्तियों के खिलाफ यह शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस ने शिकातय के आधार पर तीनों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सुनीता ने बताया कि कंपनी की अंब ब्रांच में कार्य करने वाले मनजिन्द्र सिंह बराड़ निवासी चड़दी पट्टी, अमृतसर, विनय अवस्थी निवासी जिंदड़ी, पठानकोट, और अभिषेक मन्हास निवासी सघनई, जिला ऊना ने कंपनी की फर्जी रसीदें जारी कर न सिर्फ कंपनी बल्कि ग्राहकों से भी करीब 3,00,550 रुपये की ठगी की है। इसमें ग्राहकों से 2,74,650 रुपये और कंपनी से 25,900 रुपये गबन किए गए है। इतना ही नहीं, आरोप है कि आरोपी ब्रांच से एक रसीद बुक भी चोरी कर ले गए है। मामले की पुष्टि करते हुए एएसपी ऊना संजीव भाटीया ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर पूछताछ और प्रारंभिक जांच की है। जांच के दौरान धोखाधड़ी और जालसाजी की पुष्टि हुई, जिसके बाद मामला दर्ज किया गया है। अगामी कार्यवाई अमल में लाई जा रही है।

### सुरंगद्वारी-दौलतपुर लिंक रोड पर वन विभाग की कार्रवाई, 39 मोछे खैर लकड़ी बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना**: सुरंगद्वारी-दौलतपुर लिंक रोड पर वन विभाग और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में खैर लकड़ी की तस्करी करने वालों का भंडाफोड़ किया गया है। इस दौरान पुलिस ने गाड़ी सहित तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। वहीं थाना गगरेट में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।
जानकारी के मुताबिक सोमवार रात्री को वन खण्ड अधिकारी संजीव कुमार ने अपनी टीम सहित सुरंगद्वारी-दौलतपुर लिंक रोड पर नाकाबंदी की हुई थी। इस दौरान पिकअप ट्राला को जांच के लिए रोका गया। तलाशी के दौरान वाहन से 39 मोछे खैर की लकड़ी बरामद की गई, जो अवैध रूप से ले जाई जा रही थी। वाहन में सवार विक्रमजीत, अमनदीप, और सूरज सभी निवासी दौलतपुर जिला ऊना को मौके पर ही गिरफ्तार किया गया। वहीं, एक अन्य आरोपी रोहित निवासी चलेट अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। पुलिस टीम द्वारा फरार आरोपी की तलाश की जा रही है। एएसपी संजीव भाटीया ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने वन विभाग की शिकायत पर मामला दर्ज जांच शुरू कर दी है।

### मिड डे मील वर्कर्स यूनियन ने शिक्षा निदेशक का जताया आभार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना**: हिमाचल प्रदेश में मिड डे मील वर्कर्स यूनियन के विरोध के बाद शिक्षा विभाग ने मिड डे मील वर्कर्स की हाजिरी ऑनलाइन न लगने के आदेश जारी किए हैं। इस पर मिड डे मील यूनियन ऊना ने शिक्षा निदेशक प्राथमिक विभाग का आभार व्यक्त किया है। साथ ही यूनियन ने मिड डे मील कर्मियों को उनका वेतन एक साथ और समय पर देने की मांग उठाई है।
मिड डे मील यूनियन ऊना के महासचिव गुरनाम सिंह ने बताया कि मिड डे मील वर्कर्स यूनियन सीटू के एक प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा निदेशक प्राथमिक विभाग से मुलाकात कर उन्हें मिड डे मील कर्मियों की समस्याओं को लेकर एक मांग पत्र सौंपा था। जिसमें मांग उठाई गई कि मिड डे मील वर्कर्स की हाजिरी ऑनलाइन लगाने और सुबह 9.30 बजे स्कूल पहुंचने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। इसका यूनियन कड़ा विरोध करती है। इसे तुरंत वापिस लिया जाए और पहले की तरह मिड डे मील वर्कर्स की हाजिरी रजिस्टर पर लगाई जाए और उन्हें पहले की तरह स्कूल बुलाया जाए। महासचिव गुरनाम सिंह ने कहा कि मिड डे मील वर्कर्स यूनियन की इस मांग पर शिक्षा निदेशक ने पूरे प्रदेश के स्कूलों के लिए आदेश जारी किए हैं कि किसी भी स्कूल में मिड डे मील वर्कर की हाजिरी ऑनलाइन नहीं लगेगी। हाजिरी पहले की तरह रजिस्टर के माध्यम से लगेगी और ड्यूटी पर भी पहले की तरह ही आएंगे।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 11 साल बेमिसाल : प्रताप सिंह रावत

**टीम एक्शन इंडिया**
**एसपी जैरथ**

**नाहन** : भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने मीडिया को जारी बयान करते हुए बताया कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकास के मामले में कई कृतिमान स्थापित किए हैं जिसमें नया लोकसभा भवन जम्मू कश्मीर में चिंनाव ब्रिज का निर्माण जिसकी तारीफ पूरी दुनिया कर रही है हिमाचल में रोहतांग टनल अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण धारा 376 को समाप्त करना बक्फ बोर्ड कानून को समाप्त करना मुस्लिम महिलाओं के लिए तीन तलाक की कुप्रथा को समाप्त करना देश के गरीबों की सेवा एवं वंचितों का सम्मान करते हुए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्ना योजना के तहत देश के 81 करोड़ गरीबों को मुफ्त राशन वितरित किया जा रहा है
जिसमें हिमाचल के भी 28.46 लाख गरीब लोगों को मुफ्त राशन वितरित किया जा रहा है प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत देश के गरीब लोगों के लिए 4 करोड़ पक्के मकान बनाए जा रहे हैं जिसमें हिमाचल में भी गरीबों के लिए 18 हजार पक्के मकान बनाए जा रहे हैं प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि योजना के तहत देश के 3.7 लाख गरीब किसानों को हर साल छै हजार रुपए दिए जा रहे हैं जिसमें हिमाचल के भी आठ लाख किसानों को इस योजना का लाभ मिल रहा है

## पोस्टर मेकिंग में तमन्ना ने झटका प्रथम स्थान

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः** स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में 4 एचपी कंपनी एनसीसी हमीरपुर इकाई के तत्वावधान में सामाजिक सेवा एवं सामुदायिक विकास कार्यक्रम के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण विषय पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना एवं स्वच्छता के महत्व को समझाना था। इस अवसर पर महाविद्यालय में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता तथा स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स ने बढ़.चढ़कर भाग लिया तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जागरूकता का परिचय दिया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में कैडेट तमन्ना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।




द्वितीय स्थान एलसीपीएल ज्योति कमल एवं कैडेट शिवानी रही। इस कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के एनसीसी प्रभारी प्रो. राजीव शर्मा ने कैडेट्स को पर्यावरण संरक्षण के महत्त्व के विषय में बताया तथा कैडेट्स को पर्यावरण संरक्षण से जुडी गतिविधियों में बढ़चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर 4एचपी कम्पनी एनसीसी हमीरपुर इकाई के कमांडिंग अफसर कर्नल एस एस रावत तथा महाविद्यालय के सभी स्टाफ सदस्यों का भी सहयोग रहा।

## हिपा और जीआईजी ने समझौता ज्ञापन पर किए हस्ताक्षर

**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**

**शिमला।** संगठनात्मक सहयोग की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम उठाते हुए आज यहां शिमला स्थित डॉ. मनमोहन सिंह हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान और ड्यूश गेसेलशाफ्ट फर इंटरनेशनल जुसामेनारबीट (जीआईजी), भारत ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। सचिवालय में आयोजित एक औपचारिक समारोह में हिपा की निदेशक रूपाली ठाकुर की उपस्थिति में सचिव (प्रशिक्षण



और विदेशी असाइनमेंट) सी. पालरासू और जीआईजी इंडिया की ओर से राजीव अहल द्वारा समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य समृद्ध हिमाचल-2045 के लिए सहयोग करना और 20 वर्षीय विजन दस्तावेज तैयार करना है। यह समझौता ज्ञापन प्रशिक्षण, कार्यशालाओं, ज्ञान समर्थन, समन्वय समर्थन, नीति दिशा-निदेर्शों और आवश्यक संस्थागत प्रणालियों आदि के माध्यम से समृद्ध हिमाचल-2045 को लागू करने और बढ़ावा देने के लिए दोनों पक्षों के बीच आपसी सहयोग के दायरे को परिभाषित करता है। इस पहल के प्रमुख लक्ष्य समूह नागरिक, विशेषज्ञ, अधिकारी, मीडिया, समाजिक संगठन, शैक्षणिक और शोध संस्थान, सहित आदि उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय इंस्पायर मानक अवार्ड प्रदर्शनी का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**

**मंडीः** जिला स्तरीय इंस्पायर मानक अवार्ड प्रदर्शनी का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक बाल पाठशाला मंडी में किया गया।इसका शुभारंभ उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने किया। इस प्रदर्शनी में मंडी के अलावा बिलासपुर व कुल्लू जिलों के छात्रों ने साईस के मॉडल प्रस्तुत किए। इस दौरान उपायुक्त मंडी अपुर्व देवगन ने सभी प्रतिभागियों के मॉडलों की जांच की और उन्हें शुभकामनाएं दी।बता दें कि प्रदेश में इंस्पायर मानक अवार्ड प्रदर्शनी के लिए अलग-अलग जिलों के कलस्टर बनाए गए हैं। जिसके चलते इस बार मंडी जिला में जिला स्तरीय इंस्पायर मानक अवार्ड प्रदर्शनी में तीन जिलों को शामिल किया गया है। जिलास्तर पर बेहतरीन प्रदर्शनी करने वाले विद्यार्थियों का चयन राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। राज्य स्तरीय इंस्पायर मानक अवार्ड प्रदर्शनी राज्य शिक्षा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद में 12 जून को होगी। बता दें कि भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा इंस्पायर अवार्ड मानक प्रदर्शनी एक ऐसी पहल है। जो छात्रों को विज्ञान और नवाचार के प्रति प्रोत्साहित करती है और उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देती है। भारत सरकार द्वारा कक्षा 6 से 10 तक के छात्रों को विज्ञान और नवाचार के लिए प्रोत्साहित करने के लिए शुरू की गई एक योजना है।

## बिना अनुमति ड्रोन उड़ाने पर होगी कानूनी कार्यवाई, डीसी ने जारी किए निर्देश

**ऊना, 10 जून (राजन पुरी)** ऊना जिला में बिना अनुमति ड्रेन उड़ाने पर जिला प्रशासन द्वारा कानूनी कार्यवाई अमल में लाई जाएगी। दरअसल जिला में ड्रोन अथवा मानव रहित हवाई वाहनों (यूएवी) के संचालन के लिए पंजीकरण अब अनिवार्य कर दिया गया है। ड्रोन रजिस्ट्रेशन के लिए जिला प्रशासन द्वारा एक सप्ताह का समय दिया गया है।
बता दें जिला दंडाधिकारी ऊना जतिन लाल ने आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 33 और 34 के तहत यह आदेश जारी किए हैं। उन्होंने सुरक्षा कारणों और सार्वजनिक हितों को ध्यान में रखते हुए जारी किए

## विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत जुन्गा व भड़ेच में शिविर आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**

**शिमला** : विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत सोमवार को जुन्गा और भड़ेच में शिविरों का आयोजन किया गया । इन शिविरों में सीपीआई के वैज्ञानिकों ने किसानों को कृषि की नवीनतम तकनीकों बारे जानकारी और उनकी समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया । कृषि एसएमएस डॉ0 सुनील ठाकुर ने बताया कि भारत सरकार द्वारा आरंभ किए गए विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत पूरे देश के सात सौ जिलों में डेढ करोड़ किसानों के साथ कृषि व बागवानी विशेषज्ञों द्वारा फील्ड में जाकर सीधा संवाद किया जाएगा । जिसके लिए 2170 टीमें गठित की गई है । इसी प्रकार के शिविर मशोबरा ब्लॉक के विभिन्न गांवों में आयोजित किए जाऐंगे उन्होने बताया कि इन शिविरों में सीपीआरआई के वैज्ञानिक डॉ0 कैलाश, डॉ0 विकास मंगल, डॉ0 तनुजा, और बागवानी विशेषज्ञ डॉ0 शरद गुप्ता ने किसानों को कृषि और बागवानी संबधी जानकारी दी गई । डॉ0 सुनील ने बताया कि इन शिविरों में सीपीआरआई के वैज्ञानिकों ने किसानों को आलू उत्पादन बारे विस्तार से जानकारी दी गई । उन्होने किसानों को जुन्गा क्षेत्र में आलू उत्पादन के लिए उपयुक्त किस्म व रखरखाव बारे जानकारी दी गई । जबकि बागवानी विशेषज्ञ डॉ0 शरद गुप्ता ने किसानों को ड्रिप सिंचाई योजना, पॉली हॉउस लगाने के अतिरिक्त किवी और सेब उत्पादन बारे जानकारी दी गई । उन्होने कहा कि मांग के अनुरूप किसानों को फलदार पौधे विभाग द्वारा उपदान पर उपलब्ध करवाए जाऐंगे । शिविर में डॉ0 सुनील ठाकुर ने किसानों को मुख्यमंत्री खेत सरंक्षण योजना के तहत 70 प्रतिशत अनुदान तथा मौसम आधारित बीमा योजना के बारे जानकारी दी । उन्होने बताया कि मटर , टमाटर और शिमला मिर्च को सरकार ने बीमा योजना के तहत लाया गया है । इसके अतिरिक्त उन्होने राज्य कृषि यात्रिकरण बारे जानकारी दी जिसके तहत टेज्क्टर, घास काटने की मशीने और अन्य कृषि उपकरण उपलब्ध करवाए जाते हैं । ग्राम पंचायत जुन्गा से कृषि सखी योगमाया शर्मा ने शिविर के आयोजन के लिए सरकार का आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी ऐसे शिविरों के आयोजन करने का आग्रह किया । शिविर में कृषि सखी रीना थापा, एलआरपी प्रीति और सुमन के अतिरिक्त जुन्गा व भड़ेच के किसानों ने भाग लिया ।
000026

## नौकरी करने से अच्छा है अपना उद्यम लगाना

**टीम एक्शन इंडिया**
**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुरः** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) हमीरपुर ने मंगलवार को आईटीआई बणी में एक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर आईटीआई प्रशिक्षुओं का मार्गदर्शन करते हुए आरसेटी के निदेशक अजय कुमार कतना ने कहा कि पगार पर नौकरी करने के बजाय अपना उद्यम या कारोबार चलाना ज्यादा फायदेमंद होता है। अपना उद्यम या कारोबार स्थापित करके हम न केवल अपने लिए रोजगार का सृजन करते हैं, बल्कि अन्य लोगों को भी रोजगार दे सकते हैं। यही नहीं, अपनी अगली पीढ़ी का भविष्य भी सुरक्षित रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि बैंकों की विभिन्न ऋण योजनाओं का लाभ उठाकर युवा अपना उद्यम या कारोबार स्थापित कर सकते हैं। युवाओं को इन योजनाओं का भरपूर लाभ उठाना चाहिए। अजय कुमार कतना ने बताया कि आम लोगों को स्वरोजगार के लिए प्रेरित, प्रोत्साहित और प्रशिक्षित करने के लिए आरसेटी के माध्यम से नियमित रूप से जागरुकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने प्रशिक्षुओं को मुद्रा योजना, विश्वकर्मा योजना, इंटर्नशिप योजनाओं, स्वास्थ्य बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना और अन्य योजनाओं के साथ-साथ डिजिटल बैंकिंग की जानकारी भी दी तथा डिजिटल ठगों से सावधान रहने की अपील की। इस अवसर पर आईटीआई के प्रधानाचार्य राजेश शर्मा, सहित आदि।

## अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष से मिला श्री गुरु रविदास महासभा प्रतिनिधिमंडल



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना।** हिमाचल प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार धीमान से मंगलवार को उनके कार्यालय में श्री गुरु रविदास महासभा हिमाचल प्रदेश के एक प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की। महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश चंद भाटिया के नेतृत्व में आए प्रतिनिधिमंडल ने आयोग अध्यक्ष को एक ज्ञापन सौंपते हुए अनुसूचित जाति वर्ग से जुड़ी विभिन्न महत्वपूर्ण मांगों को उनके समक्ष रखा। मुख्य मांगों में अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास निगम के लिए शीघ्र बोर्ड गठन, योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रशासनिक दक्षता के लिए बजटीय संसाधनों में बढ़ोतरी तथा जनसंख्या के अनुपात में विशेष बजटीय प्रावधान सुनिश्चित करने का आग्रह शामिल रहा। प्रतिनिधिमंडल ने तेलंगाना मॉडल के अनुरूप हिमाचल प्रदेश में भी एससी-एसटी विकास निधि के लिए विशेष अधिनियम लाए जाने की मांग की, जिससे राज्य के कुल बजट का 33 प्रतिशत अनुसूचित वर्गों के सामाजिक, आर्थिक व शैक्षणिक विकास हेतु सुनिश्चित किया जा सके। आयोग के अध्यक्ष कुलदीप धीमान ने प्रतिनिधिमंडल की सभी मांगों को सहानुभूतिपूर्वक सुना और उन्हें राज्य में सामाजिक समरसता व समावेशी विकास के लिए अत्यंत आवश्यक करार दिया। उन्होंने आश्वस्त किया कि आयोग इन सभी विषयों को गंभीरता से लेते हुए राज्य सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाएगा। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति आयोग प्रदेश में वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा तथा उनकी सामाजिक उन्नति के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए ठोस कार्ययोजना के साथ आगे बढ़ा जा रहा है। इस अवसर पर आयोग के सदस्य अधिवक्ता दिग्विजय मल्होत्रा एवं अधिवक्ता विजय डोगरा, सदस्य सचिव विनय मोदी उपस्थित रहे। प्रतिनिधंडल में प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश चंद भाटिया के साथ श्री गुरु रविदास महासभा के पदाधिकारी हरि राम हीर, ऊना महासभा की अध्यक्ष शकुंतला संधू , रिटायर्ड तहसीलदार बलदेव, खंड इकाई कांगड़ा के अध्यक्ष कमल सरोच, उपाध्यक्ष प्रताप, मिडिया प्रभारी सुलिन्दर चोपड़ा, बलराम महे, बख्शी राम भट्टी,सहित आदि।

## भविष्य की धाविका नौ वर्षीय गुरबाणी को अर्जुन अवॉर्डी सुमन रावत ने किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः** हिमाचल प्रदेश एथलेटिक्स संघ द्वारा लुहणु खेल परिसर, बिलासपुर में राज्य स्तरीय ओपन एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर के युवा एथलीटों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सब जूनियर कैटेगरी में बिलासपुर शहर के डियारा सेक्टर की 9 वर्षीय होनहार बालिका गुरबाणी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 30 मीटर स्प्रिंट में ब्रोंज मेडल अपने नाम किया। प्रतियोगिता के समापन समारोह में अर्जुन अवॉर्डी सुमन रावत ने गुरबाणी को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित



किया। इस अवसर पर खेल अधिकारियों और प्रशिक्षकों ने गुरबाणी की सराहना करते हुए उसे भविष्य की धाविका करार दिया। आपको बता दें कि गुरबाणी ने इससे पहले भी शिमला और मंडी सहित प्रदेश के कई जिलों में आयोजित एथलेटिक प्रतियोगिताओं में भाग लेकर सराहनीय प्रदर्शन किया है और वहां भी उसे सम्मानित किया गया है। मात्र 9 वर्ष की उम्र में प्रदेश स्तर पर गुरबाणी ने लगन और कड़ी मेहनत के साथ अपनी पहचान बनाई हैं । गुरबाणी के इस उपलब्धि से उसके परिजन और स्थानीय क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है। स्थानीय नागरिकों और शिक्षकों ने उम्मीद जताई कि अगर गुरबाणी को उचित मार्गदर्शन और संसाधन मिलें, तो वह आने वाले वर्षों में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी प्रदेश का नाम रोशन कर सकती है।

# 15 जून तक पूरी हो जिला की सभी ड्रेनों की साफ-सफाई: निगमायुक्त हर्षित कुमार

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः** नगर निगम के आयुक्त हर्षित कुमार ने कहा बाढ़ नियंत्रण प्रबंधों को लेकर जिला में ड्रेनों की सफाई को लेकर चलाए जा रहे अभियान में तेजी लाई जाए ताकि 15 जून तक सभी ड्रेनों की साफ-सफाई हो सके। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी प्रकार की ढिलाई या कोताही बर्दास्त नहीं की जाएगी इसलिए पूरी ईमानदारी के साथ सफाई कार्य को पूरा करवाएं।



बाढ नियंत्रण प्रबंधों की समीक्षा के लिए अतिरिक्त मुख्य सचिव सुमिता मिश्रा ने विडियों कांफ्रेंस के माध्यम से सभी उपायुक्तों के साथ बैठक कर उन्हें दिशा-निर्देश दिए।

वीसी के बाद निगमायुक्त ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वे स्वयं अपने क्षेत्र में चल रहे सफाई कार्यों पर नजर रखें और फील्ड में उतरकर सफाई कार्यो की चैकिंग करें ताकि कहीं भी किसी प्रकार की चूक न हो। उन्होंने कहा कि शहर से गुजरने वाली ड्रेनों व नालों की सफाई पर विशेष ध्यान दें ताकि बरसात आने पर पानी की निकासी में कोई बाधा उत्पन्न न हो और शहर में जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो।

उन्होंने निर्देश दिए कि पानी की निकासी की निकासी के लिए प्रयोग किए जाने वाले पंप सेट की चैंकिग कर ले और अगर कोई पंप सैट ठीक नहीं है तो उसे तुरंत ठीक करवाएं ताकि जरूरत पड? पर तुरंत पंपों की मदद से पानी की निकासी की जा सके। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए जिला में पीने की पानी की उचित व्यवस्था करवाना सुनिश्चित करें ताकि लोगों और पशुओं को पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी मिल सके। उन्होंने कहा कि गांव में पशुओं के लिए तालाबों को भरवा दें।

इस अवसर पर एसडीएम गोहाना अंजलि श्रोत्रिय, एसीयूटी योगेश दिल्हौर, एसडीएम सोनीपत सुभाष चंद्र, एसडीएम खरखौदा डॉ० निर्मल नागर, एसडीएम गन्नौर प्रवेश कादियान, सिंचाई विभाग दिल्ली डिवीजन के एसई तरूण अग्रवाल, जनस्वास्थ्य विभाग के एसई राजीव गुप्ता, एक्सईएन नवीन गोयत, सिंचाई विभाग के एक्सईएन मंजीत हुड्डा, एक्सईएन गुलशन कुमार, एक्सईएन प्रशांत कुमार, एक्सईएन आशीष कुमार सहित संबंधित सभी अधिकारी मौजूद रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन के लिए डॉ. भंवर को बनाया हरियाणा राज्य का संयोजक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी पूरजोर से चल रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए इंटरनेशनल नेचुरोपैथी आगेर्नाइजेशन, सूर्या फाउंडेशन और आयुष मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा हरियाणा राज्य में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन के लिए वरिष्ठ योग प्राकृतिक चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. भंवर सिंह कसाना को हरियाणा राज्य का संयोजक नियुक्त किया गया है। यह जिम्मेदारी डॉक्टर भंवर सिंह के योग प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए दी गई है। डॉ. भंवर सिंह को ये जिम्मेदारी मिलने पर क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर है। डॉ. भंवर सिंह पिछले दो दशक से स्वामी ब्रह्मानंद



प्राकृतिक चिकित्सालय एवं योग ट्रस्ट महेंद्रगढ़ में बतौर मुख्य योग प्राकृतिक चिकित्सा प्रभारी के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। डॉ. भंवर सिंह ने बताया कि योग दिवस के सफल आयोजन के लिए और उनके सहयोग के लिए अनुभवी योग प्राकृतिक चिकित्सकों को हरियाणा में चार क्षेत्रीय सह संयोजक की जिम्मेदारी दी गई हैं। यमुनानगर से डॉ. निशा सैनी, सिरसा से डॉ. लोकेश वधवा, मेवात से डॉ. विजाता आर्या और रेवाड़ी से योग आचार्य डॉ. धर्मवीर यादव सलोनी को यह जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने बताया कि हरियाणा में चार जगह बड़े कार्यक्रम होंगे जिसमें डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर की नियुक्ति की जाएगी। इन सभी जिला संयोजकों को विशेष योग प्रशिक्षण और दिशा-निर्देश दिया जाएगा। इसके बाद सभी जिला संयोजक अपने-अपने जिले में खंड स्तर पर और ग्राम स्तर पर योग दिवस के सफल आयोजन के लिए योग शिक्षकों को प्रशिक्षण देंगे।

डॉ. कसाना ने इसका श्रेय संस्था के प्रधान कप्तान राजेंद्र सिंह खेड़ा व ट्रस्ट की समस्त कार्यकारणी और इंटरनेशनल नेचुरोपैथी आगेर्नाइजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनंत बिरादर एवं इंटरनेशनल नेचुरोपैथी आगेर्नाइजेशन के राज्य अध्यक्ष डॉ. मदन मानव व अपने सहयोगी मित्रों को दिया है।

## न्यूज फ्लैश

### गांधी नगर एक्सटेंशन-2 में 4 करोड 23 लाख की लागत से बनेंगी गलियां



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** शहर की हाल ही में नियमित हुई गांधी नगर एक्सटेंशन-2 में 4 करोड 23 लाख रुपये की लागत से गलियों व नालियों का निर्माण करवाया जाएगा। इसके लिए नगरपालिका ने टेंडर लगाया जा चुका है। इस कालोनी में लोग विकास कार्यों को तरस रहे थे, क्योंकि इनमें न तो गलियों का निर्माण किया जा रहा था और न ही पहले बन चुकी गलियों को रिपेयर करवाया जा रहा था। ऐसे में इस कालोनी में रहने वाले लोगों को खाली प्लाटों में दूषित पानी को छोड़ा जा रहा है। गलियों का निर्माण न होने की वजह से अवाजाही भी प्रभावित रहती है। वर्षा के बाद यहां गलियों में कीचड़ फैल जाता है। जिससे यहां से निकलना भी दुर्भर हो जाता है। अब इन कालोनी में विकास कार्य शुरू होंगे तो इससे लोगों को काफी राहत मिलेगी।

- लोगों को जल्द मिलेगा लाभ- चेयरमैन

नगर पालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी ने कहा कि सरकार ने शहर में गांधी नगर एक्सटेंशन 2 हाल ही में अवैध से वैध हुई है। इस कालोनी में गली व नालियों के निर्माण के लिए टेंडर लगाया जा चुका है। टेंडर अलाट होने के बाद जल्द से जल्द गलियों का निर्माण शुरू करवा दिया जाएगा। कालोनी में गली व नाली निर्माण के बाद लोगों को इसका लाभ मिलेगा। पानी निकासी की समस्या का समाधान होने के साथ ही पक्की गलियों में आवाजाही सुगम होगी।

### इंडेन कंपनी के गैस टेंकर से गैस चोरी करने के आरोप में चार गिरफ्तार

**गन्नौर। क्राइम** यूनिट गन्नौर की पुलिस टीम ने खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के साथ मिलकर इंडेन कंपनी के गैस टेंकर से अवैध रूप से गैस चोरी करने के मामले में दो चालकों समेत चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपितों में टेंकर चालक गोविंद व संजय निवासी बेगुसराय बिहार, कर्ण व सलेंद्र निवासी मैनपुरी उत्तरप्रदेश शामिल हैं। पुलिस को 10 जून को सूचना मिली थी कि दिल्ली से पानीपत की ओर जाने वाले एनएच-44 पर स्थित शिव गंगा ढाबा पर गैस टेंकरों से 19 किलो वाले कमर्शियल सिलेंडरों में गैस भरकर काला बाजारी की जा रही है। सूचना पर निरीक्षक संदीप कुमार व उप निरीक्षक विनोद कुमार की टीम ने छापेमारी की। मौके पर दो टेंकरों से चार नालियों के जरिये गैस भरते हुए चार व्यक्ति मिले। टीम ने मौके से 70 गैस सिलेंडर भरे व खाली व एक इलेक्ट्रानिक कांटा बरामद किया। आरोपितों के खिलाफ थाना बड़ी में केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया गया है। सभी को अदालत में पेश किया जाएगा।

### निर्माणाधीन दुकान से लोहे की प्लेट चोरी

**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**
जीटी रोड स्थित निमार्णाधीन दुकान से चोर लोहे की प्लेट चोरी कर ले गए। दुकान मालिक ने मामले की शिकायत बड़ी थाना पुलिस को दी है। शिकायत में शेखपुरा निवासी विक्रम ने बताया कि जीटी रोड स्थित प्रिंस ढाबे के पास प्लाट में निर्माण कार्य कर रहा है। उसके प्लाट पर लोहे की प्लेट रखी थी। जो कि 7 जून की रात को चोर 29 लोहे की प्लेट चोरी कर ले गए। बड़ी थाना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर चोर की तलाश शुरू कर दी है।

### तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक चालक की मौत

**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**
बड़ी औद्योगिक क्षेत्र गेट 1 के पास बाइक चालक को तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की मां ने मामले की शिकायत बड़ी थाना पुलिस को दी है। शिकायत में गांव करहंस, पानीपत निवासी पिंकी ने बताया कि उसका बेटा विशाल अपनी पत्नी को उसके घर छोड़ने बाइक पर दिल्ली गया था। वह अपनी पत्नी को छोड़कर वापस घर आ रहा था। जब वह दोपहर को बड़ी औद्योगिक क्षेत्र के गेट नंबर 1 के पास पहुंचा तो तेज रफ्तार वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी और टक्कर मारने के बाद चालक मौके से फरार हो गया।

# पुरखास गांव में बाल क्षय रोग जांच एवं सामान्य चिकित्सा शिविर में 495 बच्चों ने करवाई जांच

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर.** पुरखास गांव में बाल क्षय रोग जांच एवं सामान्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ निगम मेयर राजीव जैन, सिटी मैनिस्ट्रेट डा. अनमोल और भाजपा नेता ललित बत्रा ने गांव के सरपंच और लोगों के सहयोग से शिविर का शुभारंभ किया। कैंप का आयोजन मंडली अस्पताल के संग्रहालय संग्रहालय होम के विक्रेता डा. एन के निमार्ता द्वारा किया गया। शिविर में आस-पास के इलाकों के अलावा ईट-भट्टों से 495 बच्चों के स्वास्थ्य की जांच कर मुफ्त दवाएँ दी गईं। इसके अलावा मुफ़्त एक्सरे 'योति व आशु नेए। शिविर में जिला क्षय रोग अधिकारी डा. तरूण यादव,



पिपरा पुरखास से डा. सुधाशु, बाल रोग विशेषज्ञ डा. नरेंद्र मित्तल व डा. निशांत निमार्ता, डा. जोगेंद्र धनखड़ आदि ने शिविर में बच्चों के स्वास्थ्य की जांच कर दवायां दी। कैंप की व्यवस्था गांव के भारत विकास परिषद वीर सावरकर शाखा के अध्यक्ष मंज़िल शर्मा, प्रवीण कुमार, डी.ए. जोगेंद्र शर्मा, प्रीतम आहुजा, पुअमा ग्रुप, सुडौड कुमार, सरपंच सुनील व सरपंच बहादुर, पूर्व सरपंच उमेद, सतनारायण शर्मा, राकेश गुलिया आदि ने सहकारी। डा. एन के जादूगरों ने बताया कि यह प्रधानमंत्री टी बी मुक्त भारत



अभियान के कुछ हिस्सों में अभियान चला रहा है। जिसका उद्‌दश्य समयबद्ध टीबी का पता लगाकर उसे जड़ से खत्म करना है। शिविर में मुफ्त चिकित्सा परामर्श, टीबी लक्षण, दस्तावेज, सामान्य जांच, टी बी जागरूकता और परामर्श दिया गया है। डा. मिस्ट ने बताया कि समग्र टी बी केयर के प्रति अपने सतत सर्वेक्षण के तहत एक हजार से अधिक टी बी नेशनल को पोषण सहायता भी प्रदान कर रही है। रीटेल ने अपने गांव के चिकित्सक डा. पर आयोजित चिकित्सा शिविर का आयोजन किया।

# *पुलिस जिला हांसी में सीलिंग प्लान के तहत लगाए गए 16 नाके*

**हांसी (दिनकर गावड़ी):** झपुलिस अधीक्षक हांसी अमित यशवर्धन के कुशलनेतृत्व में कार्य करते हुए पुलिस जिला हांसी द्वारा कल रात सीलिंग प्लान के तहत नाकाबंदी करके वाहनों की जांच की गई। पुलिस अधीक्षक हांसी ने कहा कि हर सन्दिग्ध वाहन को बारीकी से चैक करे और कोई कमी पाई जाती हैं तो नियमानुसार कार्यवाही करे। किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं कि जायेगी।

सीलिंग प्लान के अनुसार जिला में कुल 16 नाके लगाकर जांच की व्यवस्था की गई थी।पुलिस जिला में तैनात अधिकत्तम पुलिस कर्मियों को नाका ड्यूटी पर लगाया गया था। नाकाबंदी के दौरान पुलिस विभाग के ज्यादातर वाहन सड़कों पर रहे। इन चेकिंग पार्टियों ने टू- व्हीलर, फोर व्हीलर, हल्के वाहन व भारी वाहनों की गहनता से जांच की गई। इस सीलिंग प्लान के दौरान नाकाबंदी करके 898 वाहनों को चेक किया गया तथा यातायात के नियमों के उल्लंघन करने वाले कुल 42 वाहनों के चालान किए गए। सीलिंग प्लान के दौरान पिन्टु पुत्र शिवचन्द्र निवासी उमरा को तोशाम रोड़ हांसी से 12 बोलत अवैध शराब सहित गिरफ्तार कर थाना शहर हांसी में एक्साइज एक्ट के तहत अभियोग अंकित किया गया। अवैध शराब को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।बिना कागजात/इपांउड का 01 चालान, बिना हेल्मेट 05, तेज गति के 01 चालान, बिना सिट बेल्ट के 04 चालान ड्रिकं एंड ड्राईव का 1 चालान व अन्य यातायात के नियम तोड़ने वालों के कुल 42 चालान किए गए।

## हवाई फायर कर दहशत फैलाने के एक और आरोपित को गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़** । हवाई फायर कर दहशत फैलाने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर कनीना की पुलिस टीम ने एक ओर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान घनश्याम वासी भोजावास के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित को कनीना क्षेत्र से गिरफ्तार किया, जिससे पूछताछ में एक डंडा बरामद किया है। आरोपित को आज न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस मामले में पुलिस द्वारा दो आरोपितों सोमवीर व हेमंत वासी भोजावास को पहले गिरफ्तार किया था, जिनसे एक देसी पिस्टल और एक डंडा बरामद किया गया था।

शिकायतकर्ता विनोद वासी भोजावास ने थाना सदर कनीना में शिकायत दर्ज कराई कि उनके पड़ोस में सोमवीर का मकान है जो अवैध शराब बेचता है। जिसको उसने अवैध शराब बेचने की शिकायत करने बारे कहा था। दिनांक 25 अप्रैल को वह मकान के पास खड़ा हुआ था जो सोमवीर व उसके साथ हेमंत, घनश्याम, अंकुर मोटरसाइकिल पर बैठकर आए और सभी ने मौहल्ले में दहशत फैलाने के लिए पिस्टल से दो हवाई फायर किए और हाथ में लिए हुए डंडों से दीवार पर मार रहे थे और कहा कि शिकायत करोगे तो जान से मार देंगे। शोर करने पर वह मौके से भाग गए।

# आईटीआई कालका एट बिटना में 6 जून से दाखिला के लिए आवेदन शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**
**कालका मैनपाल**
कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण निदेशालय ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में दाखिले को लेकर शेड्यूल जारी कर दिया है। विद्यार्थी 6 से 20 जून तक विभागीय वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। जिसके तहत राजकीय आई.टी.आई , कालका एट बिटना में दाखिले को लेकर 6 जून से प्रक्रिया शुरू होगी। आईटीआई के प्रिंसिपल श्रीमान मनदीप बेनीवाल ने बताया कि आईटीआई में दाखिले को लेकर



संस्थान में सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। संस्थान में कुल 17 व्यवसायों की 596 सीटों के लिए के लिए ऑनलाइन आवेदन किए जाएंगे। वही दाखिला प्रक्रिया मेरिट के आधार पर चलेगी। संस्थान के उप प्रधानाचार्य श्रीमान शिवचरण गौतम ने बताया की विद्यार्थियों के लिए आईटीआई में हेल्प डैस्क भी स्थापित किया गया है, जहां पर आकर विद्यार्थी अपना फार्म भर सकते है । विद्यार्थी दाखिल से संबंधित कोई भी जानकारी हेल्प डैस्क से प्राप्त कर सकते हैं ।

## प्राकृतिक खेती अपनाओ-जीवन, पृथ्वी, जल और वातावरण बचाओः डा. परमिंदर सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के जगदीशपुर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र,भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में गांव राजपुर सहित आधा दर्जन गांवों में विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया गया।



टीम समन्वयक एवं वरिष्ठ जिला विस्तार विशेषज्ञ डॉक्टर परमिंदर सिंह ने किसानों को बताया कि प्रदेश सरकार एक लाख एकड़ में प्राकृतिक खेती का लक्ष्य रखा गया है। जिले में 10000 हजार एकड़ में प्राकृतिक खेती की जाएगी। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा किसानों को देसी गाय की 30000 सहायता ड्रम के लिए 3000 के अतिरिक्त मार्केटिंग एवं प्रचार प्रसार के लिए प्रति किसान 20000 देने की घोषणा की है । उन्होंने बताया की प्राकृतिक खेती खाद्य सुरक्षा, किसानों के संकट और भोजन और पानी में कीटनाशक एवं उर्वरक अवशेषों, जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक आपदाओं के कारण उत्पन्न होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान करती है। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक डॉक्टर के के गंगोपाध्याय ने उन्नत तकनीक द्वारा सब्जी उत्पादन, प्लास्टिक मल्च के साथ ड्रिप इरीगेशन, ट्राईकोडर्मा और राइजोबियम द्वारा बीजोपचार की जानकारी दी। डॉक्टर श्रुति सेठी ने किसानों को कटाई उपरांत फसलों के पर संस्करण की जानकारी दी फल एवं सब्जी की भंडारण अवधि बढ़ाने के लिए शीत कक्ष की जानकारी दी। इसके साथ-साथ डेयरी एवं बाजरे के विभिन्न पर संस्कृत उत्पादों के बारे में भी जानकारी दी। डॉ नीतू ने कीट नाशकों के सुरक्षित इस्तेमाल पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि कीटनाशक की सुरक्षा दुकानदार से खरीदते समय से ही शुरू करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि हम फल एवं सब्जियों को नमक के पानी में धोकर उनके कीटनाशक जहरों की मात्रा कम कर सकते हैं। डॉक्टर प्रनिता जायसवाल ने किसानों को जैवउर्वरकों के बारे में जानकारी दी तथा धान की खेती में नील हरित शैवाल एवं अजोला के उपयोगिता के बारे में बताया जिससे रासायनिक खाद के इस्तेमाल में धीरे-धीरे कमी लाई जा सकती है।

## 3 हजार की रिश्वत लेते पटवारी रंगे हाथो गिरफ्तार

**यमुनानगर (धर्मबीर)-**
यमुनानगर की छछरौली तहसील में कार्यरत एक पटवारी को एंटी करप्शन ब्यूरो टीम ने 3 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथो गिरफ्तार किया है। चंगनौली गांव निवासी महिंदर सिंह की शिकायत पर टीम ने यह कार्रवाई की है। रोडवेज विभाग से इंस्पेक्टर पद से रिटायर महिंदर सिंह ने 142 कनाल 6 मरले जमीन का इंतकाल करवाना था। काफी समय से इसके लिए वह तहसील में पटवारखाने के चक्कर लगा रहा था। जानकारी के मुताबिक पटवारी अशोक इंतकाल करने के लिए 10 हजार की डिमांड कर रहा था। काम करने के लिए 6 हजार रुपए में सौदा तय हुआ था। शिकायतकर्ता काम के लिए पटवारी को 3 हजार रुपए की रिश्वत पहले ही दे चुका था। बाकी तय हुए 3 हजार रुपए देने से पहले उसने एंटी करप्शन ब्यूरो ऑफिस पंचकूला को शिकायत दी। मंगलवार को एंटी करप्शन ब्यूरो करनाल की टीम ने जाल बिछाया और शिकायतकर्ता ने जैसे ही पटवारी को रिश्वत थमाई तौ ईशारा मिलते ही टीम ने उसे रंगे हाथों दबोच लिया और उसे हिरासत में लेकर अपने साथ ले गए। वहीं छछरौली तहसीलदार सुदेश मेहरा ने बताया कि उनके पास रादौर का अतिरिक्त चार्ज है जिसके चलते वह रादौर में थीं। मामला उनके संज्ञान में नहीं है।

# विशेषज्ञों ने किसानों को दी सरकारी योजना की जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा तीन टीम का गठन कर विकसित कृषि संकल्प अभियान 12वें दिन भी रहा। टीम ने अमरपुर जोरासी, टहला, हसनपुर, नांगल पीपा, नांगलनुनिया, भुंगारका, भालखी, दौंगड़ा जाट व मुंडिया खेड़ा गांव का दौरा किया। टीम-1 का नेतृत्व जिला विस्तार विशेषज्ञ (पौध रोग) डॉ. नरेंद्र यादव व जिला विस्तार विशेषज्ञ (गृह विज्ञान) ने खरीफ फसलों की उन्नत कृषि क्रियाओं, उन्नत किस्म, बिजाई का समय व तरीका, खादों का संतुलित मात्रा में प्रयोग तथा खरपतवार नियंत्रण के बारे में



विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने किसानों को खरीफ फसलों की एमएसपीव चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा किसानों की आय बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयास के बारे में जानकारी दी। टीम-दो का नेतृत्व जिला विस्तार विशेषज्ञ (मृदा विज्ञान ) डॉ. राजपाल यादव ने बताया कि पोषक तत्वों के सभी स्त्रोत (रासायनिक उर्वरक, जैविक एवं जिवाणु खाद) का संतुलित, समुचित एवं समयानुकूल प्रयोग कर फसलों से उच्च उत्पादकता ली जा सकती हैं। उन्होंने बताया कि उत्पादन व उत्पादकता बढ़ाने व निरंतरता बनाए रखने के लिए समेकित पोषक तत्व प्रबंधन जरूरी हैं। टीम-तीन का नेतृत्व जिला विस्तार विशेषज्ञ (सस्य विज्ञान) डॉ. आशीष शिवरान ने किसानों को संरक्षण कृषि जिसमें मृदा की न्यूनतम जुताई, मृदा सतह को ढककर रखना, फसल विविधता और फसल चक्र के बारे में बताया। संरक्षण कृषि पारंपरिक खेती की तुलना में अधिक टिकाऊ, पर्यावरण के अनुकूल और दीर्घकालीन लाभ देने वाली प्रणाली है। यह आधुनिक कृषि की उन चुनौतियों का समाधान प्रस्तुत करती हैं, जो जलवायु परिवर्तन, मृदा क्षरण और जल संकट के कारण उत्पन्न हो रही हैं। पशु पालन व डेयरी विभाग से डॉ. पूजा, डॉ. कमल किशोर, डॉ. विरेंद्र, डॉ. अजय, डॉ. नितेश, डॉ. अमित, डॉ. धनीराम, डॉ. धर्मेन्द्र चारंग हरियाणा पशु विज्ञान केंद्र रिवासा से डॉ. योगेंद्र यादव ने बताया कि पशुपालकों और किसानों के लिए समेकित प्रशिक्षण बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने पशु विज्ञान केंद्र और पशुपालन विभाग द्वारा चलाए जा रहे प्रशिक्षण शिविरों की जानकारी दी। प्रशिक्षण में शामिल विषयों में पशु आहार, स्वच्छता, दुग्ध संग्रहण, प्रसंस्करण, पैकेजिंग, विपणन और एफएसएसएआई पंजीकरण शामिल हैं।

# बिजली निगम कार्यालय में सेवानिवृत पर कार्यक्रम का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण निगम कार्यालय से राजेंद्र शर्मा ने अपनी सेवा काल के 45 वर्ष पूरे कर सेवानिवृत हो गए हैं। इस उपलक्ष्य में निगम के कर्मचारियों द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया हैं, जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता जेई जितेंद्र कुमार व मंच संचालन दीपक यादव ने किया। दीपक यादव ने बताया कि राजेंद्र शर्मा दादा के नाम जाने जाते हैं। उन्होंने अपना पूरा सेवाकाल ईमानदारी से कार्य किया। अपनी सेवानिवृत्ति पर राजेंद्र शर्मा ने कहा कि लंबे समय से परिवार के साथ रहकर आज बिछड़ना निश्चित ही भावुक पल होता हैं।



आप सबके साथ एवं स्नेह को वह जीवन में कभी नहीं भूल पाऊंगा।

इस अवसर पर सब यूनिट प्रधान अनिल यादव लाईन मैन, जयसिंह सोनी नांगल सिरोही, ओमप्रकाश यादव, सतीश कुमार जेई, अमरजीत जेई, अमीर सिंह जेई, नवीन कुमार जेई, मुकेश जेई, संजय कुमार, रामसिंह सैनी, हितेश कुमार शर्मा लाईनमैन, धर्मवीर यादव, दिनेश कुमार, नीलम लाईन मैन, संगीता, रविंद्र यादव फोरमैन, सुरेंद्र यादव, दुलारी फोरमैन, गोरीशंकर फोरमैन, संदीप, अजय, दिपक, मोनू, मुकेश, अंकित आसोदिया, रविकांत, विनोद, हरेंद्र, करतार आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

# न्यू सीनियर सिटीजन ने धूमधाम से मनाया सदस्यों का जन्मदिन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** प्रमुख सामाजिक संस्था न्यू सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन ने अपने 9 सदस्यों के जन्मदिन के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर सभी 9 सदस्यों का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया। संस्था द्वारा सभी सदस्यों को माल्यार्पण कर, सुंदर उपहार भेंटकर सदस्यों को जन्मदिन की बधाई दी और उनके स्वस्थ व दीघार्यु जीवन की कामना की। इस अवसर पर न्यू सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम में मंच संचालन महावीर गुप्ता ने किया। बाहरी दिल्ली के नरेला में रेलवे रोड़ स्थित नंदीमल धर्मशाला में प्रमुख सामाजिक संस्था न्यू सीनियर सिटीजन वेलफेयर







एसोसिएशन (रजि.) द्वारा रविवार को हर माह की भांति इस बार भी अपने संस्था सदस्यों के जन्मदिन के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर अपने 9 सदस्यों का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस मौके पर न्यू सीनियर सिटीजन के पदाधिकारियों ने रामानंद, संतलाल, विद्यासागर, राधा किशन मंगला, शिवकुमार शर्मा, हुकम चंद, किरण, मधुबाला, रामपाल आर्य के जन्मदिन के अवसर पर माल्यार्पण कर पुष्पगुच्छ, सुंदर उपहार भेंटकर उनको जन्मदिन की बधाई दी और ईश्वर से उनके स्वस्थ व दीघार्यु जीवन की कामना की। इस दौरान संस्था सदस्यों ने भजन व कविता पाठ भी किया। संस्था महासचिव महावीर प्रसाद गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था द्वारा हर माह भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर उस माह में पडने वाले संस्था सदस्यों का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ सामूहिक रूप से मनाया जाता है। आज के कार्यक्रम में भी संस्था के 9 सदस्यों का जन्मदिन पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम पश्चात संस्था की ओर से सभी के लिए भोजन प्रसाद की व्यवस्था भी की गई। कार्यक्रम में मुख्य महासचिव महावीर प्रसाद गुप्ता, कोषाध्यक्ष विद्यासागर बंसल, संरक्षक शिवचरण गुप्ता, महासचिव राधेश्याम बंसल ,रामानंद गुप्ता सहित सभी सदस्य और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# विधानसभा में हुआ 'पानी की कहानी' पुस्तक का लोकार्पण

**तीरथ राज/टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली विधानसभा में 'पानी की कहानी' पुस्तक का लोकार्पण किया। इस अवसर पर बोलते हुए श्री गुप्ता ने कहा कि जल केवल एक संसाधन नहीं, जीवन का आधार है। दुर्भाग्यवश, आज हम सभी अनियंत्रित उपभोग और लापरवाह व्यवहार के कारण जल संकट के गंभीर दौर में प्रवेश कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि जल संकट अब केवल स्थानीय नहीं रहा, बल्कि वैश्विक रूप ले चुका है, जिसके समाधान के लिए जनजागरण आवश्यक है। कार्यक्रम का आयोजन दिल्ली विधानसभा की




विधायी अध्ययन ब्यूरो और शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। इस अवसर पर शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सचिव डॉ. अतुल कोठारी, पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के राष्ट्रीय संयोजक मा. गोपाल आर्य और पुस्तक के लेखक संजय स्वामी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

अध्यक्ष ने लेखक संजय स्वामी को इस महत्वपूर्ण और सामयिक कृति के लिए हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि 'पानी की कहानी' केवल एक पुस्तक नहीं, बल्कि जल संकट के प्रति समाज को सजग करने वाला एक चेतावनी-संदेश, एक आह्वान और समाधान की दिशा में एक सार्थक प्रयास है।

# फीस रेगुलेशन बिल लाए जाने के विरोध में देवेंद्र यादव ने एलजी और सीएम को लिखा पत्र

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** विभिन्न स्कूलों के अभिभावकों द्वारा बनाए गए यूनाइटेड पेरेंट्स वॉयस संगठन के प्रतिनिधियों ने दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव से मिलकर ज्ञापन दिया और फीस वृद्धि मामले में हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को दिल्ली में निजी स्कूलों द्वारा मनमानी फीस वृद्धि के विवाद के संबंध में पत्र लिखा, जिसने राजधानी में हर घर को प्रभावित



किया है। अनावश्यक फीस वृद्धि ने दिल्ली के अभिभावकों पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ डाल दिया है। जबकि बिना अभिभावकों से चर्चा किए दिल्ली सरकार एक दिल्ली फीस विनियमन विधेयक (निर्धारण में पारदर्शिता और शुल्क के नियमों के साथ पारदर्शिता) लाने की तैयारी कर रही है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि दो महीने के भीतर 1600 निजी स्कूलों के ऑडिट को अंजाम देने के दावे पर विश्वास करना मुश्किल है, क्योंकि इसके बावजूद प्राईवेट स्कूलों ने अनाप शनाप फीस वृद्धि की है। उन्होंने कहा कि अभिभावकों को अध्यादेश/बिल की सामग्री के बारे में अंधेरे में रखना पूरी तरह अन्यायपूर्ण है क्योंकि इसे पब्लिक डोमेन में नहीं डाला गया और फीस वृद्धि से प्रभावित अभिभावकों की राय/सुझावों को इसमें नहीं लिया।

देवेंद्र यादव ने कहा कि यह बहुत दर्दनाक है कि भाजपा सरकार ने पीएलसीपी (पूर्व-लेजिलेटिव परामर्श नीति) 2014 को नजरअंदाज कर दिया, जो यह बताता है।

# भाजपा ने 100 दिन की सरकार का जश्न तो मनाया, लेकिन कोई काम न गिना सके: भारद्वाज








**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली कांग्रेस की जिलास्तरीय मासिक बैठके संगठन की मजबूती का आधार बनकर उभर रही हैं। जिला करावल नगर की बैठकों में तो ऐसा ही लग रहा है। पिछली कई बैठकों से लगातार पार्टी की सदस्यता लेने वाले लोगों की सक्रियता तो यही इशारा कर रही है। मासिक बैठक में भी दर्जन भर से ज्यादा लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस बैठक में उत्तरपूर्वी लोकसभा प्रभारी रमेश सब्बरवाल, जम्मू कश्मीर प्रभारी और सचिव मनोज यादव, जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज, जिला प्रभारी लक्ष्मण रावत, दीपक वशिष्ठ, फरीद शाह और विधानसभा प्रत्याशी अली मेहंदी, डॉ पीके मिश्रा, ईश्वर बागड़ी, डॉ मंगेश त्यागी ने उपस्थित रहकर जिला महासचिव रघुवीर सिंह की दुखद मृत्यु पर शोक जताते हुए दो मिनिट का मौन रखा। इसके बाद सभी ने संगठन के मजबूत होने पर बोलते हुए पार्टी ज्वाइन करने वाले लोगों को बधाई दी और भाजपा की मौजूदा सरकार पर प्रश्नचिन्ह उठाते हुए कहा कि महिला सम्मान राशि के बजट में 5100 करोड़ की घोषणा कर महिलाओं को 2500 रुपये मासिक ना मिलना, मुफ्त गैस सिलेंडर और यमुना सफाई जैसे वादे कोरे जुमले साबित हुए।

आधे घंटे की बारिश में दिल्ली में बाढ़ जैसे हालात हो जाना, बिजली-पानी की समस्याएं, टूटी सड़कें, टैंकर माफिया और बंद पड़े मोहल्ला क्लीनिक इस सरकार की नाकामी का सबूत हैं। उन्होंने बिगड़ी कानून व्यवस्था को लेकर भी सरकार को कठघरे में खड़ा करते हुए कहा कि आज दिल्लीवासी डर के साए में जीने को मजबूर हैं, अपराध दर में वृद्धि, बलात्कार, हत्या और लूट की बढ़ती घटनाओं ने दिल्ली की छवि को धूमिल कर दिया है।

# जहांगीरपुरी मैट्रो स्टेशन के पास समाजसेवी स्वर्गीय राजकुमार खन्ना की 11वीं पुण्यतिथि पर बाँटें गये फल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** समाजसेवी स्वर्गीय राज कुमार खन्ना की 11वीं पुण्यतिथि पर मंगलवार को उन्हें श्रद्धांजलि दी गई और उनका पसंदीदा फल 'केले' का भोग लगाकर और परिवार के द्वारा श्रद्धांजलि देकर क्षेत्र में वितरण किये गये। स्वर्गीय श्री खन्ना के सुपुत्र राजेश खन्ना ने बताया कि उनके पिता शुरू से ही स्वभाव से बेहद सरल थे और गरीबों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। उन्होंने बताया कि स्वर्गीय पिता जी हमेशा सत्य और ईमानदारी की राह



पर चले। वह गरीबों के साथ हमेशा खड़े रहते थे और सत्य की राह पर चल लोगों की मदद और सेवा किया करते थे। उनके प्रति हमेशा पिताजी की सहानुभूति रही। वह एक ईमानदार, मिलनसार, स्वच्छ व्यवहार एवं सच्चे समाजसेवी थे। उन्होंने कभी भी अपने जीवन में घमंड नहीं किया लेकिन गलत करने वालों के हमेशा खिलाफ रहते थे। उनका स्वभाव शुरू से ही समाज सेवा से भरा रहा। पिताजी ने जीवन बेहद सादा, साधारण और बिना किसी लोभ लालच के जिया। उन्होंने हमें भी ईमानदारी, सच्चाई और बिना लोभ लालच के पद चिन्हों पर चलने के लिए प्रेरित किया। आज मैं उन्हीं के पद चिन्हों पर चलकर पिछले 21 वर्षों से पत्रकारिता के माध्यम से समाज और जनता की आवाज बनकर सेवा कर रहा हूं। उनके सुपुत्र ने बताया कि उनके पिता जी ने कभी भी जीवन में किसी का बुरा नहीं किया हमेशा वह मन में समाज के प्रति अच्छे विचार रखते थे। गरीबों और असहाय लोगों की मदद के लिए तैयार रहते थे। स्वर्गीय आर. के. खन्ना के सुपुत्र राजेश खन्ना ने बताया कि केला उनके पिता का पसंदीदा फल था, इसलिए आज उनकी पुण्य तिथि पर क्षेत्र में केले वितरित किये गये और ईश्वर से प्रार्थना करी कि उनके पिता की आत्मा को भगवान शांति दे और अपने चरणों में स्थान दे।

इस मौके पर स्वर्गीय श्री खन्ना की धर्मपत्नी आशा रानी, पुत्र-वधू सुषमा खन्ना और पोते अक्षय खन्ना और अंश खन्ना उपस्थित थे।



केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष रोशन कंसल ने शिष्टाचार भेंट की और केन्द्रीय मंत्री की धर्मपत्नी साधना सिंह को जन्मदिन की बधाई भी दी।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया देश में विकास ही विकास: यादव

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भाजपा के वरिष्ठ नेता धर्मवीर यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की नीतियों व कार्यों से देश के लोग काफी ज्यादा प्रभावित है, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में विकास ही विकास करके दिखाया है।

उन्होने आगे बताया कि मोदी जी ने देश में नई-नई योजनाएं लागू की है कि इन योजनाओं से जुड़कर देश के लोग विकास की ओर अग्रसर हो रहे है। उन्होंने आगे बताया कि भारतीय जनता पार्टी वादे की पक्की है, जो वादे भारतीय जनता पार्टी करती है, उसे पूरा करके दिखाती है, यही कारण है कि देश के कोने-कोने में भाजपा का सिपाही मौजूद



है और देश के लोगों की सेवा कर रहा है। उन्होंने आगे बताया कि दिल्ली में भी भाजपा की सरकार बनने के बाद से दिल्ली में विकास काफी तेजी से हो रहा है, दिल्ली की जनता भी भाजपा के कार्यों से काफी ज्यादा खुश है।

# सिविल लाईन जोन का चेयरमैन बनने पर गुलाब सिंह राठौर का किया गया स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** जम जम फाउन्डेशन के एक प्रतिनिधिमण्डल ने फाउन्डेशन के अध्यक्ष शमीम अहमद खान के नेतृत्व में सिविल लाइन जोन जाकर गुलाब सिंह राठौर से मुलाकात की तथा उन्हें सिविल लाइन जोन का चेयरमैन चुने जाने पर बधाई दी।

इस मौके पर गुलाब सिंह राठौर का जोरदार स्वागत भी किया गया। इस अवसर पर जम जम फाउन्डेशन के अध्यक्ष शमीम अहमद खान, उपाध्यक्षा ममता आनन्द एवं मानसी सिंह, मनोज




कुमार, एडवोकेट अमित आनन्द व समाजसेवी जसप्रीत सिंह आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे

# गरीबों की मदद करना पुण्य का कार्य: लाखन सिंह कुशवाहा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रसिद्व समाजसेवी लाखन सिंह कुशवाहा ने कहा कि सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है, इसलिए सभी को समाजसेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंद व निर्धन तबके की सहायता करनी चाहिए। जिससे की किसी भी गरीब व्यक्ति को परेशान न होना पड़े। उन्होंने आगे बताया कि सेवा हमेशा ही निःस्वार्थ भाव से करनी चाहिए। सेवा के अन्दर स्वार्थ की भावना नहीं होनी चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि हम सभी को अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए और उस पौधे की रक्षा परिवार की तरह करनी चाहिए।



उन्होंने यह भी बताया कि पेड़-पौधों से जहां एक ओर हमें फल, फूल और छाया मिलती है, वहीं इनसे हमें कई प्रकार की औषधियां भी प्राप्त होती है, इसलिए सभी पेड़-पौधे लगाये और दूसरों को भी इस कार्य के लिए प्रेरित करें।

## एफआईएच प्रो लीग: रोमांचक मुकाबले में नीदरलैंड ने भारत को 3-2 से हराया



**एम्स्टलवीन (नीदरलैंड्स)।** वाघनेर हॉकी स्टेडियम में खेले गए एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024/25 के एक रोमांचक मुकाबले में भारतीय पुरुष हॉकी टीम को मेजबान नीदरलैंड्स के हाथों 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। भारत की ओर से अभिषेक (20') और जुगराज सिंह (54') ने गोल किए, जबकि नीदरलैंड्स के लिए थाइस वान डैम (24'), टजेप होडेमेकर (33') और जिप जैनसेन (57') ने स्कोर किया। भारतीय टीम ने पहले क्वार्टर में तेज और नियंत्रित खेल दिखाया। फारवर्ड अभिषेक ने छठे मिनट में गोल का शानदार प्रयास किया, लेकिन गेंद गोल के पास से निकल गई। भारत ने पोजेशन पर पकड़ बनाए रखी और नीदरलैंड्स को लगातार चुनौती दी, लेकिन पहला क्वार्टर बिना गोल के समाप्त हुआ। दूसरे क्वार्टर में भारत ने लय बरकरार रखी और 20वें मिनट में अभिषेक ने शिलानंद लाकड़ा के पास पर शानदार फिनिश कर टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। यह उनके करियर का 100वां अंतरराष्ट्रीय मुकाबला था, जिसे उन्होंने यादगार बना दिया। लेकिन चार मिनट बाद ही थियरी ब्रिंकमैन के असिस्ट पर थाइस वान डैम ने बराबरी का गोल कर दिया। हाफ टाइम तक स्कोर 1-1 रहा। तीसरे क्वार्टर की शुरूआत में नीदरलैंड्स ने आक्रामक रवैया अपनाया। 33वें मिनट में फ्लोरिस वॉर्टलबोयर के तेज क्रॉस पर टजेप होडेमेकर ने गोल कर नीदरलैंड्स को 2-1 की बढ़त दिलाई। भारत को लगातार पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन उन्हें गोल में नहीं बदला जा सका।

चौथे क्वार्टर में भारत ने बराबरी के लिए दबाव बढ़ाया। 54वें मिनट में चौथे पेनल्टी कॉर्नर पर जुगराज सिंह ने दमदार ड्रैग फ्लिक से गोल कर स्कोर 2-2 कर दिया। इसके कुछ ही देर बाद ललित उपाध्याय को बढ़त दिलाने का सुनहरा मौका मिला, लेकिन डच गोलकीपर मौरिट्स विसर ने शानदार बचाव किया। फिर 57वें मिनट में नीदरलैंड्स को पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिसे जिप जैनसेन ने गोल में तब्दील कर स्कोर 3-2 कर दिया। भारत ने आखिरी क्षणों तक जोर लगाया, लेकिन डच रक्षा पंक्ति ने उन्हें गोल से वंचित रखा। भारतीय टीम अब तक 10 मैचों में 15 अंकों के साथ अंकतालिका में चौथे स्थान पर है। टीम 11 जून को अर्जेंटीना के खिलाफ अगला मैच खेलेगी।

## 'उनके हाथ जेबकतरे से भी तेज हैं', धोनी की प्रशंसा करते हुए रवि शास्त्री ने दिया अजीबो-गरीब बयान



**नई दिल्ली :** पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का विकेटकीपिंग में कोई सानी नहीं है। पलक झपकते ही वह विकेट के पीछे गेंद लपक लेते हैं और बल्लेबाज को रवाना कर देते हैं। यही वजह है कि उन्हें विकेट के पीछे का जादूगर भी कहा जाता है। क्रिकेट जगत के तमाम दिग्गज उनकी इस कला की तारीफ भी करते हैं। ऐसा ही कुछ भारतीय टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने भी किया। उनका मानना है कि महेंद्र सिंह धोनी के हाथ जेबकतरे से भी तेज चलते हैं। वह पलक झपकते ही विकेट के पीछे से मैच का रुख पलट देते हैं। आईसीसी के एक कार्यक्रम में रवि शास्त्री ने कहा- 'उसके हाथ जेबकतरे से भी तेज हैं। अगर आप कभी भारत में हों, कोई बड़ा मैच देखने जा रहे हों, खास तौर पर अहमदाबाद में तो आप नहीं चाहेंगे कि एमएस आपके पीछे हो; उस पीठ पर नजर रखें। बटुआ गायब हो जाएगा।' पूर्व क्रिकेटर का यह बयान अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा। शास्त्री ने भले ही धोनी की तारीफ करते हुए जेबकतरे से तुलना की है, लेकिन उन्होंने यह मजाकिया अंदाज में किया है।

इस दौरान रवि शास्त्री ने पूर्व भारतीय कप्तान के प्रति लोगों की दीवानगी पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा- 'वह शून्य पर आउट हो जाता है, वह विश्व कप जीतता है, वह शतक भी बनाता है और दो सौ भी बनाता है। आप जानते हैं, इसमें कोई अंतर नहीं है।'

**आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल हुए धोनी**

धोनी को आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया है। धोनी भारत के 11वें खिलाड़ी हैं जिन्हें इस सूची में शामिल किया गया है। आईसीसी ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। धोनी के अलावा दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज हाशिम अमला, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज मैथ्यू हेडन, दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ, न्यूजीलैंड के पूर्व स्पिनर डेनियल विटोरी, पाकिस्तान महिला टीम की खिलाड़ी सना मीर और इंग्लैंड महिला टीम की खिलाड़ी सारा टेलर को भी इस सूची में शामिल किया गया है।

**2020 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को कहा था अलविदा**

धोनी को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिए हुए करीब पांच साल हो गए हैं। धोनी ने भारत के लिए आखिरी मैच 2019 वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में खेला था। भारत वो मुकाबला हार गया था और टूनार्मेंट से बाहर हो गया था। इसके बाद धोनी ने भारत के लिए कोई मुकाबला नहीं खेला और फिर 15 अगस्त 2020 को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया।

अपनी कप्तानी में दिलाए तीन आईसीसी खिताब

कैप्टन कूल के नाम से प्रसिद्ध रहे धोनी भारत के सबसे सफल कप्तान में से एक हैं। रांची से आने वाले धोनी ने भारत को अपनी कप्तानी में 2007 टी20 विश्व कप, 2011 वनडे विश्व कप और 2013 चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब दिलाया था। धोनी भारत के एकमात्र कप्तान हैं जिनकी कप्तानी में टीम ने तीन आईसीसी खिताब जीते हैं।

# इंग्लैंड में किस तरह अच्छा प्रदर्शन कर सकता है भारत? 4 दिग्गज क्रिकेटरों ने दी सलाह



**नई दिल्ली :** भारत और इंग्लैंड के चार पूर्व क्रिकेटरों ने सोमवार को शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम को इंग्लैंड में कामयाबी के लिए हालात के अनुकूल ढलने की सलाह दी। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन का मानना है कि पांच टेस्ट मैचों की यह सीरीज भारत के लिए कुछ खास की शुरूआत हो सकती है। टीम इंडिया इस दौरे पर रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास) के बिना होगी, क्योंकि इन तीनों ने ही सबसे लंबे प्रारूप को छोड़ दिया है। इस वक्त भारतीय क्रिकेट बदलाव के दौर से गुजर रहा है । तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी भी इस दौरे के लिए नहीं चुने गए हैं।

**चेतेश्वर पुजारा ने क्या कहा?**

भारत के दिग्गज बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने कहा, 'भारत को इंग्लैंड के हालात के अनुरूप तुरंत ढलना होगा। इंग्लैंड के हालात और टीम संयोजन को समझने के कारण मैं कह सकता हूं कि अनुशासन, संयम और एक दूसरे का सहयोग अहम होगा।' उन्होंने कहा, 'हर खिलाड़ी को योगदान देना होगा और चुनौती का सम्मान करना होगा। मुझे यकीन है कि हर खिलाड़ी के विकास और सफलता के लिए यह बड़ा मौका होगा।'

**नेहरा-पठान ने क्या कहा?**

पूर्व तेज गेंदबाज आशीष नेहरा ने कहा, 'इंग्लैंड दौरा हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है लेकिन मजेदार भी रहता है। हालात के अनुकूल ढलना अहम होगा और मुझे यकीन है कि खिलाड़ी ऐसा कर सकेंगे। गेंदबाजी में हमारे पास अनुभव और स्थिरता है।' भारत के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान ने कहा, 'भारत की नई टीम के सामने इंग्लैंड की कठिन चुनौती है, लेकिन एक हरफनमौला होने के नाते मैं कह सकता हूं कि हालात के अनुरूप ढलना अहम होगा। गिल की कप्तानी, पंत की ऊर्जा और भारत के युवा खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।'

**माइकल वॉन ने क्या कहा?**

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान वॉन ने कहा कि 25 वर्ष के गिल को टेस्ट कप्तान बनाना साहसिक फैसला है और यह निर्णायक साबित हो सकता है। उन्होंने कहा, 'शुभमन गिल भारतीय टेस्ट क्रिकेट का नया चेहरा है। इंग्लैंड सीरीज के लिए उन्हें कप्तान बनाने का फैसला साहसिक है। उन्हें बहुत कुछ साबित करना होगा, लेकिन उसने दिखा दिया है कि वह बड़े मैचों का खिलाड़ी है। ऋषभ पंत उपकप्तान हैं और यह टीम खुद को साबित करने के लिए बेताब हैं। इंग्लैंड का दौरा भारत की अगली पीढ़ी के लिए किसी खास का आगाज हो सकता है।'

**टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीमः** शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान और विकेटकीपर), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नीतीश रेड्डी, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मो. सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव। भारत के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीमः बेन स्टोक्स (कप्तान), शोएब बशीर, जैकब बेथेल, हैरी ब्रूक, ब्राइडन कार्स, सैम कुक, जैक क्राउली, बेन डकेट, जेमी ओवरटन, ओली पोप, जो रूट, जेमी स्मिथ, जोश टंग, क्रिस वोक्स।

## भारत ए बनाम इंग्लैंड लायंसः कोटियन-कंबोज की शानदार साझेदारी, दूसरा अनौपचारिक टेस्ट ड्रॉ

**नई दिल्ली।** भारत ए ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरा अनौपचारिक टेस्ट सकारात्मक अंदाज में समाप्त किया। मुकाबला ड्रॉ रहा, लेकिन अंतिम दिन भारत की बल्लेबाजी और गेंदबाजी ने दर्शकों को खासा प्रभावित किया। अंतिम दिन भारत ए ने सिर्फ तीन विकेट खोकर 254 रन बनाए और कुल स्कोर 417/7 तक पहुँचते ही पारी घोषित कर दी। मैच का सबसे बड़ा आकर्षण रहा तनीष कोटियन (नाबाद 90) और अंशुल कंबोज (नाबाद 51) के बीच आठवें विकेट के लिए हुई 149 रनों की बेमिसाल साझेदारी। इस जोड़ी ने इंग्लैंड लायंस के गेंदबाजों को पूरी तरह थका दिया और भारत की पकड़ को मजबूत किया। दिन की शुरूआत नितीश रेड्डी और ध्रुव जुरेल ने की। शुरूआती परेशानियों के बावजूद जुरेल ने दो चौके लगाकर लय हासिल की, लेकिन वे 28 रन बनाकर एडी जैक की गेंद पर आउट हो गए। इसके बाद शार्दुल ठाकुर और नितीश रेड्डी ने आक्रामक रुख अपनाया। ठाकुर ने फारहान अहमद की गेंदों पर लगातार दो छक्के लगाए, वहीं नितीश ने 42 रन बनाए। दोनों बल्लेबाज लंच से पहले जॉर्ज हिल का शिकार बने। लंच के बाद कोटियन और कंबोज ने मोर्चा संभाला। कोटियन ने फारहान को छक्का लगाकर खाता खोला और उसके बाद दोनों बल्लेबाजों ने लगातार चौके-छक्कों की बारिश की। कोटियन ने सिर्फ 60 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया, वहीं कंबोज ने भी चाय से पहले छक्का लगाकर अपना पचासा पूरा किया। इसके बाद भारत ने पारी 417/7 पर घोषित कर दी। चाय के बाद के एक घंटे के खेल में 11 ओवर डाले गए जिसमें भारत ए के गेंदबाजों ने इंग्लैंड लायंस को दबाव में ला दिया।

## एफआईएच हॉकी प्रो लीग : अर्जेंटीना के खिलाफ मुकाबलों के लिए तैयार भारतीय पुरुष हॉकी टीम



**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024/25 (पुरुष) के यूरोपीय चरण में अब तक उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सकी है। हालांकि नीदरलैंड्स के खिलाफ करीबी हार अब अतीत की बात हो चुकी है और टीम अब अपना पूरा ध्यान अर्जेंटीना के खिलाफ आगामी दो मुकाबलों पर केंद्रित कर रही है, जो एम्स्टर्डम में खेले जाएंगे। हाल के वर्षों में भारत और अर्जेंटीना के बीच कई मुकाबले देखने को मिले हैं, जिसमें भारत का पलड़ा अब तक भारी रहा है। पेरिस 2024 ओलंपिक में दोनों टीमों के बीच रोमांचक ड्रॉ देखने को मिला था, जबकि एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 (पुरुष) में भारत ने अर्जेंटीना को दो बार हराया था- जिसमें एक जीत शूटआउट के जरिए हासिल हुई थी। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने मैच से पहले कहा, हम जानते हैं कि अर्जेंटीना के खिलाफ मुकाबले कितने चुनौतीपूर्ण होने वाले हैं। टीम रोजाना कड़ी मेहनत कर रही है और हम अच्छे प्रदर्शन को लेकर आश्वस्त हैं। अर्जेंटीना एक मजबूत टीम है और इस स्तर पर कोई भी मैच आसान नहीं होता। प्रतियोगिता में अब तक 15 अंकों के साथ भारत अंक तालिका में चौथे स्थान पर है और उसे कुल छह मुकाबले और खेलने हैं। एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप 2026 में स्थान सुनिश्चित करने के लिए शेष मैचों में भारत को अधिकतम अंक हासिल करने होंगे। आगामी राह पर चर्चा करते हुए हरमनप्रीत ने कहा, हम हर परिस्थिति के लिए तैयार हैं। इस टूनार्मेंट के लिए हमने कई रणनीतियों और संयोजनों पर काम किया है। हमें उम्मीद है कि अर्जेंटीना के खिलाफ हम दमदार प्रदर्शन करेंगे। एफआईएच हॉकी प्रो लीग (पुरुष) के इतिहास में भारत को अर्जेंटीना के खिलाफ अब तक रेगुलेशन टाइम में एक भी हार नहीं मिली है। केवल एकमात्र हार 2022 में भुवनेश्वर में शूटआउट के दौरान हुई थी।

## मैनचेस्टर सिटी ने वुल्व्स से डिफेंडर रयान एइत-नूरी को किया साइन

**लंदन।** मैनचेस्टर सिटी ने अल्जीरियाई लेफ्ट-बैक रयान एइत-नूरी को वुल्वरहैम्प्टन वांडरर्स से साइन कर लिया है। एइत-नूरी ने मेडिकल परीक्षण पास करने के बाद क्लब के साथ पांच साल का करार किया है। यह डील 3.1 करोड़ पाउंड (लगभग 42 मिलियन अमेरिकी डॉलर) में पूरी हुई है। मैनचेस्टर सिटी की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, "क्लब को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि वुल्वरहैम्प्टन वांडरर्स से रयान एइत-नूरी को साइन कर लिया गया है। 24 वर्षीय लेफ्ट-बैक ने एतिहाद स्टेडियम में 2030 की गर्मियों तक के लिए पांच साल का अनुबंध किया है।" एइत-नूरी ने अपने बयान में कहा, "यह एक आसान फैसला था। शुरूआत से ही मेरी और मेरे परिवार की पसंद मैनचेस्टर सिटी थी। मुझे इस टीम का खेलने का तरीका बहुत पसंद है। यहां आकर मुझे बहुत खुशी हो रही है यह मेरे लिए एक बड़ा सम्मान है।" उन्होंने आगे कहा, "हम जानते हैं कि यह टीम बीते कुछ वर्षों से दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम रही है। खिलाड़ी शानदार हैं और कोच पेप गार्डियोला भी अद्भुत हैं-उनके साथ ट्रेनिंग करना मेरे लिए सौभाग्य की बात होगी। मैं यहां सीखने और अपना सर्वश्रेष्ठ देने आया हूं।" गौरतलब है कि पिछले सीजन में मैनचेस्टर सिटी के पास कोई विशेषज्ञ लेफ्ट-बैक नहीं था, ऐसे में एइत-नूरी टीम को संतुलन देने का काम करेंगे।

## वेस्टइंडीज के धाकड़ बल्लेबाज निकोलस पूरन ने महज 29 साल की उम्र में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास



**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के धाकड़ बल्लेबाज निकोलस पूरन ने महज 29 साल की उम्र में अंतराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेकर क्रिकेट जगत को चौंका दिया है। पूरन वेस्टइंडीज के सबसे ज्यादा टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले खिलाड़ी रहे हैं और टी20 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज भी हैं। उनका यह फैसला ऐसे समय आया है जब वेस्टइंडीज की टीम एक बार फिर से खुद को सफेद गेंद क्रिकेट में स्थापित करने की कोशिश कर रही है। हाल ही में वेस्टइंडीज टीम 2023 वनडे विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रही थी, जिससे टीम को बड़ा झटका लगा था। टी20 क्रिकेट में पूरन अपने करियर के शिखर पर हैं। उन्होंने पिछले साल सबसे ज्यादा 170 छक्के लगाए थे। हाल ही में संपन्न आईपीएल 2025 में उन्होंने पहली बार एक सीजन में 500 से ज्यादा रन बनाए और 40 छक्के जड़े, जो इस सीजन का सर्वाधिक आंकड़ा है। हालांकि पूरन को इंग्लैंड और आयरलैंड के मौजूदा दौरे के लिए नहीं चुना गया था, क्योंकि उन्होंने वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड से ब्रेक की मांग की थी। पूरन ने वेस्टइंडीज के लिए टेस्ट क्रिकेट कभी नहीं खेला। उन्होंने सितंबर 2016 में टी20 अंतरराष्ट्रीय डेब्यू किया था, जबकि फरवरी 2019 में वनडे क्रिकेट में पदार्पण किया था। लेकिन 2023 विश्व कप में जगह न बना पाने के बाद से वह वनडे से बाहर चल रहे थे। पूरन ने 2022 में वेस्टइंडीज की वनडे और टी20 दोनों टीमों की कप्तानी भी की थी, लेकिन 30 में से केवल 8 मैच ही जीत पाए। 2022 में ऑस्ट्रेलिया में हुए टी20 वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज की पहले राउंड में ही विदाई के बाद उन्होंने कप्तानी छोड़ दी थी। निकोलस पूरन ने इंस्टाग्राम पर एक भावुक पोस्ट के जरिए अपने संन्यास की घोषणा करते हुए लिखा,"इस खेल ने मुझे बहुत कुछ दिया है - खुशी, उद्देश्य, यादगार लम्हें और वेस्टइंडीज के लोगों का प्रतिनिधित्व करने का सौभाग्य। मारून जर्सी पहनना, राष्ट्रगान के दौरान खड़े होना और मैदान पर अपना सब कुछ देना मेरे लिए गर्व की बात रही है।

## ड्रॉ हुआ फाइनल तो कौन होगा विजेता?

**लंदन :** ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 का फाइनल खेला जाएगा। दोनों टीमें लंदन के ऐतिहासिक लॉर्ड्स मैदान में आमने-सामने होंगी। यह मैच 11 जून से खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलियाई टीम लगातार दूसरी बार फाइनल मैच में खेलेगी। पिछली बार कंगारू टीम भारत को फाइनल में हराकर चैंपियन बनी थी। ऑस्ट्रेलियाई टीम की नजरें लगातार दूसरा फाइनल जीतकर इतिहास रचने पर होंगी, जबकि दक्षिण अफ्रीका की टीम पिछली सभी यादों को भुलाकर टेस्ट चैंपियन बनकर एक नया मिसाल कायम करना चाहेगी। फाइनल मुकाबले से पहले हम कुछ सवालों के जरिए इस मैच के बारे में सबकुछ आपको बता रहे हैंः विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल क्या है? इसका क्या महत्व है? यह टेस्ट का विश्व कप फाइनल है। 2002 से आईसीसी ने टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर रहने वाली टीम को सालाना एक ट्रॉफी दी है, लेकिन 2019 के बाद से उसने फॉर्मेट में बदलाव किया। आईसीसी ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में नौ टीमों की एक लीग शुरू की। इसका एक संस्करण दो साल का होता है। नौ में से अंक तालिका में शीर्ष दो टीमों के बीच फाइनल खेला जाता है। अंक प्रतिशत के आधार पर शीर्ष की दो टीमें तय होती हैं। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का पहला चक्र 2019 से 2021 तक था।

## दक्षिण अफ्रीका की नजरें पहले आईसीसी खिताब पर, सामने ऑस्ट्रेलिया की कठिन चुनौती



**लंदन :** विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 आखिरकार अपने अंजाम तक पहुंचने वाला है। इस चक्र के फाइनल की शुरूआत बुधवार 11 जून से होने जा रही है। फाइनल लंदन के ऐतिहासिक लॉर्ड्स के मैदान में खेला जाएगा। खिताबी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया का सामने मजबूत इरादे वाले दक्षिण अफ्रीका की चुनौती होगी जो खिताबी सूखे को खत्म करने के लिए बेकरार है। ऑस्ट्रेलिया इकलौती टीम है जिसने आईसीसी की चारों ट्रॉफी (वनडे विश्व कप, चैंपियंस ट्रॉफी, टी20 विश्व कप और डब्ल्यूटीसी) जीती है। किसी आईसीसी टूनामेंटों के फाइनल में उन्हें हराना और मुश्किल होता है। टीम आईसीसी टूनामेंटों में 13 बार फाइनल में पहुंची है और इसमें से 10 बार खिताब जीतने में सफल रही है। दक्षिण अफ्रीका की टीम अहम मैचों में जीत के करीब पहुंच कर फिसलने के लिए जानी जाती है और इस वजह से उन्हें 'चोकर्स' नाम दिया गया है। टीम ने अब तक आईसीसी का सिर्फ एक टूनार्मेंट जीता है। टीम ने 1998 में चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता था। दक्षिण अफ्रीका की इस टीम में अनुभव और युवा खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है और टीम तटस्थ स्थल पर खेले जाने वाले इस मैच को जीत कर 'चोकर्स' के तमगे से पीछा छुड़ाना चाहेगी। टीम ने डब्ल्यूटीसी के 2023-25 चक्र में सबसे ज्यादा 30 खिलाड़ियों का इस्तेमाल किया। इसमें से ज्यादातर खिलाड़ी सही समय पर रन बनाने वाले या विकेट लेने वाले निकले। टीम लगातार सात टेस्ट में जीत के साथ डब्ल्यूटीसी फाइनल खेलने के लिए तैयार है। उसने पिछले साल दिसंबर में ही इसका टिकट पक्का कर लिया था। ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे बड़ी चुनौती पारी का आगाज करने के लिए उस्मान ख्वाजा के साथी को तय करने की होगी। टीम के पास भारत के खिलाफ पिछले डब्ल्यूटीसी फाइनल खेलने वाले अंतिम एकादश से डेविड वार्नर को छोड़कर बाकी के 10 खिलाड़ी मौजूद है। मध्यम गति के गेंदबाज जोश हेजलवुड उस मैच को चोट के कारण नहीं खेल पाये थे। वह हालांकि उस टीम में शामिल रहे स्कॉट बोलैंड की जगह लेने के लिए तैयार है। हेजलवुड ने कंधे की चोट से उबरते हुए पिछले सप्ताह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को आईपीएल चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभई। उन्होंने आईपीएल में 12 मैचों में 22 विकेट लेकर दमदार प्रदर्शन किया। सलामी बल्लेबाज के तौर पर वॉर्नर की जगह लेने वाले का फैसला अब भी नहीं हुआ है। 19 साल के सैम कोंस्टास ने भारत के खिलाफ आक्रामक तेवर से प्रभावित किया लेकिन लेकिन फरवरी में श्रीलंका में ट्रेविस हेड ने इस भूमिका को निभाया। माना जा रहा कि हेड एक बार भी इस भूमिका में दिखेंगे। टीम के लिए मध्यक्रम में मार्नस लाबुशेन की फॉर्म चिंता की विषय है लेकिन हरफनमौला कैमरून ग्रीन ने सर्जरी से वापसी करते हुए काउंटी क्रिकेट में ग्लूस्टरशर का प्रतिनिधित्व करते हुए तीन शतक जड़ कर शानदार वापसी की है।

## आईएसएसएफ विश्व कप में तीन भारतीयों का डेब्यू



**म्यूनिख :** दो बार की पदक विजेता इलावेनिल वालारिवन से मंगलवार को आईएसएसएफ (अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ) के साल के तीसरे विश्व कप के पहले दिन पदक की सबसे ज्यादा उम्मीदें होगी क्योंकि उनके अलावा देश के तीन निशानेबाज महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल और पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पधाओं में पहली बार इस आयोजन में भाग लेंगे। महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल और पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पधाओं के फाइनल मंगलवार को होंगे। इसके अलावा 10 स्पधाओं में से चार के लिए एलिमिनेशन और क्वालिफिकेशन शुरू होंगे। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ ने इस टूनार्मेंट के लिए निशानेबाजों की 22 सदस्यीय दल भेजी है। इसमें दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर के अलावा किरण अंकुश जाधव दो व्यक्तिगत स्पधाओं में भाग लेंगी। भारत पहले दिन दो पदक स्पधाओं में विश्व कप में पदार्पण करने वाले तीन खिलाड़ियों को मैदान में उतार रहा है। इसमें राष्ट्रीय चैंपियन अनन्या नायडू महिला स्पर्धा में तथा आदित्य मालरा और निशांत रावत पुरुष स्पर्धा में इस स्तर पर पहली बार किस्मत आजमायेंगे। भारत की दूसरी एयर राइफल निशानेबाज आर्या बोरसे भी सीनियर स्तर पर अपने शुरूआती साल में है। वह हालांकि शानदार फॉर्म में है। उसने ब्यूनस आयर्स और लीमा में वर्ष के पहले दो विश्व कप चरणों में क्रमशः एक व्यक्तिगत फाइनल में जगह बनाई तथा दो मिश्रित टीम रजत पदक जीते। इससे दो बार की ओलंपियन और दो बार की व्यक्तिगत विश्व कप स्वर्ण पदक विजेता इलावेनिल और एशियाई चैंपियनशिप विजेता और चार बार के विश्व कप पदक विजेता वरुण तोमर को दोनों स्पधाओं में सीनियर की जिम्मेदारी संभालनी होगी। भारतीय राइफल कोच दीपाली देशपांडे ने सोमवार को टीम के अभ्यास सत्र से पहले कहा, 'म्यूनिख निशानेबाजी परिसर से हमारे निशानेबाज अच्छी तरह परिचित है। ये सभी यूरोपीय सर्किट पर विभिन्न आयोजनों के लिए कई बार यहां आ चूके है। वे अभ्यास में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, देखते हैं मुकाबले में क्या होता है।' भारत ने इस साल की शुरूआत में दक्षिण अमेरिका में हुए विश्व कप के पहले दो चरणों में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया था। भारतीय निशानेबाज विश्व कप के साल के शुरूआती दो चरण की सफलताओं को आगे बढ़ाने की कोशिश करेंगे।

राष्ट्रीय पिस्टल कोच समरेश जंग ने कहा, 'हमारे निशानेबाज लय में हैं। सभी फिट है इसलिए हम अच्छे प्रदर्शन को लेकर आश्वस्त है।'

# जहां भी भाजपा सरकार है वहीं गरीब कल्याण है: योगी

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री के रूप में 11 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर प्रदेश कार्यालय में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की पत्रकार वार्ता
- मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी के 11 वर्षों के कार्यकाल को विकसित भारत एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का स्वर्णिम काल करार दिया

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता कर केंद्र सरकार का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत किया। इस दौरान उन्होंने इन 11 वर्षों के कार्यकाल को विकसित भारत एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का स्वर्णिम काल करार दिया। उन्होंने कहा कि इन 11 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी जी ने भारत को न केवल वैश्विक पहचान दी है, बल्कि स्वयं को तपाकर और खपाकर 140 करोड़ भारतवासियों को भी एक विश्वास का प्रतीक बनाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी का 11 वर्ष का यह कार्यकाल नए भारत को एक विकसित, आत्मनिर्भर, स्वर्णिम कालखंड के रूप में प्रस्तुत




करता है। इस स्वर्णिम कालखंड के लिए हम उत्तर प्रदेश सरकार और उत्तर प्रदेश वासियों की ओर से प्रधानमंत्री जी को बधाई देते हैं।

**जहां भी भाजपा सरकार है वहीं गरीब कल्याण है :** पत्रकारों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मोदी जी का स्पष्ट कहना है कि जहां तकनीक है वहां तरक्की है। आपने देखा होगा कि जहां भाजपा की सरकार है वहीं गरीब कल्याण भी है। मोदी जी का स्पष्ट कहना है कि शासन अब सेवा का माध्यम बनेगा। सरकार आम जनमानस के साथ सहभागी बनेगी। सुशासन अब संस्कृति के रूप में देखने को मिल रहा है। 11 वर्ष के प्रधानमंत्री मोदी जी के शासनकाल को हमने इन रूपों में देखा है। 11 वर्ष का यह कार्यकाल सेवा को संकल्प के रूप में, सुशासन को संस्कृति के रूप में और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। यही है नया भारत, यही है विश्व का नए भारत पर विश्वास।

### पहली बार गरीब बना शासन की योजना का हिस्सा

**पहली** बार गरीब शासन की योजना का हिस्सा बन पाया है। अब योजनाएं किसी तुष्टिकरण का शिकार नहीं होतीं, बल्कि बिना भेदभाव समाज के प्रत्येक तबके को उसकी संतुष्टीकरण का आधार देने वाली होती हैं। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के माध्यम से देश के अंदर 81 करोड लोग सुविधा का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। प्रतिमाह 5 किलो राशन की सुविधा प्राप्त करते हैं तो प्रदेश में 15 करोड़ गरीब इस योजना से लाभान्वित है। हर घर नल की योजना जल जीवन मिशन के माध्यम से 15 करोड़ से अधिक परिवार देश के अंदर इस योजना से लाभान्वित हुए हैं और उत्तर प्रदेश में दो करोड़ 65 लाख परिवार सीधे-सीधे लाभान्वित हुए हैं।

### पंच प्रण से रखी विकसित भारत की आधारशिला

आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में देश के जनमानस को प्रधानमंत्री मोदी जी ने विकसित भारत का जो मंत्र दिया, इसके लिए उन्होंने पंच प्रण और 11 संकल्प प्रत्येक भारतवासी को याद कराए थे। यह पंच प्रण, विकसित भारत का संकल्प, गुलामी की मानसिकता से मुक्ति, अपनी विरासत पर गर्व, राष्ट्रीय एकता और एकजुटता और नागरिक कर्तव्य का पालन हैं। 11 वर्ष के कालखंड को अगर आप देखेंगे तो सरकार ने विकसित भारत की जो आधारशिला रखी है वह इन्हीं पंच प्रण को ध्यान में रखकर की है और इसी के आधार पर विकसित भारत का यह मॉडल भारत को दुनिया की एक आर्थिक महाशक्ति के रूप में भी स्थापित करता है। जो 11 संकल्प मोदी जी ने प्रत्येक भारतवासी के लिए सुनिश्चित किये हैं उनमें कर्तव्य का पालन, एक समावेशी ध्यान में रखकर पिछले 11 वर्ष में किए गए गरीब कल्याणकारी, लोक कल्याणकारी कार्यक्रम, इंफ्रास्ट्रक्चर के डेवलपमेंट का जो मॉडल है।

### 11 संकल्पों से नए भारत का कराया दर्शन

**सीएम ने** कहा कि महिलाओं को नेतृत्व, मातृ वंदना कार्यक्रम से लेकर बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ कार्यक्रम से लेकर के नारी शक्ति वंदन अधिनियम तक किए गए अनेक कार्यक्रम, सैनिक स्कूलों में बेटियों की भर्ती हो, नेशनल डिफेंस एकेडमी में भी पहली बार महिलाओं की भर्ती हो सके और वह भी सेवा में उच्च सैन्य अधिकारी के पद पर जा सके यह पहली बार हुआ है। इसके साथ ही, संविधान का सम्मान, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के द्वारा बनाए गए संविधान का हर हाल में सम्मान होगा और इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी जी ने 26 नवंबर की तिथि को संविधान दिवस के रूप में पूरे देश के अंदर 2015 से इस कार्यक्रम को करने की कार्यवाही पहली बार शुरू की। आरक्षण की सुरक्षा, सामाजिक दृष्टि से जो भी पिछड़े हैं, दलित है, वंचित हैं।

## पूर्व कप्तान कपिल देव ने की राज्यपाल से मुलाकात



**टीम एक्शन इंडिया**

**नैनीताल।** उत्तराखंड के राज्यपाल सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह से मंगलवार को नैनीताल राजभवन में पूर्व भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी व देश के पहले विश्वविजेता कप्तान कपिल देव ने शिष्टाचार भेंट की। साथ ही आज राज्यपाल ने बोट एसोसिएशन नैनीताल के पदाधिकारियों के साथ भी बैठक कर नैनी झील के संरक्षण और पर्यटन सुविधाओं के विकास से संबंधित विषयों पर विचार-विमर्श किया। बैठक में एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने झील में बने बोट स्टैंड पर वर्षा से बचाव के लिए शीघ्र शेल्टर यानी छत के निर्माण, झील तक जाने वाली सीढ़ियों की मरम्मत व सुरक्षा चेन लगाने तथा टिकट काउंटर के जीर्णोद्धार जैसे सुझाव दिये। राज्यपाल ने कहा कि नैनी झील न केवल प्रदेश बल्कि पूरे देश के पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है और इसका संरक्षण सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं देना राज्य की जिम्मेदारी है। उन्होंने जानकारी दी कि झील का तकनीकी सर्वेक्षण नेशनल हाइड्रोग्राफर कार्यालय देहरादून द्वारा किया गया है और रिपोर्ट प्राप्त हो चुकी है, जिस पर कार्यवाही की जाएगी।

## बिहार के उपमुख्यमंत्री ने अयोध्या में किसानों से किया संवाद

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ :** विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत वैज्ञानिकों का किसानों से संवाद निरंतर जारी है। 29 मई से प्रारंभ हुए अभियान के तहत 13 दिन में प्रदेश के 75 जनपदों में लगभग 8775 स्थानों पर जनप्रतिनिधियों/कृषि वैज्ञानिकों, कृषि एवं सहवर्ती विभाग के अधिकारियों के साथ लगभग15,55,715 से अधिक किसानों ने संवाद किया। कार्यक्रम के प्रति कृषकों में काफी उत्साह है। मंगलवार को अयोध्या में बिहार के उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने शिरकत की। उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में किसानों को अवगत कराया। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज में कृषक गोष्ठी हुई। इसमें बिहार के उप मुख्यमंत्री/कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने किसानों से संवाद किया। उन्होंने सरकार द्वारा किसानों के लिए चलाई जा रही योजनाओं का जिक्र किया। गोष्ठी में विश्वविद्यालय के क्रियाकलापों यथा मृदा परीक्षण, उर्वरकों के संतुलित उपयोग, आईपीएम पद्धति, मलचिंग एवं सहफसली खेती से उत्पादन बढ़ाने आदि विषयों पर चर्चा हुई। इस दौरान



कुलपति, अयोध्या मण्डल के संयुक्त कृषि निदेशक, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता एवं किसान उपस्थित रहे।

**जल संचय व पौधरोपण पर फोकस करें किसान**

विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत मंगलवार को वाराणसी के मेहदीगंज, आरजी लाइंस में उप कृषि निदेशक शैलेन्द्र कुमार, उप कृषि निदेशक अमित जायसवाल, जिला कृषि अधिकारी संगम सिंह मौर्य की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें सरकार द्वारा कृषि से संबंधित चलाई जा रहीं विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया गया। उप कृषि निदेशक ने जल संचय एवं पौधरोपण पर किसानों को खास फोकस करने के लिए कहा।

### विशाल संत समागम व सत्संग में शिरकत करेंगे

**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को मुजफ्फरनगर के दौरे पर रहेंगे। मुख्यमंत्री स्वामी ज्ञान भिक्षुक दास की 65वीं पुण्यतिथि और सतगुरु समनदास जी महाराज की स्मृति में होने वाले विशाल संत समागम व सत्संग में शिरकत करेंगे। यह आयोजन संत शिरोमणि सतगुरु रविदास सतगुरु समनदास आश्रम सतगुरु गद्दी शुक्रतीर्थ मुजफ्फरनगर में होगा।

**आयोजन की समस्त तैयारियां पूर्ण**

आयोजक महाराज गोवर्धन दास ने बताया कि स्वामी ज्ञान भिक्षुक दास की 65वीं पुण्यतिथि पर सत्संग समागम का आयोजन किया गया है। स्वामी ज्ञान भिक्षुकदास महाराज ने जीवन भर समाज के उत्थान की अलख जगाई। उन्होंने शाकाहारी जीवन जीने और नशे से दूर रहने का संदेश दिया।

## गिरपुन्जे की वीरता और देशभक्ति को याद रखा जाएगा: सीएम

**श्रद्धांजलि**

- आईईडी विस्फोट में बलिदान हुए एएसपी आकाश राव गिरपुन्जे को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंगलवार को सुकमा जिले के कोंटा में नक्सलियों द्वारा किए गए कायरतापूर्ण आईईडी विस्फोट में बलिदान हुए एएसपी आकाश राव गिरपुन्जे को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्हें अंतिम विदाई दी। मुख्यमंत्री साय ने माना स्थित चौथी वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल परिसर पहुंचकर बलिदान के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा बलिदान के पार्थिव शरीर को कांधा देकर सम्मानपूर्वक विदाई दी। मुख्यमंत्री साय ने बलिदान गिरपुन्जे के शोक-संतप्त परिजनों से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदनाएँ प्रकट कीं और उन्हें इस कठिन समय में ढांढस बंधाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि, बलिदान एएसपी आकाश राव गिरपुन्जे ने अपने कर्तव्य के प्रति



अदम्य साहस, निष्ठा और समर्पण का परिचय देते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया है। हमें उन पर गर्व है। सरकार इस दुःख की घड़ी में उनके परिवार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि, लगातार हो रही सुरक्षाबलों की सफल कार्रवाइयों से नक्सली बौखलाए हुए हैं। छत्तीसगढ़ सरकार इस चुनौती से निपटने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि बलिदान गिरपुन्जे की वीरता और देशभक्ति को सदैव याद रखा जाएगा। मुख्यमंत्री के साथ इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, वन मंत्री केदार कश्यप, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, विधायक पुरन्दर मिश्रा, अपर मुख्य सचिव गृह विभाग मनोज कुमार पिंगुआ, पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, बलिदान के परिजन, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित थे।

### शांतिकुंज से दो और ज्योति कलश रथ उत्तर प्रदेश रवाना

**हरिद्वार।** गायत्री परिवार की संस्थापिका माता भगवती देवी शर्मा के जन्मशताब्दी वर्ष के अंतर्गत दो और ज्योति कलश रथ का पूजन कर मंगलवार को उत्तर प्रदेश के लिए रवाना किया गया। इससे पूर्व 6 जून को दो ज्योति कलश रथ उत्तर प्रदेश रवाना हो चुके हैं। इस अवसर पर देव संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति डॉ चिन्मय पंड्या ने कहा कि यह अभियान केवल धार्मिक या आध्यात्मिक यात्रा नहीं है, बल्कि यह एक सांस्कृतिक पुनर्जागरण की मुहिम है, जो लोगों को आत्मबोध, सेवा, संस्कार और समाजनिर्माण की ओर उन्मुख करेगा।




### बंगाल में महालया के दिन होगा संघ शताब्दी समारोह का प्रमुख आयोजन

**कोलकाता।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने अपनी स्थापना के सौ वर्ष पूरे होने पर आयोजित होने जा रहे सबसे बड़े आयोजन में बंगाल के लिए विशेष व्यवस्था बनाई गई है।

विजयादशमी पर होने वाला यह महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम बंगाल में महालया (नवरात्र की पूर्व संध्या) के दिन होगा। इसे बंगाली भावनाओं को सम्मान देने की एक रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है।

## बीजेपी गौभक्त होने का दिखावा करती है : गहलोत

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पशुपालकों से जुड़ी योजनाओं को लेकर राज्य की भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार में लंपी वायरस से मरी गायों के बदले पशुपालकों को 40,000 रुपये प्रति गाय की आर्थिक सहायता दी गई थी। साथ ही भविष्य के लिए कामधेनु पशु बीमा योजना भी शुरू की गई थी। गहलोत ने कहा कि भाजपा सरकार ने कांग्रेस की



उस योजना को बंद कर मंगला पशु बीमा योजना लागू की, लेकिन इसकी शर्तें इतनी जटिल थीं कि पशुपालकों की इसमें रुचि नहीं रही। उन्होंने आरोप लगाया कि आज भी कई जिलों में पंजीकरण के बावजूद मरे हुए गायों और अन्य पशुओं के लिए किसी भी पशुपालक को बीमा योजना का लाभ नहीं मिला है। गहलोत ने भाजपा को "दिखावटी गौभक्त" बताते हुए लिखा कि असल में भाजपा सरकार किसानों और पशुपालकों के प्रति असंवेदनशील है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सिर्फ नाम के लिए गौभक्त बनती है, लेकिन व्यवहार में उसका रवैया अलग होता है। पूर्व मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार से मांग की कि पशुपालकों को वास्तविक लाभ देने वाली योजनाओं को फिर से लागू किया जाए।

**सशक्त** *सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के कीर्तिमान ने जन-जन के जीवन में खुशहाली का नया अध्याय लिखा है*

## 'आत्मनिर्भर भारत ने देश को संकल्प से सिद्धि की ओर अग्रसर किया'

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के यशस्वी नेतृत्व के विगत 11 वर्ष नए भारत के दृष्टिकोण से सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर यात्रा के प्रतिमान हैं। इन दिनों में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के कीर्तिमान ने जन-जन के जीवन में खुशहाली का नया अध्याय लिखा है। हमारा भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति के रूप में स्थापित हुआ है। वर्ष 1947 में देश की अर्थव्यवस्था विश्व में 15वें थान पर थी। वहीं अर्थशास्त्री डॉ. मनमोहन सिंह के कार्यकाल में 11वें स्थान पर रही, किंतु मोदीजी ने चहुंओर दिशाओं




में कार्य करते हुए आज देश की अर्थव्यवस्था को बहुत ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है। उनका कार्यकाल बिना किसी के साथ भेदभाव किए, तुष्टीकरण से मुक्त विकसित भारत का अमृत काल है, जिसमें सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के अब तक के 11 साल पूर्ण हुए हैं। उक्त बातें भोपाल स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहीं। डॉ. यादव ने कहा, आज प्रधानमंत्री मोदी को सऊदी अरब से लेकर अमेरिका तक सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय सम्मान मिले हैं, जो वर्तमान में भारत की ताकत को दशार्ता है। यह भारत में मोदी सरकार का कार्यकाल अभूतपूर्व निर्णयों का दौर है। जिसके बारे में लोग कल्पना भी नहीं करते थे, वे निर्णय भी धरातल पर उतारे गए हैं। राम मंदिर का निर्माण सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार शांतिपूर्वक होना यह कोई छोटी उपलबधि नहीं, क्योंकि इससे पहले देश भर को डर दिखाया जाता था कि यदि राममंदिर के समर्थन में निर्णय आया तो देश में अराजकता फैल जाएगी।

वहीं अनुच्छेद 370 हटाकर कश्मीर में विकास और शांति का नया युग शुरू हुआ। तीन तलाक कानून के जरिये मुस्लिम बहनों को न्याय भी मोदी सरकार के रहते संभव हो सका। यह सब होते हुए देश में शांति का बने रहना वास्तव में मोदी सरकार की बड़ी उपलबधि है।